वर्ष : 16 अंक : 278 लखनऊ सोमवार, 14 अक्टूबर 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मौसम
सूर्योदय : 6:05
सूर्यास्त : 5:39
अधिकतम : 31:00°
न्यूनतम : 22:00°



परिवार के साथ श्रीलंका में जन्मदिन मनायेंगी पूजा हेगड़े 10

लोगों के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है... 2
चिकित्सा के क्षेत्र में नैतिकता के क्यों... 6
खालिस्तानियों पर शिकंजा कसे कनाडा 12

## एक नजर

### मोदी ने किया सरप्राइज विजिट

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारत मंडपम में पीएम गतिशक्ति अनुभूति केंद्र का औचक दौरा किया। अनुभूति केंद्र में पीएम गतिशक्ति की प्रमुख विशेषताओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। पीएम मोदी ने गतिशक्ति के प्रभाव के कारण देश भर की विकास परियोजनाओं की योजना और कार्यान्वयन में हुई प्रगति की सराहना की।

### अरबों की कोकीन बरामद

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार की मादक पदार्थों के खिलाफ के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति और नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत दिल्ली पुलिस एवं गुजरात पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में 5,000 करोड़ रुपये मूल्य की 518 किलोग्राम कोकीन बरामद की है। सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और गुजरात पुलिस ने रविवार को गुजरात के अंकलेश्वर में अवकार ड्रग्स लिमिटेड कम्पनी की तलाशी में 518 किलोग्राम कोकेन बरामद की।

### शपथ ग्रहण 17 को

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के करीब नौ दिन बाद यानि 17 अक्टूबर, 2024 को नायब सिंह सैनी प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। पंचकूला के दशहरा ग्राउंड में सैनी दूसरी बार सीएम पद की शपथ लेंगे जिससे वह अपनी नई पारी की शुरुआत करेंगे। पहले शपथ ग्रहण समारोह 10 अक्टूबर को होना था, लेकिन किसी कारण इसकी तारीख बदल दी गई।

### भूख हड़ताल करेंगे

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म के मामले में इंसाफ के लिए डॉक्टर्स भूख हड़ताल पर हैं। आज नौवें दिन भी चली इस हड़ताल के बीच भारतीय चिकित्सा संघ ने प. बंगाल में न्याय दिलाने के लिए हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों के समर्थन में 15 को देशव्यापी भूख हड़ताल की घोषणा की है।

# विसर्जन जुलूसों पर फायरिंग, पथराव के बाद उपद्रव

## बहराइच में युवक की मौत के बाद हिंसा, 4 घर फूंके

» उग्र भीड़ ने कई वाहनों में आग लगाई

» इलाके में तनाव, भरी पुलिस बल और पीएसी तैनात




रविवार को बहराइच में हिसंक भीड़ ने वाहनों का फूंक दिया।

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** जिले के महराजगंज में रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर एक समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव कर दिया। इससे जुलूस में भगदड़ मच गई। इसी बीच उपद्रवियों ने फायरिंग कर दी, जिससे एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद उग्र भीड़ ने चार घरों को जलाकर खाक कर दिया। इस वारदात के बाद घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस और पीएसी को तैनात कर दिया गया है। नाराज लोगों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू करा दिया है। देर रात तक मूर्तियां विसर्जित नहीं हो सकी थी। एसपी ने थानाध्यक्ष और चौकी इंचार्ज को संस्पेंड कर दिया है।

जिले के रेहुआ मंसूर गांव की प्रतिमा रविवार शाम को विसर्जन के लिए रवाना हुई। जुलूस हरदी थाना क्षेत्र के महाराज गंज बाजार में पहुंची। बाजार निवासी अब्दुल हमीद के घर के सामने से निकल रहे जुलूस में लोग जयकारा लगा रहे थे। इसी दौरान मूर्तियों पर लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। पथराव के बीच ही उपद्रवियों ने गोली चला दी। गोली लगने से रेहुआ मंसूर गांव निवासी 22 वर्षीय राम गोपाल मिश्रा पुत्र कैलाश नाथ उर्फ पुताई घायल हो गए। उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच में रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यह सूचना महाराज गंज बाजार पहुंची, तो गुस्साए लोगों ने वाहनों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी।



"बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने वाले नहीं बचेंगे। उन्होंने उपद्रवियों की पहचान कर कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिये और धार्मिक संगठनों से संवाद कर समय से प्रतिमा विसर्जन कराने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार सभी को सुरक्षा की गारंटी देती है। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहें। जिनकी लापरवाही से घटना घटी है, उन्हें भी चिन्हित कर कार्रवाई होगी।

–योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

### बलिया में चले लाठी डंडे, तीन जख्मी

**बलिया।** बलिया जिले के बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के राजगांव खरौनी गांव में रावण का पुतला दहन करने के दौरान डीजे बजाने को लेकर दो समितियों से जुड़े लोगों के बीच जमकर चले लाठी-डंडों से तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक घायल को गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में दोनों पक्षों के कुल 24 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर 14 लोगों को पुलिस हिरासत में ले लिया। बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के राजगांव खरौनी गांव में शनिवार को रात साढ़े दस बजे रावण का पुतला दहन करने के दौरान दो समितियों से जुड़े लोगों के बीच डीजे बजाने को लेकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी-डंडे और कुर्सियों से हमला किया। कोतवाल समेत पुलिस के जवान बीच-बचाव करते देखे गए। इस वारदात को लोगों ने सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया है।

## गोंडा में भी माहौल बिगाड़ने की कोशिश, पत्थर फेंके

» पुलिस खंगाल रही है सीसीटीवी फुटेज

» सब्जी के ठेले वालों मारपीट, लूटपाट



गोंडा में शनिवार को उग्र भीड़ से शांति की अपील करती पुलिस।

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोंडा।** शनिवार की शाम दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जा रहे जुलूस पर स्टेशन रोड नूर मल मंदिर के पास पत्थर फेके जाने की घटना को लेकर हंगामा हो गया। आक्रोशित लोगों ने जमकर बवाल किया। करीब एक घंटे तक जुलूस में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने स्थिति को संभालते हुए सख्त रुख अख्तियार कर लोगों को समझा बुझकर माहोल को शांत कराया।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि जनपद में दशहरा और दुर्गा पूजा का कार्यक्रम पूरे हर्षो उल्लास के साथ चल रहा था। शाम करीब 7:00 बजे स्टेशन रोड नूरामल मंदिर के पास दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन जुलूस के दौरान भीड़ से किसी ने पुलिस को सूचना दी की उनके ऊपर कहीं से पथराव हुआ है। इस घटना के बाद वहां भीड़ जुटने लगी है। तत्काल पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर भीड़ को समझा बुझा कर स्थिति को सामान्य किया गया और सभी दुर्गा प्रतिमा का शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल तरीके से विसर्जन कराया गया। घटनस्थल पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल को तैनात कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

इस दौरान उपद्रवियों की भीड़ ने स्टेशन रोड रेलवे तालाब के सामने सड़क किनारे फुटपाथ और ठेले पर सब्जी बेचने वालों से मारपीट की।भीड़ ने ठेले पर रखी सब्जी को पलट दिया और सब्जी दुकानदारों के मोबाइल बैटरी, पैसे लूट ले गए। सब्जी दुकानदार वकील और सोनू ने बताया कि भीड़ में मौजूद लोगों ने हम लोगों को बुरी तरीके से मारा-पीटा। इसके अलावा इबरार, मजचू, साहिल, सलमान, अकरम के ठेले को भी पलट कर पैसे लाइट की बैटरी को लूट ले गए। उपद्रव में शामिल लोगों की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाल रही है। रविवार को सीओ सिटी सौरभ कुमार वर्मा बड़ागांव स्टेशन रोड नूरामल मंदिर, महारानीगंज घोसियाना, अग्रसेन चौराहे के आसपास के सड़क की दोनों साइड पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को चेक किया।

## हिजबुल्लाह के 50 लड़ाकों को मार गिराने का दावा

» 200 से अधिक हिजबुल्लाह के लक्ष्यों को निशाना बनाया

**एजेंसी**

**बेरूत।** इजरायल की ओर से लेबनान में आतंकी गुट हिजबुल्लाह के खिलाफ हमले जारी हैं। इजरायली रक्षा बलों ने कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में दक्षिणी लेबनान में आमने-सामने की मुठभेड़ों में हिजबुल्लाह के 50 आतंकवादियों को मार गिराया और वायु सेना के हमलों का निर्देश दिया है।

आईडीएफ ने कहा कि उसने उत्तरी इजरायल के इलाकों और सेना बलों को निशाना बनाकर भूमिगत सुरंग शाफ्ट, कई हथियार भंडारण बुनियादी ढांचे, रॉकेट लांचर, मोर्टार बम और एंटी-टैंक मिसाइलों सहित 200 से अधिक हिजबुल्लाह के लक्ष्यों को निशाना बनाया। बयान में कहा गया कि इजरायली वायु सेना ने सीरिया-लेबनान सीमा पर भूमिगत सुविधाओं को निशाना बनाकर अभियान भी चलाया जहां हिजबुल्लाह के हथियार रखे हुए थे। इस बीच, इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में अपना अभियान जारी रखा और सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया। साथ ही, टैंक फायर, शॉर्ट-रेंज फायर वायु सेना के हमलों के माध्यम से कई आतंकवादियों को मार गिराया।

दूसरी ओर, हिजबुल्लाह ने घोषणा की कि वह उत्तरी इजरायल में उन आवासीय भवनों और ठिकानों को निशाना बनाएगा जिनका उपयोग इजरायली सेना करती है और नागरिकों को अगली सूचना तक इन इमारतों से दूर रहने की चेतावनी दी।

### लखीमपुर के नाराज भाजपा विधायक ने लौटाए गनर

**लखीमपुर खीरी।** नौ अक्टूबर को लखीमपुर में हुई मारपीट में कार्रवाई न होने से नाराज भाजपा विधायक योगेश वर्मा ने सुरक्षा में बढ़ाए गए दो गनर को वापस लौटा दिया। पुलिस अफसरों को इसकी जानकारी मिली, तो हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने गनर को फिर वापस विधायक के पास भेज दिया है। अधिकारी विधायक को मनाने की कोशिश कर रहे हैं। उधर विधायक का फोन बंद है। वह अधिकारियों से नहीं मिल रहे हैं।

बीते बुधवार को अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के डेलीगेट चुनाव में भाजपा विधायक योगेश वर्मा के साथ मारपीट और अभद्रता हुई थी। यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बना है। इस घटना के बाद एसपी गणेश प्रसाद साहा ने विधायक की सुरक्षा में दो गनर और बढ़ा दिए थे। विधायक के पास एक गनर रहता था पर घटना के बाद उनकी सुरक्षा में तीन गनर लगाए गए थे।

## डासना मंदिर जाने का प्रयास, भीड़ पर लाठीचार्ज

### कई लोग घायल, भाजपा विधायक ने हाईवे पर महापंचायत बुलाई

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** यति नरसिंहानंद के समर्थकों और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं की ओर से रविवार को डासना देवी मंदिर में बुलाई गई हिंदू महापंचायत को गाजियाबाद पुलिस ने नहीं होने दिया। टकराव की स्थिति तब बन गई, जब आक्रोशित कार्यकर्ता और भीड़ ने जबरन बैरिकेड हटाकर मंदिर की तरफ जाने का प्रयास किया। पुलिस ने भीड़ में शामिल लोगों को चेतावनी दी। बताया जाता है कि भीड़ में शामिल लोग जब नहीं मानें और उन्होंने पुलिस की ओर से लगाए गए बैरिकेड हटा दिए तब फोर्स को लाठीचार्ज करना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, डासना में पुलिस ने भीड़ को बैरिकेड्स लगाकर रोका हुआ था। कुछ लोगों ने हंगामा करते हुए जबरन बैरिकेड्स हटाने का प्रयास किया। समझाने के बावजूद न मानने पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर लाठी भांजी, जिसके बाद भीड़ तितर-बितर हो गई। लाठीचार्ज में कई लोग घायल बताए गए हैं। इसके अलावा भी कई बार हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं और पुलिस में नोकझोंक और तकरार देखने की मिली। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में भी लिया है।



हाइवे पर रविवार को महापंचायत के दौरान तैनात पुलिस के जवान।

बताया जाता है कि हिंदू महापंचायत बुलाए जाने के ऐलान को देखते हुए पुलिस ने पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया था। पुलिस ने जब लोगों को महापंचायत में शामिल होने नहीं दिया, तब लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर अपने समर्थकों और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ एनएच-9 पर ही बैठ गए।

### नाबालिग रेप पीड़िता को 29 हफ्ते का गर्भ गिराने की इजाजत

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने 14 साल की एक रेप पीड़िता को मेडिकल बोर्ड के ओपीनियन के खिलाफ 29 हफ्ते का गर्भ गिराने की इजाजत दे दी है। जेजे अस्पताल के मेडिकल बोर्ड ने गर्भपात के खिलाफ अपने विचार रखे थे। जस्टिस सारंग कोटवाल और नीला गोखले की बेंच ने कहा, पीड़िता की सुरक्षा और इच्छा किसी अन्य चीज से ज्यादा महत्वपूर्ण है।

बता दें कि पीड़िता की प्रेग्नेंसी 24 सप्ताह की सीमा को पार कर चुकी थी। इसके बाद पीड़िता की मां ने हाई कोर्ट का रुख किया। पीड़िता के मां-बाप दिहाड़ी मजदूर हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि एक जानने वाले शख्स ने ही जुलाई में उसके साथ रेप किया था। 1 अक्टूबर को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धारा और पॉक्सो के तहत केस दर्ज किया गया था। उस वर्क वह 27 हफ्ते की प्रेग्नेंट थी।

## महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या

### कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ली जिम्मेदारी

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और अजित पवार की पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार को सरेआम दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। उनकी हत्या 9 एमएम पिस्टल से की गई है। कई दिनों की रेकी के बाद इस वारदात को अंजाम दिया गया। गोली लगाने के तुरंत बाद बाबा को नजदीकी लीलावती असप्तक में भर्ती कराया गया।जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाबा पर 5 राउंड से ज्यादा गोलियां चलाई गई, जिसके शेल सड़क पर गिरे पुलिस को मिले। शाम को भारी सुरक्षा के बीच बाबा को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

इस बीच बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। उसके गैंग ने सोशल मीडिया पोस्ट कर लिखा है, 'सलमान खान और दाऊद की मदद करने वालों को छोड़ेंगे नहीं।' इस पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप और अनमोल बिश्नोई को हैशटैग किया गया है। फिलहाल पुलिस पोस्ट की जांच कर रही है। लॉरेंस अभी गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। इसी साल 14 अप्रैल को सलमान के घर के बाहर फायरिंग में भी उसका नाम आया था।



» लिखा, सलमान व दाऊद की मदद करने वालों को छोड़ेंगे नहीं

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों से पहले इस सनसनीखेज वारदात ने राजनीतिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है। बाबा सिद्दीकी महाराष्ट्र की राजनीति में एक प्रतिष्ठित और बड़ा नाम थे। उनकी हत्या से राज्य की सियासत में उबाल आ गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बाबा सिद्दीकी की हत्या पर अपना बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि बाबा सिद्दीकी की मौत की खबर आई है। पुलिस कमिश्नर ने मुझे बताया कि घटना में शामिल हमलावरों में से एक हरियाणा और दूसरा उत्तर प्रदेश से है। पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है और अब तक 2 शूटरों को गिरफ्तार किया जा चुका है, एक अभी भी फरार है।

## राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना पर फिर उठाए सवाल

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** नासिक स्थित मिलिट्री कैंप के आर्टिलरी सेंटर में फायरिंग अभ्यास के दौरान दो अग्निवीरों की जान चली गई। फील्ड गन से निकले गोले के फटने से इन अग्निवीरों की मौत हुई। अब इस मुद्दे पर सियासी पारा चढ़ने लगा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नासिक की घटना पर रिएक्ट किया है। उन्होंने दो अग्निवीरों की शहादत को लेकर एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने एक बार फिर अग्निवीर योजना पर सवाल उठाते हुए केंद्र सरकार से कुछ सवाल पूछे हैं।

राहुल गांधी ने रविवार को एक्स पर पोस्ट में कहा, 'नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीर - गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित - का निधन एक दर्दनाक घटना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है जिनका जवाब देने में भाजपा सरकार असफल रही है।' राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में बैक टू बैक कुछ सवाल भी उठाए हैं। केंद्र से इन सवालों के जवाब मांगे हैं।



» पूछा- क्या गोहिल व सैफत के परिवारों को मिलेगा मुआवजा ?

## भाजपा के 9 प्रत्याशी हाईकमान ने किये फाइनल

### मीरापुर सीट आरएलडी को मिलेगी, निषाद को मनाएंगे भूपेंद्र और दोनो डिप्टी सीएम

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा उप चुनाव को लेकर भाजपा हाईकमान ने अपने सभी प्रत्याशियों के नामों पर मुहर लगा दी है। रविवार की शाम दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर बैठक हुई। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, सीएम योगी और दोनों डिप्टी सीएम केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक शामिल रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी थे। तय हुआ कि 9 सीटों पर भाजपा प्रत्याशी उतारेगी। प्रत्याशियों के नाम भी फाइनल हो गए हैं। अधिकांश सीटों पर नए चेहरे उतारे जाएंगे। उप चुनाव की तारीख का ऐलान होते ही भाजपा प्रत्याशियों के नामों का ऐलान होगा।

मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट गठबंधन में रालोद को दी जाएगी। यह सीट इससे पहले भी रालोद के पास ही थी। निषाद पार्टी को सीधे तौर पर कोई सीट नहीं मिलेगी। भूपेंद्र चौधरी और केशव मौर्य-ब्रजेश पाठक को निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद को मनाने की जिम्मेदारी दी गई है। सूत्रों के मुताबिक यूपी सरकार और संगठन ने केंद्रीय नेतृत्व को आश्वस्त किया है कि उप चुनाव में अधिकांश सीट भाजपा जीतेगी। सरकार में भाजपा की सहयोगी निषाद पार्टी की ओर से कटेहरी और मझवां सीट की मांग की जा रही है। निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद का तर्क है कि विधानसभा चुनाव में दोनों सीटें गठबंधन में उनकी पार्टी को मिली थी। लिहाजा गठबंधन धर्म का पालन करते हुए भाजपा को उप चुनाव में भी ये दोनों सीटें निषाद पार्टी को देनी चाहिए।



यूपी उपचुनाव

सूत्रों के मुताबिक, विधानसभा उप चुनाव के लिए मिल्कीपुर, कटेहरी, फूलपुर, करहल, गाजियाबाद, मझवां, कुंदरकी, खैर और सीसामऊ सीट से टिकट के दावेदारों ने दिल्ली में डेरा जमाया है। दावेदारों ने दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ केंद्रीय मंत्रियों के यहां भी गुहार लगाई है। यूपी में भाजपा ने हर सीट पर तीन से चार नाम का पैनल तैयार किया है।

### गौरी लंकेश हत्याकांड के आरोपियों को मिली जमानत

**बेंगलुरु।** सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या के आरोपी दो लोगों को 9 अक्टूबर को एक विशेष अदालत ने जमानत दे दी। जमानत मिलने पर अपने गृहनगर विजयपुरा लौटे हत्या के आरोपियों का स्थानीय हिंदू समर्थकों द्वारा माला पहनाकर, नारंगी शॉल भेंट करके और उत्सव गीतों के साथ स्वागत किया। उन दोनों को छत्रपति शिवाजी की मूर्ति के पास ले जाया गया जहां पर दोनों ने मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वे पूजा करने के लिए कालिका मंदिर गए।

हत्याकांड के आरोपियों का स्वागत करने वाले समर्थकों का दावा है कि उन्हें गलत तरीके से कैद किया गया था। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, गौरी लंकेश हत्याकांड मामले में वाघमोरे और यादवे के अलावा, अमोल काले, राजेश डी बंगेरा, रामचंद्र बद्दी को 9 अक्टूबर को जमानत दे दी गई थी।

**खुलासा** 1971 के पाक युद्ध में अमेरिकी विमानवाहक पोत बंगाल की खाड़ी में भेजने पर सोचने को मजबूर हुआ भारत

## जब रॉ ने बनाया था अमेरिकी नौसेना की जासूसी का प्लान

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के रिश्तों की मजबूती आज दुनिया देख रही है और ये लगातार बढ़ती ही जा रही है, लेकिन हमेशा से ऐसा नहीं था। एक समय तो ऐसा भी था जब भारत की खुफिया एजेंसी रिचर्च एंड एनालिसिस विंग यानी रॉ ने अमेरिका के खिलाफ जासूसी करने के लिए वैश्विक खुफिया गठबंधन बनाया था। ये कहानी है 1970 के दशक की और इसमें दो देश शामिल थे। इनमें एक तो पश्चिम में अमेरिका का सहयोगी ही था। यह एक बहुत ही दिलेरी भरा मिशन था और भारत के लिए बहुत जरूरी था।

वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद से अमेरिका के साथ नई दिल्ली के रिश्ते मुश्किल हो गए थे। भारत-पाक युद्ध में अमेरिका ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया और बंगाल की खाड़ी में अपना विमानवाहक पोत यूएसएस इंटरप्राइजेज को भेज दिया था। इस घटना के बाद भारत ने महसूस किया कि उसे अमेरिकी नौसेना के बारे में खुफिया जानकारी रखने की आवश्यकता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने रॉ के पहले प्रमुख आरएन काव से अमेरिकी पर जासूसी करने को कहा, लेकिन काव को पता था कि रॉ अकेले ऐसा नहीं कर सकता। इसके लिए भारत को विदेशी सहयोगियों की आवश्यकता थी। रॉ ने पहले सोवियत रूस की केजीबी से अमेरिकी सेना की खुफिया जानकारी मांगी, लेकिन जल्द ही समझ आ गया कि यह भी काफी नहीं था। ब्रिटेन, जर्मनी और इजरायल जैसे देश अमेरिका के करीब थे और भारत की मदद नहीं करने वाले थे।



लेकिन एक पश्चिमी देश था जो भारत की मदद कर सकता था। यह था फ्रांस और काव ने फ्रांस की शीर्ष विदेशी खुफिया एजेंसी एसडीइसीइ के प्रमुख से संपर्क किया। भारतीय खुफिया एजेंसी में अपने अनुभवों पर बी रमन ने 'काव बॉयज ऑफ रॉ' पुस्तक लिखी है। इसमें उन्होंने भारत की योजना के बारे में बताया है। रमन ने अपनी किताब में बताया कि फ्रांस कागजों पर अमेरिका का सहयोगी था, लेकिन यह अमेरिका के प्रति संदेह रखता था। यही वजह थी कि फ्रांस रॉ और भारत की मदद करने के लिए सहमत हो गया। लेकिन फ्रांस एक और अमेरिकी सहयोगी ईरान को शामिल करना चाहता था। ईरान पर शाह मोहम्मद रेजा पहलवी का शासन था। ईरान के शाह को यह विचार पसंद आया और जल्द ही ईरानी खुफिया एजेंसी सावक ने भारत के साथ काम करना शुरू कर दिया। 1975 और 1976 में पेरिस, तेहरान और नई दिल्ली में गुप्त बैठकें हुईं, जिसके बाद एक योजना बनी।

योजना थी कि भारत अपने पूर्वी और पश्चिमी तटों पर दो प्रमुख निगरानी स्टेशन स्थापित करेगा। साथ ही प्रमुख हिंद महासागर देशों में भी स्टेशन स्थापित गिए गए जाएंगे। फ्रांस उपकरण और विशेषज्ञता प्रदान करेगा, जबकि ईरान पैसे देगा, लेकिन जल्द ही समस्या आ गई। हिंद महासागर के देश भारतीय जासूसी स्टेशन की मेजबानी नहीं करना चाहते थे। यह खबर सार्वजनिक होती को घरेलू स्तर पर बड़ा विवाद खड़ा होगा। रॉ अभी इस पर काम कर ही रहा था कि एक बड़ा संकट आ गया। 1979 में हुई इस्लामी क्रांति ने ईरान के शाह को सत्ता से हटा दिया। इससे ईरान साझेदारी से बाहर हो गया। ईरान के बाहर होने के कारण परियोजना के लिए आवश्यक धन का संकट खड़ा हो गया। इस तरह ये महत्वाकांक्षी योजना का अंततः अंत हो गया।

## जरूरत पड़ी तो दुश्मन पर पूरी ताकत से झोंक देंगे हथियार : राजनाथ

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी किसी देश पर घृणा या द्वेष के कारण आक्रमण नहीं किया, लेकिन अगर इसके हितों को खतरा हुआ तो हम बड़ा कदम उठाने में संकोच नहीं करेंगे। विजयादशमी के अवसर पर सिंह ने पश्चिम बंगाल के सुकना सैन्य स्टेशन पर शस्त्र पूजा की। उन्होंने कहा कि यह अनुष्ठान एक स्पष्ट संकेत है कि अगर आवश्यकता हुई तो हथियारों व उपकरणों का पूरी ताकत से उपयोग किया जाएगा। सुकना स्थित 33 कोर को त्रिशक्ति कोर के नाम से जाना जाता है। यह सिक्किम सेक्टर में चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है।



» भारत ने किसी देश पर घृणा या द्वेष से नहीं किया आक्रमण

रक्षा मंत्रालय ने बयान में सिंह के हवाले से कहा, 'भारत ने कभी भी किसी देश पर घृणा या बुरी नीयत से हमला नहीं किया। हम तभी लड़ते हैं जब कोई हमारी अखंडता और संप्रभुता का अपमान करता है या उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है।

# लोगों के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है सरकार

## जनता दर्शन में 300 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री योगी ने, संतुष्टिपरक निराकरण के दिए निर्देश

» बोले सीएम योगी– नहीं होने देंगे किसी के साथ अन्याय

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**गोरखपुर।** शारदीय नवरात्र और विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में लगातार तीन दिन आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में अति व्यस्तता के बाद आराम करने की बजाय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की सुबह जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दी।

गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में सीएम योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। सीएम योगी ने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाएं। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर नागरिक के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को



जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते सीएम योगी।

संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ति की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में हर बार की भांति इस बार भी कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए प्यार व आशीर्वाद दिया।

# कुश्ती के लिए अब सपा मुहैया कराएगी मैट

## पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की याद में समाजवादी दंगल केसरी का समापन

» समाजवादी पार्टी पहलवानों की पार्टी : अखिलेश यादव

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** कुश्ती हमारी संस्कृति व परंपरा से जुड़ी है। देश के इस पुराने खेल का वर्णन रामायण-महाभारत में भी मिलता है। स्वयं श्रीकृष्ण ने 12 साल की आयु में एक बड़े नामी पहलवान को हराया था। समाजवादी पार्टी के संस्थापक श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव का कुश्ती से बहुत लगाव था। समाजवादी पार्टी पहलवानों की पार्टी है। अब मिट्टी में कुश्ती की जगह मैट पर कुश्ती कराने के लिए समाजवादी पार्टी मैट उपलब्ध कराएगी।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हरिश्चंद्र इंटर कॉलेज के खेल मैदान,



पहलवान को सम्मानित करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

सदर बाजार कैंट, लखनऊ में 139वें अखिल भारतीय मस्ता पहलवान (गुरूजी) लखनऊ केसरी बउवा पहलवान, स्मारक विराट ईनामी दंगल में पूर्व रक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की याद में समाजवादी दंगल केसरी के समापन पर व्यक्त किए। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी मौजूद थे। पुरोहित श्रीनिवास पाण्डेय ने तिलक लगाकर अखिलेश यादव को आशीर्वाद दिया।

श्री यादव ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने जीवन भर कुश्ती व खेलों को बढ़ाया। उन्होंने दंगल के आयोजक श्री विवेक यादव और मंच पर मौजूद यशभारती सम्मानित पहलवान भगत सिंह और रामआसरे पहलवान को बधाई देते हुए कहा कि ओलंपिक और एशियाड की कुश्ती की तर्ज पर यहां भी मैट पर कुश्ती की जरूरत बताई ताकि पहलवान आगे प्रतियोगिता में जा सकें और इसके लिए मैट उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने इस तरह सभी पहलवानों के दिल जीत लिए। श्री यादव ने दंगल में एकत्र भारी जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश-प्रदेश से जो पहलवान आए हैं वे बहुत मेहनत करके यहां तक आए हैं। कुश्ती में रोमांच है। पहलवान के शरीर पर जो पसीना आता है वह जब मिट्टी से मिलता है तो कुश्ती होती है।

श्री यादव ने कहा कि हल्दी, चंदन, कड़वा तेल आदि सामग्री से बनी मिट्टी में जब पहलवान लड़ते थे तो उनका शरीर अच्छा होता था। पांच दस साल गाड़ी चलाने से लाभ नहीं होगा लेकिन इतने वर्षों में कुश्ती मेडल दिला सकती है। उन्होंने बताया कि समाजवादी सरकार में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का इकाना स्टेडियम बना था खेलकूद को काफी प्रोत्साहन मिला था। खिलाड़ियों को यशभारती पुरस्कार तथा मदद दी गई थी। अखिलेश यादव ने अंत में सभी को विजयादशमी पर्व की बधाई दी और कहा कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत का दिन है। श्री यादव द्वारा इस मौके पर गाजियाबाद के पहलवान शक्ति यादव और हरियाणा के सुमित को बराबर पर छूटी कुश्ती के लिए 51 हजार रुपये की धनराशि दी गई। 41 हजार की कुश्ती आशीष यादव सदर (अखाड़ा) और गोलू (इटावा) के बीच हुई। अखिलेश यादव ने कई अन्य पहलवानों को भी ईनाम बांटे। इस अवसर पर सुशील दीक्षित, सीएल वर्मा, देवेन्द्र सिंह जीतू यादव पार्षद, अजय यादव, कैलाश यादव, अनार सिंह अन्नू, ज्ञानेश्वर शर्मा, रजनीश सिंह, दिनेश यादव पूर्व पार्षद, मोहम्मद शमीम, आशीष यादव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# बांध पर तैरता इंटेक हजारों ग्रामीणों की बुझा रहा प्यास

» सोनभद्र की नई पहचान बना धंधरौला बांध पर तैरता इंटेक वेल, 5 सीडब्ल्यूआर भी बनाए गये

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**सोनभद्र/लखनऊ।** सोन नदी के किनारे बसे सोनभद्र जिले में जल जीवन मिशन की सबसे अनोखी योजना बनकर तैयार है। बेलाही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के तहत धंधरौल हुए नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव को जानकारी दी गई। जिसके बाद उन्होंने इन नई विधि से सोनभद्र में पेयजल की चुनौतियों से निपटने का निर्णय लिया और फ्लोटिंग इण्टेक सिस्टम का कार्य प्रारंभ किया गया। जनपद-सोनभद्र क्षेत्रफल की दृष्टि से यूपी का दूसरा सबसे बड़ा जिला है जो 4 राज्यों मध्य प्रदेश, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ एवं बिहार से घिरा हुआ है।



सोन नदी के किनारे सबसे अनोखी योजना बनकर तैयार।

बांध पर तैरता इंटेक दिखाई देगा। इंटेक से जुड़े पाइपलाइन फ्लोटर पर बांध पर तैरते हुए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाते हुए नजर आएंगे। इस तरह का नजारा आपके लिए सबसे अलग होगा। यह इंटेक 205 गांव के 23,779 ग्रामीण परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल की सप्लाई करेगा। 1 लाख 30 हजार से अधिक ग्रामीण इस योजना से लाभान्वित होंगे। इंटेक से लिया जाने वाला रॉ-वाटर वाटर ट्रीमेंट प्लांट पहुंचेगा और यहां से 7 पानी टंकियों के माध्यम से पेयजल सप्लाई की जाएगी। योजना के तहत 5 सीडब्ल्यूआर भी बनाए गये हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना यूपी के सोनभद्र जिले के लिए वरदान साबित हो रही है। यहां कभी पीने के पानी की समस्या बड़ी विकट थी। भूजल स्तर गिरा रहता था, पानी की गुणवत्ता पर भी सवाल उठते थे। जल जनित बीमारियों का खतरा मंडराता था। पर, जब से जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना का काम शुरू हुआ स्थितियां बदलने लगीं और परिवर्तन भी आया है। अब गांव-गांव में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। बीमारियां भी घटी हैं और ग्रामीणों का स्वास्थ्य भी बेहतर हो रहा है। यहां पेयजल कि समस्या को दूर करने लिए भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन "हर घर जल" कार्यक्रम के तहत जनपद में सतही श्रोत पर आधारीत 12 नग ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं का निर्माण विभिन्न फर्मों द्वारा कराया जा रहा है। योजनाओं में जल आहरण हेतु सोन नदी, रेणु नदी, धंघरौल बांध, नगवां बांध एवं रिहन्द बांध के किनारे पर पारंपरिक इण्टेकवेल का निर्माण किया जाना है। रिहन्द बांध, धंघरौल बांध एवं नगवां बांध का धरातल पथरीला होने के कारण पारंपरिक इण्टेकवेल के निर्माण में अत्यधिक समय एवं खर्च लगना था साथ ही अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने में भी काफी कठिनाईयां आ रही थीं। अतः इसके समाधान के लिये वारी पोन्टून पूणे से फ्लोटिंग इण्टेकवेल हेतु प्रस्तुतीकरण लिया गया और इसके लाभ को देखते सोनभद्र का 50 प्रतिशत भाग पहाड़ी एवं पथरीला होने के कारण भूमिगत जल में अशुद्धिया एवं जलस्तर कम है। यह संरचना जल कि सतह पर तैरती रहती है जिस कारण इसे आसानी से अत्यधिक जल की उपलब्धता वाले स्थान पर स्थानान्तरीत किया जा सकता है।. जिन स्थानों पर वॉटर बेसिन के अन्दर पत्थर या चट्टाने पायी जाती है वहाँ पारम्परिक इण्टेकवेल का निर्माण किया जाना अत्यधिक कठिन होता है। ऐसे स्थानों के लिए फ्लोटिंग इण्टेक सिस्टम एक मात्र आसान विकल्प है। इस संरचना के निर्माण एवं रख रखाव की लागत पारम्परीक इण्टेकवेल से कम है। इस संरचना द्वारा सतही जल निरन्तर प्राप्त किया जा सकता है। वाटर बेसिन में जल की मात्रा अत्यधिक होने या कम होने पर भी आहरीत जल की गुणवत्ता पर कोई प्रभाव नही पड़ता है। फ्लोटिंग इण्टेक सिस्टम में लगने वाली पाईप लाईन को फ्लोटिंग ब्रीज या वे लाईन से जोड़कर एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जाता है, जिसमे किसी प्रकार के चैम्बर एवं ट्रैन्च खुदाई की आवश्यकता नही होती है। जिस कारण से पाईप लाईन का रख रखाव कम खर्चीला एवं आसान होता है।

# सहारनपुर सांसद इमरान का श्रीराम के प्रति उमड़ा प्रेम

## बोले–हम राम के वंशज, जितने आपके, उतने हमारे भी हैं राम

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर में कांग्रेस से सांसद इमरान मसूद धार्मिक कार्यक्रमों में भगवान श्रीराम का बखान कर रहे हैं। श्रीराम के प्रति प्रेम लोकसभा चुनाव से उन्हें लगा है। दशहरा पर्व पर उन्होंने कहा- राम जितने आपके हैं, उतने ही हमारे भी हैं। भगवान श्रीराम ऐसे आदर्श व्यक्ति थे जो त्याग, समर्पण, न्याय, करुणा और कर्तव्य के प्रति के रूप में पूजे जाते हैं। वहीं यति नरसिंहानंबद के बयान को लेकर कहा- वे मानसिक रूप से बीमार है, उन्हें सख्त सजा मिलनी चाहिए।

रेलवे क्वार्टर रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित दशहरा पर्व पर कांग्रेस से सांसद इमरान मसूद ने कहा- राम नारा नहीं विश्वास है। यह भौतिकता की नहीं,



दशहरा पर्व पर बोलते इमरान मसूद।

मन की प्यास है। राम नहीं मिलेंगे मंदिर के फेरों में। राम मिलेंगे सबरी के जूठे बेरों में। राम मिलेंगे मर्यादा से जीने में। राम मिलेंगे हनुमान के सीने में। मर्यादित आचरण करोगे तो राम मन में मिल जाएंगे। कहां बाहर ढूंढ़ रहे हो। राम मन में हैं। ढूंढ़ने पर पता चलेगा। सांसद इमरान मसूद ने कहा- दशहरे के त्योहार पर हम सभी को अपने अंदर की बुराइयों का त्याग कर सत्य, धर्म और मानवता की राह पर चलने का संकल्प भी लेना है। हम श्रीराम को मानने वाले हैं। हम श्रीराम के वंशज है। श्रीराम सभी की आस्था का प्रतीक है। इस देश के कण-कण में राम बसते हैं तो इनके अस्तित्व को कैसे नकार सकते हैं। राम किसी एक के नहीं सभी के हैं। सभी की उत्पत्ति एक से हुई तो अलग-अलग कैसे हो गए ?

उन्होंने कहा- श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम इसलिए कहा गया क्योंकि उन्होंने पिता और बेटे, भाई से भाई, पति से पत्नी और प्रजा से राजा के रिश्ते को नई तरीके से परिभाषित करने का काम किया। ये देश राम को है, इसके कण-कण में राम है। राम किसी विचारधारा से बंधे नहीं। उन्होंने भाजपा को टारगेट करते हुए कहा कि जितने श्रीराम तुम्हारे हैं, उतने मेरे भी हैं।

# अस्पताल में भर्ती मां का हाल जानने देहरादून पहुंचे योगी

» सीएम की मां सावित्री देवी की आंख में इंफेक्शन, 30 मिनट तक दोनों में हुई बातचीत

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ की मां सवित्री देवी की आंखों में संक्रमण उनका पीछा नहीं छोड़ रहा है। इसी मर्ज को लेकर वह इसी साल जून में एम्स में भर्ती हुईं थीं। स्थिर अवस्था में छुट्टी के बावजूद फिर से उन्हें आंखों का इलाज कराने के लिए हिमालयन अस्पताल का रुख करना पड़ा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी दो दफा मां से मिलने पहुंच चुके हैं। उम्र दराज मां की आंखों की समस्या को लेकर सीएम योगी भी काफी चिंतित दिखे। रविवार को मां से मुलाकात के दौरान उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों से बारीकी से हर स्थिति की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ हिमालयन अस्पताल में भर्ती अपनी मां सवित्री देवी का हालचाल जानने रविवार को देहरादून पहुंचे थे। करीब 30 मिनट तक



उन्होंने मां से बातचीत की। आंखों की बीमारी से जूझ रही सवित्री देवी ने बेटे सीएम योगी के चेहरे और सिर पर काफी देर तक हाथ फेरा। मुलाकात में वह सीएम का हाथ पकड़े रहीं। लौटते हुए सीएम योगी ने मांग से जल्द मिलने आने का वादा भी किया। रविवार को सीएम योगी आदित्यनाथ विमान से जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उतरे। उनके आने की सूचना पर पुलिस-प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर आ गया था।

यहां से वह वाहन से जौलीग्रांट स्थित हिमालयन अस्पताल आए। आधे घंटे तक उन्होंने 85 वर्षीय माता सवित्री देवी से बातचीत की। परिवार के अन्य सदस्य भी मुलाकात के दौरान मौजूद रहे। मां के साथ सीएम ने उनका भी हालचाल पूछा। बेटे के पहुंचने पर सवित्री देवी बीमारी में भी मुस्कारती दिखीं। उन्होंने जी-भरकर सीएम बेटे योगी आदित्यनाथ का दुलार किया। बूढ़ी मां का प्यार देख मुख्यमंत्री भी भावुक होते जरूर दिखे, लेकिन उन्होंने खुद को संभाले रखा। इलाज में जुटी अस्पताल के डॉक्टरों की टीम से आवश्यक जानकारी हासिल की।

चलते हुए उन्होंने मां सवित्री देवी से फिर आने का वादा किया। अस्पताल निदेशक डॉ. हेम चंद्रा ने बताया कि सीएम योगी की माता पिछले पांच दिनों से अस्पताल में भर्ती है। उन्हें आंखों की दिक्कत काफी दिनों हो रही थी।

# बाढ़ प्रभावित अन्नदाताओं के लिए मसीहा बनी सरकार

## क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे में किसानों को अब तक दिये करीब 164 करोड़ रुपये

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार अन्नदाता किसानों की आय में वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है तो वहीं, उन्हें होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए भी तत्पर रहती है। इसी क्रम में योगी सरकार ने प्रदेश में बाढ़ की वजह से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए इस मानसून में अब तक 163.151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया है। योगी सरकार ने प्रदेश के बाढ़ से प्रभावित रहे 34 जिलों के 3,12,866 किसानों को मुआवजा जारी किया है। सर्वाधिक मुआवजा लखीमपुर खीरी के किसानों को दिया गया है। यहां के 1.10 लाख से अधिक किसानों को 70 करोड़ से अधिक रुपये का मुआवजा दिया गया है।

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के बाढ़ ग्रस्त इलाकों में क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कराया गया ताकि अन्नदाताओं को समय से मुआवजा का भुगतान किया जा सके। उन्होंने बताया कि नेपाल और पहाड़ी क्षेत्रों से छोड़े गये पानी से प्रदेश के 34 जिलों की 110989.26 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई थी। बता दें कि बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और बाढ़ से क्षतिग्रस्त 33 प्रतिशत से अधिक फसल के नुकसान पर सरकार की ओर से मुआवजा दिया जाता है।

» 34 जिलों के 3,12,866 किसानों को वितरित की गई सहायता राशि

राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ से 3,71,370 किसानों की फसल प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष अब तक 3,12,866 किसानों को 163.151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी के 1,10,990 किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष अब तक 1,10,105 किसानों को 70.88 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। इसी तरह ललितपुर के 81,839 किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष अब तक 54,462 किसानों को 21.9 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। वहीं सिद्धार्थनगर के 30,144 किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष 29,261 किसानों को 15.41 करोड़ का मुआवजा दिया जा चुका है।

सीएम योगी के निर्देश पर बाढ़ से प्रभावित अन्नदाताओं को क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा ससमय दिया गया है। इनमें अंबेडकरनगर, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, फर्रुखाबाद, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, कुशीनगर, मऊ, मीरजापुर, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, सीतापुर और वाराणसी आदि जिले शामिल हैं। इन जिलों के बाढ़ प्रभावित 98 प्रतिशत अन्नदाताओं को अब तक क्षतिग्रस्त फसलों को मुआवजा दिया जा चुका है। शेष दो प्रतिशत अन्नदाताओं को मुआवजा देने की कार्यवाही चल रही है।

# सहारनपुर मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में गैस लीक होने से मचा हड़कंप

» बेड छोड़कर भागे मरीज, दूसरे वार्ड में कराया शिफ्ट

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यूपी के सहारनपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में गैस लीक होने से खलबली मच गई। मरीज आनन-फानन बेड छोड़कर भाग खड़े हुए। एक महिला को देर रात गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर रेफर किया गया। बाद में कॉलेज प्रशासन ने मरीजों को सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर उन्हें ऑक्सीजन चढ़वाई। हादसे के बाद अस्पताल प्रबंधन से मदद नहीं मिलने पर मरीजों ने पुलिस को कॉल करके बुलाया।

जानकारी के मुताबिक शनिवार देर रात पिलखनी स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के मेडिसन वार्ड के आइसीयू में मरीज भर्ती थे। उनका इलाज चल रहा था, तभी अचानक मरीजों और तीमारदारों की आंखों में खुजली और एलर्जी होने लगी। आईसीयू में भर्ती सभी मरीज वार्ड से बाहर आ गए। बाद में अस्पताल प्रबंधन ने मौके पर पहुंचकर मरीजों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट कराया। देर रात एक महिला मरीज की हालत बिगड़ने पर उसको हायर सेंटर रेफर किया। अस्पताल में भर्ती अन्य वार्डो के मरीजों में भी गैस रिसाव को लेकर दहशत रही। मेडिकल कॉलेज में गैस रिसाव को लेकर कॉलेज प्रशासन हरकत में आया। प्रिंसिपल डॉक्टर सुधीर राठी ने आनन-फानन तीन वरिष्ठ चकित्सकों की टीम बनाकर कमेटी का गठन किया है।

# शिकायतें हल न होने पर उपभोक्ता कर सकेंगे मुआवजे का दावा

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** बिजली विभाग के टोल फ्री नंबर-1912 पर उपभोक्ताओं द्वारा की जाने वाली शिकायतों का फर्जी निस्तारण अब विभागीय अभियंता नहीं दिखा सकेंगे। फर्जी निस्तारण पर रोक के लिए ओटीपी व्यवस्था लागू होगी। बिजली कंपनियां ओटीपी व्यवस्था लागू करने का प्लान उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में तीन महीने के अंदर देंगी। शिकायतों का निस्तारण नहीं होने पर उपभोक्ता मुआवजे के लिए दावा कर सकेगा।

विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली कंपनियों की वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) के आदेश में 1912 की शिकायतों के निस्तारण में ओटीपी व्यवस्था लागू करने को कहा है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने परिषद की इस मांग को पूरा करने पर नियामक आयोग के प्रति आभार व्यक्त किया है। अब उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड मोबाइल पर शिकायत के तुरंत बाद सेल्फ जेनरेटेड ओटीपी जारी करनी

» बिजली कंपनियां बना रहीं ओटीपी व्यवस्था लागू करने का प्लान

होगी। उपभोक्ता शिकायत दूर होने के बाद बताएगे कि उनकी शिकायत दूर कर दी गई है। इसके बाद ही उसे क्लोज किया जा सकेगा। इस व्यवस्था से शिकायतों का निस्तारण भी सही होगा और शिकायतों का निस्तारण समय से नहीं होने पर उपभोक्ता मुआवजा के लिए दावा कर सकेंगे। मुआवजे के लिए कहां करें आवेदन, इसकी विस्तृत जानकारी भी देनी होगी।

**गलत बिलिंग पर तय होगी जवाबदेही :** इसके साथ ही नियामक आयोग ने सिंगल प्वाइंट कनेक्शन लेकर बिल्डरों द्वारा उपभोक्ताओं के उत्पीड़न पर भी रोक लगाने की व्यवस्था दी है। उपभोक्ता को दिए जाने वाले बिल को सार्वजनिक करना होगा। बिजली दुर्घटनाओं होने पर निस्तारण और पीड़ित परिवार को मुआवजा कब और मिला कितना मिला, यह जानकारी वेबसाइट पर सार्वजनिक करनी होगी। बिजली कंपनियों को ईमेल व्हाट्सएप व अन्य आनलाइन माध्यम से बिल की डिलीवरी की अनुमति दी गई है। जिसमें शर्त यह होगी कि बिलिंग की जानकारी के साथ ही उस पर बिल के लिए अधिकृत प्रतिनिधि का हस्ताक्षर होगा जिससे गलत बिलिंग पर जवाबदेही तय हो सकेगी।

# सांसद आरके चौधरी ने अमन गौतम के परिजनों से की मुलाक़ात

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सेक्टर-8 विकासनगर निवासी अमन गौतम के परिजनों से मुलाक़ात कर घटना की जानकारी ली।

बताया जाता है कि दिनांक 11-10-2024 को 112 पुलिस के द्वारा अमन गौतम को डॉ. अम्बेडकर पार्क सेक्टर-8 से उठा लिया गया जिसके बाद पुलिस कस्टडी के दौरान अमन की मौत हो गई।

सांसद आरके चौधरी से परिवार ने



» सरकारी नौकरी के साथ 50 लाख का मुआवजा देने की मांग

बताया कि अमन न तो जुआ खेलता था और न ही नशा करता था। वो चंदे की रसीद काट रहा था। उसे सिर्फ दलित होने की वजह से पुलिस द्वारा उठा लिया गया और मारा पीटा गया जिससे उसकी मौत हो गई।

# दशहरा के दूसरे दिन कुप्पी युद्ध देखने को उमड़ी भीड़

» जो भी सैनिक चोटहिल हो जाता, उसका नहीं कराया जाता इलाज

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में 245 वर्ष पुराने दारानगर दशहरा मेला के दूसरे दिन राम रावण सेना के बीच होने वाले संजीव ऐतिहासिक कुप्पी युद्ध देखने के लिए आज जन सैलाब उमड़ पड़ा। रामनगर की रामलीला के तर्ज पर यहां मुकुट पूजन के साथ नवरात्र प्रथम दिन से दारानगर की रामलीला का मंचन प्रारंभ होता है। नवरात्र के 9 दिन आसपास के गांव में रामलीला का मंचन होता है। भारी सख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान राम की लीलाओं को देखते है। इसीलिए अपने मौलिकता को संजोए हुए यहां की राम-लीला आकर्षण का केंद्र बनी हुई है ।

अश्विन मास शुक्ल पक्ष की दशमी और एकादशी तिथि को मेला मैदान में राम-रावण की सेना के बीच घड़े की शक्ल की प्लास्टिक की बनी हुई कुप्पियों से घमासान युद्ध होता है। राम और रावण दोनों दल से 20-20 की संख्या में सैनिक युद्ध मैदान में पहुंचते हैं। राम की सेना के सैनिक भगवा वस्त्र धारी होकर वही रावण दल के सैनिक काली वर्दी में रहते हैं। विजयदशमी को दोनों सेनाओं के बीच चार कुप्पी युद्ध दूसरे दिन एकादशी को तीनयुद्ध होते हैं। दोनों दल के योद्धा शास्त्र के रूप में कुप्पी फेंक कर मारते है। आयोजन मंडल के लोग दोनों दलों के सैनिकों के बीच युद्ध कराते हैं। आज एकादशी को कुप्पी युद्ध देखने के लिए दूर-दूर से हजारों की संख्या दर्शकों के भीड़ उमड़ पड़ी।

सुविधा — श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की सुविधा और सेवा के लिए नई पहल, नेत्र कुंभ परियोजना पर 9 .15 करोड़ की आएगी लागत

# महाकुंभ मेला क्षेत्र प्रयागराज में होगी 'नेत्र कुंभ' की स्थापना

» शिविर में दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ/प्रयागराज।** योगी सरकार प्रयागराज में होने जा रहे ऐतिहासिक महाकुंभ 2025 को भव्य, दिव्य, सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए दिन रात काम कर रही है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इसी क्रम में मेला प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों के लिए नेत्र कुंभ की स्थापना भी की जा रही है। 9 करोड़ से अधिक धनराशि से स्थापित होने वाला यह नेत्र कुंभ (नेत्र शिविर) श्रद्धालुओं को एक अस्थाई नेत्र देखभाल सुविधा प्रदान करेगा, जहां मेले के दौरान श्रद्धालुओं की दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। नेत्र कुंभ के लिए एक बड़ी केंद्रीय इकाई मुख्य मेला क्षेत्र में स्थापित की जाएगी जो प्राथमिक नेत्र देखभाल केंद्र के रूप में कार्य करेगी।

### नेत्र स्वास्थ्य व जांच के प्रति किया जाएगा शिक्षित

यह नेत्र कुंभ पूरी तरह श्रद्धालुओं की पहुंच में होंगे। तीर्थयात्रियों की आसान पहुंच के लिए इसे रणनीतिक रूप से कुंभ मेला परिसर के अंदर ही स्थापित किया जाएगा। इस नेत्र कुंभ में तीर्थयात्रियों और संतों की व्यापक स्तर पर आंखों की जांच सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए शिविर में नेत्र परीक्षण के लिए आवश्यक आधुनिक उपकरणों को लगाया जाएगा। जांच के दौरान दृष्टि दोष वाले व्यक्तियों को चश्मा वितरित किया जाएगा, जबकि जिन मामलों में अधिक गंभीर समस्या पाई जाएगी वहां भागीदार अस्पतालों में मोतियाबिंद सर्जरी और अन्य आवश्यक उपचार की व्यवस्था की जाएगी। नेत्र देखभाल सेवाओं के साथ-साथ पहल का उद्देश्य लोगों को नेत्र स्वास्थ्य और नियमित जांच के महत्व को समझाना और उन्हें शिक्षित करना है।



हजारों श्रद्धालुओं को मिलेगा लाभ

महाकुंभ 2025 में रिकॉर्ड संख्या में पूरे देश और दुनिया से श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। योगी सरकार और मेला प्रशासन इन श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए अपनी ओर से शत प्रतिशत प्रयास कर रहा है। नेत्र कुंभ की स्थापना उसी दिशा में उठाया गया कदम है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 9.15 करोड़ रुपए से अधिक का बजट प्रस्तावित किया गया है। इसके माध्यम से महाकुंभ के दौरान स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की नेत्र देखभाल सुरक्षित की जा सकेगी। यदि किसी श्रद्धालु को मोतियाबिंद सर्जरी की आवश्यकता होगी तो उसका भी प्रबंध किया जाएगा। वहीं नेत्र चेकअप के साथ ही चश्मे का वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। हजारों श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिल सकेगा।

### डिजिटली सुरक्षित रखा जाएगा रोगियों का डाटा

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की जांच के माध्यम से एकत्र किए गए नेत्र स्वास्थ्य डाटा को डिजिटली सेव किया जाएगा। इससे रोगियों की स्थिति पर नजर रखने और आवश्यकता पड़ने पर इसका फॉलोअप किया जा सकेगा और आवश्यक देखभाल प्रदान करने में मदद मिलेगी। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। यहां पर्याप्त संख्या में नेत्र विशेषज्ञों को भी नियुक्त किया जाएगा और आवश्यक उपकरणों के साथ ही पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की भी उपलब्धता रहेगी।

# पुलिस हिरासत में विकासनगर के युवक की मौत पर बवाल

## मायावती व चंद्रशेखर ने उठाए सवाल, रातभर चला प्रदर्शन, पुलिस ने लाठी भांजकर परिजनों व समर्थकों को खदेड़ा

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के विकासनगर में पुलिस हिरासत में हुई अमन गौतम की मौत के मामले में शनिवार शाम शुरू हुआ जाम प्रदर्शन रात भर चलता रहा। पुलिस ने देर रात लाठी मारकर उनको खदेड़ा भी। परिजनों का आक्रोश इस कदर था कि वह शव का अंतिम संस्कार करने को राजी नही थे। आनन फानन पुलिस ने एक नामजद समेत चार पुलिस वालों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब रविवार दोपहर को परिजन अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए। इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती है।

विकासनगर सेक्टर 8 में शुक्रवार रात जुआ होने की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। पार्क के पास मौजूद 24 साल के अमन गौतम और उनके दोस्त सोनू को उठा ले आई थी। कुछ देर बाद अमन की मौत हो गई थी। परिजनों ने पुलिस पर पीटकर मारने का आरोप लगाया था। तहरीर भी दी थी। शनिवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इधर परिजन और सैकड़ों इलाकाई लोग शनिवार शाम करीब चार बजे खुर्रमनगर चौराहे के पास जुटे। सड़क जाम कर दी और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर



प्रदर्शन करने लगे। परिजनों का कहना था कि अमन कभी भी जुआ नहीं खेलता था। जो लोग जुआ खेलते थे उनको पुलिस नहीं पकड़ पाई। अमन घर के बाहर अपने दोस्त के साथ खड़ा था तो पुलिस उसको उठा ले गई थी। पीटकर मार दिया। देर रात तक प्रदर्शन चलता रहा। इस बीच पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को खदेड़ा भी। लेकिन परिजन किसी भी हालत में शव लेने को राजी नहीं थे। लिहाजा तहरीर के आधार पर सिपाही शैलेंद्र व अन्य तीन अज्ञात पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। तब परिजन शव का अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए। पुलिस ने मामले में अमन की पोस्टमार्टम रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी दी है। दावा किया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कोई भी जाहिरा चोट नहीं आई है। कार्डियोजेनिक शॉक से मौत होने की पुष्टि हुई है। हालांकि परिजन आरोपो पर अड़े हैं। उनका सीधा कहना है कि पुलिस की पिटाई की वजह से अमन बेहोश और कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें एक पुलिसकर्मी अमन को पकड़कर ले जा रहा है। तीन अन्य साथ में है। ये फुटेज शुक्रवार रात सवा दस बजे का है। इससे एक बात तो साफ हो गई है कि जब अमन की हालत बिगड़ी और मौत हुई तब वह पुलिस हिरासत में ही था।

### मायावती के बाद चंद्रशेखर ने अमन गौतम की मौत पर उठाए सवाल

विकास नगर थाना क्षेत्र में अमन गौतम की मौत के मामले में विरोध प्रदर्शन जारी है। दलित युवक की मौत के बाद पहले बसपा की अध्यक्ष मायावती ने रोष जाहिर करते हुए पुलिस वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद भीम आर्मी के मुखिया एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मृतक अमन के घर पहुंच कर पीड़ति परिवार के लिए मुआवजा एवं सरकारी नौकरी की मांग की है। नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद पीड़ति परिवार से मिलने लखनऊ स्थित उसके आवास पर पहुंचे। जहां चंद्रशेखर ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम की जांच होनी चाहिएए जिसमें पुलिस अमन गौतम को जुआ खेलते हुए पार्क से गिरफ्तार करती है और बाद में हार्ट अटैक से मौत बताती हैए वहीं सीसीटीवी फुटेज में पुलिस वाले अमन को घर से ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। सांसद चंद्रशेखर ने पीड़ति परिवार के लिए 50 लाख रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग करते हुए पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग रखी है। वहीं बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने भी दलित युवक की मौत पर शोक जाहिर करते हुए प्रदेश सरकार से मांग की कि वह दोषी पुलिस वालों पर सख्त कार्यवाही करे। पीड़ति परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए और परिवार को आर्थिक मदद मुहैया कराई जाए।

### चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमन की पत्नी की तहरीर पर सिपाही शैलेंद्र सिंह और 3 अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। चंद्रशेखर के बाद मोहनलालगंज से सपा सांसद आरके चौधरी और अनुराग भदौरिया भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने भी मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की।

### घर लाया गया शव, पुलिस फोर्स रही तैनात

रविवार शाम अमन गौतम का शव घर लाया गया। इस दौरान सुरक्षा को देखते हुए चार थानों की फोर्स और एक बटालियन पीएसी मौजूद रही। पूरा इलाका छावनी में बदल गया। माहौल खराब न हो इसलिए पुलिस ने कुछ देर बाद शव को लेकर अंतिम संस्कार के लिए लेकर निकल गई। विकासनगर के सेक्टर-9 में बने श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मृतक की पत्नी का आरोप है कि पुलिसकर्मियों की पिटाई से अमन बेहोश हुआ। जबकि पुलिस दावा करती है कि उसकी अचानक तबीयत बिगड़ी। हॉस्पिटल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने 'डेड' घोषित कर दिया।

## एक नजर

### मानसिक रूप से स्वस्थ रहना जरूरी



**लखनऊ।** कैरियर इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइसेंज में मानसिक रोग विभाग ने एक सेमिनार का आयोजन किया। मुख्य अतिथि केजीएमयू के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. पीके दलाल ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए कई तरीके बताए। इस मौके पर आयोजित वाद-विवाद, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिताओं के विजेताओं को चेयरमैन डॉ. अजमत अली, वाइस चेयरमैन डॉ. इकबाल ने पुरस्कृत किया। मानसिक रोग विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. अब्बास मेहंदी समेत सभी डॉक्टर व शिक्षक मौजूद रहे।

### दहेज हत्या का आरोपित पति गिरफ्तार

**लखनऊ।** मड़ियांव पुलिस ने शनिवार को दहेज हत्या के आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है। बीकेटी के बनौर निवासी महिपाल सिंह ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कराया था कि मड़ियांव के इन्द्रपुरी कॉलोनी में रह रही बेटी आकांक्षा (25) का शव गुरुवार को कमरे में पड़ा मिला था। बेटी आकांक्षा की शादी वर्ष 2021 में माल के मवाई निवासी अभिषेक सिंह के साथ हुई थी। दहेज की मांग पूरी न होने पर पति व ससुराल वालों ने बेटी की हत्या कर दी। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुताबिक आरोपित पति अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

### लाठी व रॉड से हमला कर कई लोगों को घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी के अहिमामऊ थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने कई लोगों का जान से मारने की नीयत से हमला करने वाले दबंग युवक को गिर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार पीडित जगत सिंह यादव पुत्र रामपाल मूल निवासी पटेल नगर गाजियाबाद हाल पता ईएमआर फ्लैट, अहिमामऊ थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ के द्वारा लिखित तहरीरी सूचना के आधार पर कई युवकों द्वारा पीडित को जान से मारने की नीयत से लाठी व रॉड से हमला कर वादी मुकदमा एवं उसके मित्रों को गम्भीर रूप से घायल करने गालीगलौज देते हुये जान माल की धमकी देने और पीड़ित के गाड़ी में तोड़फोड़ करने की तहरीर प्राप्त होने पर थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर आरोपी अंश यादव पुत्र राजेश कुमार यादव निवासी विवेक खण्ड थाना गोमतीनगर लखनऊ से इकाना स्टेडियम गेट के पास से रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया तथा शेष फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### बुराई पर अच्छाई की जीत है विजयदशमी का पर्व



**लखनऊ।** राजधानी के आलमबाग स्थित विश्वरनगर शाखा के तहत मधुकरनगर में विजयदशमी का उत्सव मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मधुकर नगर, दक्षिण भाग कार्यक्रम आयोजित कर समाज की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विचार परिवार के लोग उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को विजयदशमी की बधाई दी। सभी ने बुराई पर अच्छाई की जीत का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डाला। उपस्थित वक्ताओं ने एकता तथा समर्पण के भाव को बढ़ावा पर जोर दिया। आयोजकों ने इस अवसर पर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। यह उत्सव न केवल सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, बल्कि सामूहिकता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी देता है। विजयदशमी के इस कार्यक्रम में सभी ने राष्ट्र भक्ति का संकल्प लिया।

### समाजसेवी डा.वी.डी.अग्रवाल को दिया तपन शिखर सम्मान



**लखनऊ।** शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में अनवरत सेवारत डा.वीडी अग्रवाल ने समाज बहुत कुछ दिया है, लेकिन वे उसके प्रचार-प्रसार से दूर हैं और अपने सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। एसे प्रतिष्ठित समाजसेवी डा.वी.डी.अग्रवाल को लीडर्स आगरा ने तपन शिखर सम्मान प्रदान किया। प्रभु नगर, जयपुर हाउस स्थित उनके आवास पर पहुंच कर लीडर्स आगरा के पदाधिकारियों ने उन्हें सम्मानित किया। समिति के महामंत्री सुनील जैन (पूर्व पार्षद), देवेंद्र सिंह चौधरी, डॉ अंबरीश अग्रवाल, अनुराग मित्तल ने उन्हें शाल ओढ़ाया और कार्यक्रम संयोजक आदर्श नंदन गुप्ता, राजू सिंघल, मेहरवान खान, रवि गिड़वानी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। अन्य पदाधिकारियों, स्वीटी चौहान, आयुषी गुप्ता, राहुल जैन, सुनील बग्गा,ने उन्हें ट्राफी प्रदान की और इलायची की माला पहनाई। उनकी पत्नी पुष्पा अग्रवाल, बेटे मयंक अग्रवाल और पुत्रवधुए निधि अग्रवाल, गीतिका अग्रवाल का अभिनन्दन स्वीटी चौहान, आयुषी गुप्ता ने पट्टीका पहना कर किया |सुनील जैन ने बताया कि पुष्पांजलि समूह के अध्यक्ष डा.वी.डी. अग्रवाल समाज का एक एसा गौरवशाली व्यक्तित्व है, जो बिना कोई प्रचार किए सेवा कार्य में जुटे रहते हैं। शिक्षा और चिकित्सा को उन्होंने सेवा के रूप में अपनाया है। डॉ. अग्रवाल हमेशा समाज के वंचितों की मदद देते हैं। आप वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और सहायता के लिए गठित ₹रेस्पेक्ट एज इंटरनेशनल₹ के अध्यक्ष भी हैं और उनके लिए ओल्ड एज होम के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2006 में आपको 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया ।प्रदेश के राज्यपाल भी सम्मानित कर चुके हैं। अग्रसेन सेवा समिति, लोहामंडी के महासचिव के रूप में अग्रसेन भवन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहां लागत मूल्य पर चेरीटेबल अस्पताल के निर्माण में भी आपका विशेष योगदान रहा है। अग्रसेन शिक्षा समिति, अग्रसेन कन्या महा विद्यालय कागारौल के अध्यक्ष भी है।

### किशोरी की आत्महत्या के मामले में प्रेमी पर मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** गोसाईंगंज में 14 मई को किशोरी के खुदकुशी करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर उसके प्रेमी अंसारीनगर अमेठी निवासी किशोर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। किशोरी की मां का आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी ने उनकी नाबालिग बेटी का शोषण किया और फिर दूसरी जगह शादी कर ली। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। किशोरी की मां का कहना है कि आरोपी ने उनके गांव में एक बाग खरीदा था। इसकी देखरेख के दौरान वह अक्सर उनके घर के पास लगे हैंडपंप पर पानी पीने आता था। इस दौरान उसने उनकी 16 साल की बेटी को प्यार के जाल में फंसा लिया। उसे कीपैड वाला फोन भी दिया था। शादी का झांसा देकर उसका शोषण किया। बेटी ने जब शादी की बात कही तो टालमटोल करने लगा। एक दिन उन्होंने बेटी को प्रेमी संग देख लिया। सवाल.जवाब करने पर बेटी बिना कुछ बताए घर से निकली और प्रेमी को फोन कर शादी करने की बात कही। आरोपी ने बताया कि डेढ़ माह पहले उसने दूसरी युवती से शादी कर ली है। यह बात सुनकर उसने जान दे दी थी।

**कार हटाने के विवाद में ट्रांसपोर्टर को पीटा : लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में शनिवार रात कार हटाने के विवाद में प्लाई कारोबारी ने ट्रांसपोर्टर व उनके साथियों की पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गाजियाबाद निवासी ट्रांसपोर्टर जगत सिंह यादव अहिमामऊ में रहते हैं। जगत के मुताबिक शनिवार रात वह दोस्त मनीष व भास्कर तिवारी के साथ कार से लौट रहे थे। वह ऑरेंज बिल्डिंग के पास पहुंचे ही थे तभी उनके कार के सामने एक एसयूवी उनकी कार के सामने रुक गई। उन्होंने गाड़ी हटाने को कहा तो एसयूवी सवार लोगों ने उनकी पिटाई कर दी।

## महिलाओं ने निभाई सिंदूर खेला की रस्म

### मातारानी को भी लगाया सिंदूर, प्रेम और सौहार्द का दिया संदेश, पांरपरिक पहनावा रहा आकर्षण

विश्ववार्ता संवाददाता









**लखनऊ।** राजधानी में मां की आराधना करने के बाद विजयदशमी को बंगाली समाज की सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर की परंपरा निभाई। रविवार को मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित करने से पहले बंगाली समाज ने सिंदूर खेला उत्सव मनाया।

महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। हालांकि विजयादशमी मुहूर्त के हिसाब से 12 अक्टूबर को था लेकिन शनिवार के चलते मां की मूर्ति का विसर्जन नहीं किया गया। इस कारण सिंदूर की परंपरा रविवार को निभाई गई।

गोमती नगर स्थित रविंद्र पल्ली और कैसर के बंगाली क्लब में बंगाली समाज की विवाहित महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंची थीं। महिलाओं ने जमकर सिंदूर खेला। दुर्गा माता से परिवार की सुख, समृद्धि और पति की लंबी उम्र की कामना की।

सभी सुहागिन महिलाओं ने मां दुर्गा को पान के पत्ते से सिंदूर चढ़ाया। साथ ही मां दुर्गा को पान और मिठाई भी खिलाई। इसके बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर जश्न मनाया। इस दौरान महिलाओं ने जमकर पारंपरिक डांस किया। माना जाता है कि जब मां दुर्गा मायके से विदा होती हैं, तो सिंदूर से उनकी मांग भरी जाती है। इसके साथ ही कई महिलाएं एक दूसरे के चेहरे पर सिंदूर लगाते हुए नजर आईं। यह उत्सव होली के पर्व जैसा लगा। इसके जरिए महिलाएं कामना करती हैं कि एक-दूसरे की शादीशुदा जिंदगी सुखद और सौभाग्यशाली रहे। इससे पहले दो दिनों से महिलाओं ने ग्रुप में धुनुची डांस किया। मां को विदाई देकर अगले वर्ष फिर से आने की कामना की। सोनाली कहती हैं कि हमारी शादी पिछले साल हुई है।

इसलिए यह पहला सिंदूर खेला है। हम अपने सुहाग के लंबी उम्र की कामना कर रहे हैं। नवरात्रि का यह अंतिम दिन है, इसलिए, हमारे लिए थोड़ा इमोशनल पल है। हम अपने और सबके स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्रार्थना करते हैं। हम मन से कामना करते हैं कि वह अगले वर्ष जल्दी आएं और हमें सेवा का अवसर दें।

### बकाएदारों को आरसी जारी, वसूली शुरू

**लखनऊ।** बकाएदारों से आरसी के खिलाफ वसूली तेज हो गई है। पांचों तहसीलों के सैकड़ों बकाएदारों को नोटिस दी गयी है। समय पर रकम न जमा करने पर सम्पत्तियों की कुर्की भी होगी। सदर तहसील ने अभी तक सबसे कम वसूली की है। राजधानी में विभिन्न विभागों ने बड़े पैमाने पर जिला प्रशासन को रिकवरी के लिए आरसी भेजी है। सबसे ज्यादा आरसी यूपी रेरा की है। बैंकों के अलावा बिजली विभाग की भी आरसी हैं। अब अधिकारियों ने सभी बकाएदारों को नोटिस जारी कर दी है। बाकीदारों को तत्काल आरसी की रकम जमा करने का निर्देश दिया गया है। न जमा करने पर कुर्की होगी।

**सदर तहसील सबसे पीछे, मोहनलालगंज सबसे आगे**

आरसी की वसूली में सदर तहसील सबसे पीछे है। जबकि मोहनलालगंज सबसे आगे है। सरोजनी नगर तहसील की भी स्थिति अच्छी नहीं है। डीएम ने इसके लिए इन तहसीलों के एसडीएम को कड़े निर्देश दिए हैं। सदर तहसील ने अभी तक केवल 59.42 प्रतिशत आरसी की ही वसूली है। जबकि मोहनलालगंज ने सबसे ज्यादा 77.97 प्रतिशत है।

**तहसील क्षेत्र आरसी की वसूली शेष :** सदर 49.58, मलिहाबाद 39.19, मोहनलालगंज 22.93, बीकेटी 35.41, सरोजनीनगर 48.25।

" आरसी की रिकवरी की जा रही है। 100 प्रतिशत वसूली करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी एसडीएम को विभागों की आरसी की रिकवरी करनी होगी।
– सूर्यपाल गंगवार, डीएम, लखनऊ

## उत्तर प्रदेश बन रहा शूटिंग का हब : संजय मिश्रा



**लखनऊ।** फिल्म अभिनेता संजय मिश्रा इन दिनों लखनऊ में हैं। शनिवार को गोमतीनगर में एक स्टूडियो के उद्घाटन के बाद उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रही शूटिंग पर खुशी जाहिर करते हुए अपनी आने वाली फिल्म और वेब सीरीज के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि यूपी में फिल्म शूटिंग की बहुत संभावनाएं हैं। तमाम फिल्मों, वेब सीरीज की शूटिंग यूपी के अलग-अलग शहरों में हो रही है।

बॉलीवुड के प्रसिद्ध लेखक व निर्देशक अरविंद पांडेय ने फिल्म उद्योग की अपार संभावनाओं पर अपनी राय रखी। स्टूडियो के प्रमुख संगीतकार शाश्वत प्रखर भारद्वाज, सलिल मिश्रा और तरुण ने बताया कि उनका उद्देश्य सिर्फ रिकॉर्डिंग करना ही नहीं है, बल्कि बॉलीवुड में अपनी और अपने प्रदेश की एक अलग पहचान बनाना भी है। इस अवसर पर बीएनए के पूर्व डायरेक्टर रमेश कुमार गुप्ता, प्रशिक्षक विजय कुमार बाजपेई, गोविंद सिंह यादव, अभिनेता यश चौरसिया, गायक एसपी साहू आदि उपस्थित थे।



दशहरा पर सरगम अपार्टमेंट में एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डांडिया नाइट का प्रोग्राम हुआ। इस कार्यक्रम में कुमकुम त्रिपाठी, मोनिका, उर्मिला, दिव्या, प्रियंका, पूजा और साधना समेत कई लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### ब्रेल लिपि से रामचरित मानस पाठ

**लखनऊ।** राजधानी में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में विजया दशमी पर रामचरित मानस के पाठ का आयोजन हुआ। खास बात ये है कि पाठ में 7 दिव्यांग स्टूडेंट्स ने ब्रेल लिपि से छपी रामचरित मानस को पढ़ते हुए संगीतमय प्रस्तुति दी। इस दौरान कुलपति प्रो. संजय सिंह भी मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय ने बताया कि दशहरे के दिन दृष्टि बाधित 7 दिव्यांग छात्रों ने रामचरित मानस का पाठ किया। अखंड पाठ के आयोजन से कैंपस में भक्तिमय माहौल रहा। दोहा और चौपाई को पढ़ने के दौरान सभी स्टूडेंट्स भक्ति भाव में विभोर दिखे।

उन्होंने बताया कि सामान्य लोग से भी रामचरित मानस का पाठ करते समय कई बार उच्चारण दोष हो जाता है। विश्वविद्यालय के दृष्टि बाधित स्टूडेंट्स ने रामचरित मानस का पाठ पूरे लय और ताल के साथ कर किया।

**अवलोकन** आठ दिवसीय अखिल भारतीय समकालीन मूर्तिकला शिविर 14 से 21 अक्टूबर 2024 तक वास्तुकला योजना संकाय में

## शैल उत्सव अखिल भारतीय मूर्तिकला शिविर 14 अक्टूबर से

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** शैल-उत्सव यानि पत्थर की बनी कलाकृतियों का उत्सव। जिसका उद्देश्य मूर्तिकला की पारंपरिक व समकालीन कला को आमजन के करीब लाना है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहयोग से व वास्तुकला एवं योजना संकाय के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 14 से 21 अक्टूबर 2024 तक "शैल उत्सव" आठ दिवसीय अखिल भारतीय मूर्तिकला शिविर का आयोजन राजधानी में किया जा रहा है।

इस शिविर का उदघाटन दिनांक 14 अक्टूबर 2024, सोमवार को राजधानी के वास्तुकला एवं योजना संकाय, डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, टैगोर मार्ग परिसर में किया जाएगा। इस शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ मूर्तिकार श्री पांडेय राजीवनयन (अधिष्ठाता, ललित कला एवं प्रदर्शन कला संकाय,डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रिय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ) करेंगे। शिविर के क्यूरेटर डॉ वंदना सहगल ने बताया कि शिविर में देश के पाँच राज्यों ( नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और गुजरात) से 10 समकालीन मूर्तिकार (पुरुष और महिला) मूर्तिकार गिरीश पांडेय - लखनऊ, उत्तर प्रदेश, पंकज कुमार - पटना, बिहार, शैलेष मोहन ओझा - नई दिल्ली, राजेश कुमार - नई दिल्ली, सन्तो कुमार चौबे - नई दिल्ली, अजय कुमार - लखनऊ, उत्तर प्रदेश, अवधेश कुमार - लखनऊ, उत्तर प्रदेश, मुकेश वर्मा - लखनऊ, उत्तर प्रदेश, अवनी पटेल - सूरत, गुजरात, निधी सभाया - अहमदाबाद, गुजरात और 6 कार्वर (सहयोगी कलाकार) राजस्थान से शामिल हो रहे हैं। शिविर के को कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि यह शिविर आठ दिनों तक वास्तुकला संकाय परिसर में चलेगी। शिविर में कलाकारों द्वारा बन रही कलाकृतियों का अवलोकन कोई भी कर सकता है।

यह शिविर लखनऊ के सौंदर्यीकरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी साथ ही कला के प्रेमियों के लिए भी प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेगी। शिविर में बनने वाले सभी कला कृतियाँ नई होंगी और समकालीन कलाकारों के अपने विचारों का सृजनात्मक रूप होगा और कलाकार अपने विचारों को पत्थर के जरिये मूर्त रूप प्रदान करेंगे। शिविर में कोऑर्डिनेटर के रूप में भूपेंद्र कुमार अस्थाना, धीरज यादव, जुवैरिया कमरुद्दीन और शिविर डाक्यूमेंटेशन के लिए रत्नप्रिया व फोटोग्राफर हर्षित सिंह रहेंगे।

● शिविर का उद्घाटन 14 अक्टूबर 2024 को। प्रात: 11 बजे वास्तुकला एवं योजना संकाय,टैगोर मार्ग परिसर में




### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**लखनऊ।** राजधानी के पीजीआई इलाके में चोरों ने प्रदूषण विभाग के अधिकारी के ड्राइवर की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

आशियाना थाना क्षेत्र के सालेह नगर शारदा नगर में रहने वाले लवकुश तिवारी ने बताया कि वह प्रदूषण विभाग के अधिकारी के यहां ड्राइवर है। बीती 5 अक्तूबर की सुबह 10 बजे अपनी बाइक अपनी बाइक को सैनिक नगर तेलीबाग गली नं0 12 में अधिकारी के घर के गेट के सामने खड़ी करके साहब को ऑफिस लेकर गया। जब शाम में वापस आया तो देखा की बाइक उस स्थान से गायब थी। आसपास बाइक को काफी तलाशा गया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। बाइक उसके पिता विमलेश तिवारी के नाम है। बीती शनिवार दोपहर बाद वह पीजीआई कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## एक नजर

### रेबीज जागरूकता पर रेल मेकिंग प्रतियोगिता



**लखनऊ।** संजय गांधी पोस्ट पीजीआई के बीएससी नर्सिंग छात्रों ने विश्व रेबीज दिवस 2024 पर रेबीज की रोकथाम और नियंत्रण की थीम पर रेल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज ऑफ नर्सिंग से 10 नर्सिंग छात्रों ने अभिनव और आकर्षक लघु वीडियो के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। रील प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए, जिसमें बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर की छात्रा तनु दिनकर ने प्रथम स्थान हासिल किया।तीसरे सेमेस्टर के नर्सिंग विद्यार्थियो में से सूरज पटेल, गौरव और तनु दिनकर (टीम) ने विशेष प्रशंसा पुरस्कार जीता।

### बालिका कालेज के लिए सांसद ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**लखनऊ।** मोहनलालगंज विकास की सुल्सामऊ गांवसभा की पूर्व प्रधान श्रीमती सुमन यादव ने क्षेत्र में बस और बालिका कॉलेज के लिए सांसद आरके चौधरी को पत्र लिखा है। सांसद ने उक्त के संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। पूर्व प्रधान सुमन यादव ने मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी को प्रार्थनापत्र के माध्यम से सिसेंडी क्षेत्र में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज स्थापित किए जाने, सिसेंडी भागूखेड़ा बिजनौर होते हुए चारबाग तक उपनगरीय बस चलाए जाने तथा सिसेंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उच्चीकृत किए जाने की मांग की है। उक्त प्रार्थनापत्र के संबंध में सांसद आरके चौधरी ने सिसेंडी में बालिकाओं के लिए इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज खोलने के लिए मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा को पत्र लिखा है। सिसेंडी में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उच्चीकृत करने के लिए उन्होंने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा तथा सिसेंडी से बिजनौर होते हुए चारबाग तक उपनगरीय बस चलाने के लिए प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम लखनऊ को पत्र भेजा है।

### ग्राम जौखड़ी में पुलिस ने लगाई जनचौपाल

**लखनऊ।** ग्राम पंचायत जौखडी में प्रशिक्षु शिप्रा पांडे व अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में एक जन चौपाल का आयोजन किया गया। प्रशिक्षु शिप्रा पांडे ने जन चौपाल में यू पी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वूमेन पावर लाइन 1090 ,महिला हेल्प लाइन 181 ,मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076 ,पुलिस आपात कालीन सेवा 112 ,चाइल्ड हेल्प लाइन 1098,स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 ,साइबर हेल्प लाइन 1930 आदि के विषय में ग्रामीणों को जानकारी दी।उन्होंने कहा की आवश्यकता पड़ने पर पुलिस एंटी रोमियो टीम या उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित महिलाओ छात्र छात्राओं के लिए जारी किए गए विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों पर काल कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है। जिसमे पुलिस द्वारा शिकायत कर्ता की पूरी मदद की जाएगी। साथ ही बालिकाओं को गुड टच बैड के बारे में बताया गया।इसी के साथ ग्रामीण राजरानी ,बलदेव ,राम स्वरूप ,मायावती ने अपनी अपनी समस्याएं पुलिस को बताई। जन चौपाल बीट नंबर दो के सब इंस्पेक्टर अनुज कुमार गुप्ता , एस आई लाल सिंह , हेड कांस्टेबल ,अमीर हमहजा कांटेबल ,प्रदीप आर्या आदि लोग मौजूद रहे।

### दशहरा के अवसर पर दी शुभकामनाएं और छठ मैया की भेंट की तस्वीर

**सरोजनीनगर।** सरोजनी नगर छठ पूजा जनकल्याण समिति के प्रतिनिधियों द्वारा सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के निवास पर रविवार दशहरा के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं दी और छठ मैया की तस्वीर सप्रेम भेट की गई। इस अवसर पर छठ पूजा को लेकर विशेष चर्चा की गई। समिति के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा एवं संयोजक के. के. श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष विनोद सिंह द्वारा विधायक के समक्ष पूजा में होने वाली सारी व्यवस्थाओं के ऊपर अपनी बात रखी गई। जिसमें विधायक ने हर एक बिंदु पर विशेष ध्यान देते हुए अपने प्रतिनिधि टीम को सक्रियता के साथ प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा को हर बिंदुओं पर अस्वस्थ किया और साथ ही साथ विधायक ने यह वादा किया कि हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी बड़ी भव्यता के साथ सरोजनीनगर छठ पूजा संपन्न कराया जायेगा। उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल शांति नगर अध्यक्ष रितेष सिंह चौहान, उपाध्यक्ष मनीष सिंह, कार्यालय प्रभारी जगरथ कश्यप एवं प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह व जिला उपाध्यक्ष अखिलेश यादव (सोनू )आदि साथी मौजूद रहे। समिति के सहयोगी युवा टीम ब्लड डोनेट वीर योद्धा समूह के संरक्षक ओम प्रकाश शर्मा , के. के. श्रीवस्तव प्रदेश अध्यक्ष रविश कुमार श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष कुमार श्रीवास्तव ,प्रदेश महासचिव सूरज कुमार निर्मल प्रदेश कार्यालय प्रभारी/जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार (केडी) समस्त युवा टीम के साथ मौजूद रहीं। इसी दौरान पानी की व्यवस्था बड़ी 6 इंच बोरिंग तालाब की सीढ़ियां व टूटे हुए तालाब को पुनः ठीक करवाना नगर निगम से सफाई, बिजली, पूजा स्थल पर जो भी समस्या है उनका समाधान करवाए जाने जा आश्वासन विधायक द्वारा दिया गया।

### पेरोल से फरार आरोपित तीन साल बाद गिरफ्तार

**लखनऊ।** पेरोल से फरार जानलेवा हमले और धोखाधड़ी के आरोपित अंशुमान पांडेय को गोमतीनगर पुलिस ने चंडीगढ़ के होटल मुबारक प्लाजा से गिरफ्तार कर लिया। वह तीन साल से फरार चल रहा था। वर्ष 2021 में अंशुमान पांडेय को सुप्रीम कोर्ट से 90 दिन के पेरोल मिली थी। सशर्त मिली पेरोल का उल्लंघन करते हुए वह फरार चल रहा था। इंस्पेक्टर गोमतीनगर राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक आरोपित गोमतीनगर विकासखंड पांच का रहने वाला है। गिरफ्तारी के संबंध में न्यायालय से गिरफ्तारी के वारंट जारी हुए थे। संभावित ठिकानों पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# प्रेमी युगल का चारबाग स्टेशन पर मिला शव

## सुल्तानपुर से ट्रेन में निकले प्रेमी जोड़े ने चलती ट्रेंन में खाया जहर

● प्रेमी की जेब से मिली सल्फास की खाली डिब्बी, आधार कार्ड से हुई शिनाख्त

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी के चारबाग रेलवे स्टेशन के परिसर में बीते दिन शनिवार को एक प्रेमी जोंड़े का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। मामले की सूचना पाकर मौंके पर पहुंची थाना जीआरपी पुलिस ने दोनों को बेहोंश देखकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने युवक और युवती दोनों को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शवों की तलाशी ली तो जेब में मिले आधार कार्ड व एक सल्फास की खाली डिब्बी बरामद हुई।

फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच में जुट गई है। जांच में जुटी पुलिस को मिले आधार कार्ड से पता चला की जनपद सुल्तानपुर थाना हलियापुर में मामला पहले से ही दर्ज कर चुकी है जिसमें निलेश पुत्र कृष्णराम यादव निवासी पूरे सहन डोगियारा थाना हलियापुर सुल्तानपुर में गुमशुदगी परिजनों ने दर्ज कराई गई थी।

चारबाग पुलिस द्वारा बताया गया कि शनिवार 12 अक्टूबर को एक लडका निलेश पुत्र कृष्णराम यादव 22 व एक लड़की शिवांशी 19 दोनों रेलवे स्टेशन परिसर पोर्टी के पास बेहोशी की हालत में मिले जिनको 108 एम्बुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल हजरतगंज में भर्ती कराया गया। जहां पर महिला शिवांशी की दौरान इलाज मृत्यु हो गई तथा निलेश को ट्रामा सेन्टर के लिए रेफर किया गया। ट्रामा सेन्टर में इलाज के दौरान पुरुष निलेश की भी मृत्यु हो गई। मृतक की पैंट की जेब से सलफास की खाली डिब्बीए आधार कार्ड से मृतक की पहचान हो पाई आस पास तलाशी ली गई तो प्रथम पोर्टिको से दो पीठ्ठू बैग लावारिस मिले जिसके बारे मे जनता के लोगों ने बताया कि ये बैग उन्ही युवक और युवती का है। जिसे खोलकर देखा गया तो एक आधार कार्ड शिवांगी पुत्री शैलेन्द्र कुमार निवासी पूरे सहन डोगियारा थाना हलियापुर का है बैग से मिले पैड मोबाइल को चैक किया गया तो मोबाइल नम्बर सेव मिला। जिस पर सम्पर्क कर परिजनो को मामले की जानकारी देते हुए सुल्तानपुर के प्रभारी निरीक्षक को मामले की जानकारी दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने शवों के सामने पुलिस शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट म के लिए भेज दिया।

### भाजपा ने 396 शक्तिकेंद्रों पर चलाया सदस्यता अभियान

**लखनऊ।** भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में रविवार को 396 शक्ति केंद्रों पर सदस्यता अभियान चलाया गया। लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। महानगर अध्यक्ष ने सुबह विद्यालयों के प्रबंधकों के साथ बैठक में पार्टी की सदस्यता दिलाई।

मध्य विधानसभा क्षेत्र के वसीरतगंज वार्ड में और अमीनाबाद चौराहे पर आयोजित सदस्यता कार्यक्रमों में 100 से अधिक कुलियों को भी भाजपा का सदस्य बनाया।

जय हिंद चौराहे पर आयोजित कैंप में 230 से अधिक क्षेत्रवासियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। एमएलसी मुकेश शर्मा ने जियामऊ क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाया। इनके साथ महानगर महामंत्री सुनील यादव, सुमित रावत और पप्पू यादव थे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। विशेष अभियान के तहत पूरे महानगर में अभियान चलाया गया। इसमें रमेश तूफानी, रजनीश गुप्ता, अभिषेक खरे, हिमांशु राज सोनकर, मनोज रस्तोगी, पंकज भार्गव, विपिन सोनकर, दीपक सोनकर, अंकित गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# लखनऊ कलेक्ट्रेट में बयान दर्ज कराने आई महिला लापता

● विवाह पंजीकरण निरस्तीकरण मुकदमें में परिजनों संग बयान दर्ज कराने आये थे

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी के थाना कैसरबाग में स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में विवाह पंजीकरण निरस्तीकरण मुकदमें में बयान दर्ज कराने जिला लखीमपुरखीरी से आई थी। जहां पीडित अपनी पुत्री के साथ कलेक्ट्रेट परिसर लखनऊ में तखत पर बैठा था और प्यास लगने पर उसकी पुत्री पानी लेने गई और वापस नही लौटी। जिसके बाद पीड़ित ने एक व्यकित पर अपहरण का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार पीड़ित हर्षवर्धन कुमार वर्मा पुत्र शैलेन्द्र कुमार वर्मा, निवासी ग्राम बनवारीपुर, पोस्ट महेवागंज, थाना सदर कोतवाली, जिला लखीमपुर खीरी का है और 9 अक्टूबर को पीड़ित अपनी पुत्री रश्मि वर्मा के साथ उपनिबन्धक (मैरिज) उपबिन्धक कार्यालय में आया था, तहसीलसदर, लखनऊ के यहाँ विवाह पंजीकरण निरस्तीकरण के मुकदमे में अपनी पुत्री का बयान दर्ज कराने आया थाए जहां रजिस्ट्रार द्वारा बताया गया की रश्मि वर्मा का बयान शाम 5 बजे दर्ज करने को कहा गया था। जिसपर पीड़ित अपनी पुत्री को लेकर कलेक्ट्रेट परिसरलखनऊ में तखत पर बैठा थाएउसकी पुत्री रश्मिवर्मा पानी खरीदने के लिये कलेक्ट्रेट परिसर के गेट नम्बर 4 के बाहर इण्डियन ओवरसीज बैंक के सामने निकल कर पानी लेने के लिये गई, लेकिन जब 10 मिनट तक वापस नहीं आयी, तो पीड़ित ने खोजबीन शरू की, लेकिन उसकी पुत्री नहीं मिली। जिस पर पीड़ित को पूरा यकीन हो गया कि आकाश पुत्र शिव कुमार, निवासी सुलभ आवास योजना, जानकीपुरम विस्तार, थाना जानकीपुरम, लखनऊ के साथ प्रार्थी काविवाद चल रहा है व शिव कुमार पुत्र स्व0 चौधरी लाल, नीरज यादव पुत्र देवकी नन्दन यादव, निवासी ग्राम बुदधापुरवा, पोस्ट चंदन चौकी, पलियाकला, जिला लखीमपुर खीरी ने एक राय होकर साजिश करते हुए उसकी पुत्री का अपहरण कर लिया है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# बड़े पैमाने पर लोजपा आर की लोगों ने सदस्यता की ग्रहण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**काकोरी।** रविवार को कपेरा मदारपुर चौराहा, लखनऊ में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) लखनऊ द्वारा सदस्यता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश संगठन सचिव मुकेश गुप्ता, लखनऊ जिलाध्यक्ष शंभूनाथ गुप्ता एवं लखनऊ उपाध्यक्ष नरेन्द्र पासवान द्वारा सभी नए पदाधिकारियों को को मनोनयन पत्र जारी किया गया। जिसमें मुख्यतः अमित कुमार मिश्रा को मोहनलालगंज विधान सभा अध्यक्ष एवं अभिषेक कुमार यादव को मोहनलालगंज तहसील अध्यक्ष मनोनित करते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई।इसके अलावा देशराज पासवान, नरेन्द्र रावत, रंजीत कुमार, केशव राम को गोसाईगंज ब्लॉक उपाध्यक्ष एवं दिलखुश, हेमराज, आशीष कुमार रावत, अश्विनी कुमार, पंकज कुमार, सुरेन्द्र कुमार, गया प्रसाद, राममिलन, शिवा, राज को गोसाईगंज ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य बनते हुए अन्य लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

इस अवसर पर लखनऊ जिलाध्यक्ष शंभूनाथ गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें अपने संगठन को तन मन धन से मजबूत बनाना है ताकि आने वाले चुनावों में हमारे बगैर उत्तर प्रदेश में किसी की भी सरकार बनाना असंभव हो जाए। प्रदेश संगठन सचिव मुकेश गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा हम सभी को पार्टी के उद्देश्य के तहत गरीब, वंचित और पीड़ित लोगों का सहायक बनना है, आमजन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कही कोई भी समस्या है उसका संबंधित जन प्रतिनिधियों से बात कर निदान कराना है तभी सबका विश्वास बढ़ेगा और संगठन को मजबूती मिलेगी। जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र पासवान ने भी सभी नए सदस्यों को पार्टी की शपथ दिलाया और कहा कि हमें बूथ स्तर तक सदस्य बनाना है और राष्ट्रीय अध्यक्ष सह कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान जी के हाथो को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम में गोसाईगंज ब्लॉक अध्यक्ष रंजीत कुमार पासी, भारत पासवान, सूरज, अनुज पासी, आनंद बाबू , अजीत कुमार आदि बहुत से सदस्य मौजूद रहे।

**घायलों को विधायक ने अपनी गाड़ी से भेजा अस्पताल :** गोमतीनगर में जी-20 रोड पर शनिवार रात रॉन्ग साइड दौड़ रही स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्कार्पियो चालक मौक से भाग निकला। इस बीच उधर से गुजर रहे भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह रुके। उन्होंने अपनी गाड़ी से तीनों को लोहिया अस्पताल भेजवाया। विधायक राजेश्वर सिंह रात करीब 11:30 बजे मौदा से एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। इस बीच जी-20 रोड पर कुछ लोगों की भीड़ लगी थी। भीड़ देख विधायक रुके और घटना के बारे में जानकारी ली। लोगों ने बताया कि फोन किया गया है, एंबुलेंस अभी नहीं आई है।

### लखनऊ के मनोज अध्यक्ष व मुरादाबाद के शाहवेज महासचिव बने

**लखनऊ।** आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष लखनऊ के मनोज वर्मा और मुरादाबाद के शाहवेज़ को महासचिव नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष पद पर अकमल खान को नियुक्त किया गया। कैसरबाग में जनरल कोठी में एसोसिएशन की रविवार को हुई बैठक में उक्त चयन किया गया। बताया गया कि लखनऊ में ही रेफरी सेमिनार व राज्य स्तरीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। नीरज श्रीवास्तव ने सभी आए हुए सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में प्रत्युष राज, अभिशेष विश्वकर्मा, आदित्य जायसवाल, मुकेश पाल, धीरेंद्र चौरसिया, शुमायला खान, उदित राज, विक्रम सक्सेना, आदित्य वाजपेयी, अभिषेक चौधरी, संजय भगत, सुनील कुमार शुक्ला व मनोज तिवारी आदि रहे। बैठक में लखनऊ, कानपुर, सीतापुर, एटा, मैनपुरी, बलिया, बहराइच, गोरखपुर, महाराजगंज, गोंडा, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, जालौन, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, सहारनपुर, मेरठ, आगरा, फर्रूखाबाद, इटावा, वाराणसी, मथुरा आदि जिले के प्रतिनिधि रहे।

**श्रमदान कर पार्क की सफाई की :** नगर निगम की उदासीनता से त्रस्त आ चुके स्थानीय लोगों ने विकल्प खंड के पार्क की सफाई खुद मिलकर कर दी। चिनहट द्वितीय वार्ड के अंतर्गत विकल्प खंड क्षेत्र में स्थित पार्क लंबे समय से उपेक्षित पड़ा हुआ था। स्थानीय निवासी पार्क की सफाई करवाने के लिए नगर निगम से गुहार लगा चुके थे। सुनवाई न होने पर लोगों ने रविवार को पार्षद शैलेन्द्र वर्मा के साथ मिलकर पार्क की सफाई कर दी।

# राजधानी में 24 घंटे में डेंगू के 40 नए मामले

## 12 दिन में 600 लोग डेंगू की चपेट में आए, चिकनगुनिया-मलेरिया के भी बढ़ रहे मरीज



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी में डेंगू का अटैक जारी हैं। शनिवार को दशहरा के दिन 40 नए डेंगू के मरीज सामने आए हैं। इस सीजन में अब तक कुल 1 हजार 77 डेंगू पॉजिटिव मरीज सामने आ चुके हैं। महज 12 दिन के भीतर 600 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिले हैं।

बड़ी बात ये हैं कि शनिवार को आई रिपोर्ट में डेंगू के अलावा चिकुनगुनिया के 3 और मलेरिया का 1 नया मरीज सामने आया हैं। इसी के साथ अब तक डेंगू के कुल 1077, मलेरिया के 442, और चिकुनगुनिया के 70 केस सामने आ चुके हैं। शहर में सबसे ज्यादा डेंगू संक्रमित अलीगंज, आलमबाग और इंदिरा नगर में सामने आ रहे हैं। शनिवार को आई रिपोर्ट में सबसे ज्यादा मरीज अलीगंज इलाके में मिले हैं। यहां 7 पॉजिटिव केस रिपोर्ट हुए।

वहीं, आलमबाग में 6 केस मिले। इंदिरानगर में 5 और सिल्वर जुबली और एनके रोड पर 4-4, टुडियागंज में 3, चिनहट, ऐशबाग और गोसाईगंज में 2-2 मरीज मिले। राजधानी के पॉश इलाकों में डेंगू का अटैक लगातार जारी हैं। अस्पतालों में बुखार रोगियों की डेंगू की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने का सिलसिला जारी हैं। लोकबन्धु में एक दिन में 115 मरीजों के सैंपल की एलाइजा जांच की गई। इनमें से 20 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया कि डेंगू के 10 और बुखार के 43 मरीज भर्ती हैं। 24 घंटे में 3 नए डेंगू मरीजों को भर्ती किया गया हैं। 7 मरीज पहले से भर्ती किए गए थे। इनमें से कुछ क्रिटिकल मरीज हैं, पर ज्यादातर मरीजों को भर्ती करने के बाद राहत मिली हैं। लखनऊ के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में डेंगू के 24 मरीजों का इलाज चल रहा हैं। इनमें से कुछ मरीजों को डोक्टरों ने प्लेटलेट भी चढ़ाई हैं।हालांकि अस्पताल प्रशासन की माने तो ज्यादातर मरीज भर्ती करने के बाद राहत महसूस कर रहे हैं। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि गंभीर मरीजों को ICU भर्ती करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल बलरामपुर में बड़ी संख्या में बुखार और डेंगू के मरीज भर्ती हैं। अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन अरुण ने बताया कि डेंगू के 22 मरीजों का इलाज चल रहा हैं। इसके अलावा करीब 42 बुखार के अन्य मरीज हैं। डेंगू के गंभीर मरीजों को ICU में भर्ती करने की व्यवस्था हैं।



# शहर के 134 चौराहों से गुजरी श्रीराम विजयदशमी शोभायात्रा

**लखनऊ।** राजधानी में शनिवार को उत्सव प्रतीक स्थल से प्रातः 9 बजे जय श्रीराम विजयदशमी शोभायात्रा का शुभारम्भ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रान्त प्रचारक कौशल एवं वरिष्ठ लेखक नरेन्द्र भदौरिया ने किया। शोभायात्रा यहां गोमती नगर से प्रारंभ होकर चिनहट, इन्दिरानगर, मुन्शीपुलिया, इंजीनियरिंग कॉलेज, पुरनिया, अलीगंज, कपूरथला, आईटी कॉलेज, डालीगंज, केजीएमसी, चौक, ठाकुरगंज, बालागंज, दुबग्गा, बुद्धेश्वर मन्दिर, पारा, अवध चौराहा, आलमबाग, चारबाग, श्री अशोक सिंघल चौराहा, विधानसभा, अटल चौक (हज़रतगंज), राज भवन, मुख्यमंत्री आवास चौराहा, 1090 चौराहा एवम् समतामूलक चौराहा से होते हुए उत्सव स्थल पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में 68 किमी में 134 प्रमुख चौराहों का भ्रमण पूर्ण किया गया।

राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति के अध्यक्ष ललित श्रीवास्तव ने कहा कि विगत 6 वर्षो की भांति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद साप्ताहिक मिलन द्वारा विजयादशमी के पावन पर्व पर आयोजित शोभायात्रा का प्रचार प्रसार देश के 22 एयरपोर्ट, विभिन्न एफ एम नेटवर्क एवम् लखनऊ से लेकर अयोध्याधाम तक किया गया। स्वामी विवेकानन्द साप्ताहिक मिलन के प्रमुख ऋषि राज जैन ने बताया कि शोभायात्रा का लखनऊ महानगर के लाखों नागरिकों ने हर्षोल्लास से विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया। संपूर्ण महानगर के सनातन मंदिरों को शक्ति केन्द्र एवम् चौराहा समितियों के माध्यम से समाज का जन जागरण का कार्य किया गया। समिति के मीडिया प्रभारी शिवांक रमन भदौरिया ने बताया कि इस वर्ष यात्रा के दिव्य रथ पर अखण्ड भारत एवम् अयोध्याधाम में विराजमान प्रभु श्रीराम का चित्र प्रदर्शित किया गया। कुल 437 चार पहिया वाहन एवम् सैकड़ों दो पहिया वाहन ने संकल्पित पूजित नारियल के साथ इस शोभायात्रा को पूर्ण किया। आशीष सिंह, दीपक अग्रवाल, मनोज कुमार सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, विनय कुमार सिंह,प्रतीक अग्रवाल, मयंक सिन्हा, अरुणेन्द्र सिंह , राकेश गिरि, सुधीर गुप्ता , अंजनी गुप्ता, मृत्युंजय प्रताप सिंह, सचिन रस्तोगी, अभिषेक सिंह, अम्बरीष वर्मा , शैलेन्द्र राजावत एवम् अनेक स्वयंसेवकों ने शोभायात्रा को सफल बनाया गया।समिति का उद्देश्य लखनऊ की जय श्रीराम विजयादशमी शोभायात्रा को बरसाने की होली, बंगाल की दुर्गा पूजा और गुजरात के गरबे के समान विश्वविख्यात करना है।

# बच्चों को जागरूक करके ही रोका जा सकता है रोड एक्सीडेंट

## पीजीआई एपेक्स ट्रामा सेंटर में आयोजित हुआ सड़क जागरूकता

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** संजय गांधी पीजीआई एपेक्स ट्रामा सेंटर के चिकित्सा अधीक्षक एवं हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के प्रमुख प्रो. राजेश हर्षवर्धन ने बताया कि हर साल 1 लाख 20 हजार लोग सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा देते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो लगभग 400 लोग प्रतिदिन अपनी जान गंवाते हैं। इसमें युवाओं की संख्या काफी अधिक है। ये बेहद डराने वाले आंकड़े हैं। प्रोफेसर हर्षवर्धन अपेक्स ट्रामा सेंटर में रोड सुरक्षा पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कहा कि इससे बचने का एक ही तरीका है कि बच्चों को रोड सेफ्टी के लिए हर तरह की जानकारी दी जाए।



प्रो. हर्षवर्धन ने बताया कि बच्चों के पाठ्यक्रम में रोड सेफ्टी का अध्याय जरूर होना चाहिए, साथ ही प्रयोगात्मक परीक्षा भी होनी चाहिए। शुरुआत से ही बच्चों को यातायात की जानकारी देना और उनकी सुरक्षा तय करना माता-पिता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौत की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है, जहां हर साल यातायात नियमों का पालन न करने और सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता की कमी के कारण हर साल हजारों लोगों की जान जाती है। एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के प्रमुख प्रो. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और जीवन बचाने के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता फैलाना रहा हैं। उन्होंने बताया कि एपेक्स ट्रॉमा सेंटर हर साल सड़क दुर्घटना पीड़ितों को इलाज देता है, ऐसे में इस कार्यक्रम के जरिए सड़क सुरक्षा प्रोटोकॉल के महत्व को जनता को बताना और उनके निवारक उपाय के बारे में शिक्षित करने की जिम्मेदारी को निभाया गया है। इस अवसर पर एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के लैब मेडिसिन विभाग के एसोशिएट प्रो. अवले रुपाली भालचंद्र ने बताया कि लोग खुद सड़क सुरक्षा की जानकारी को अपने जीवन में उतारे और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। कार्यक्रम में प्रो. अवधेश कुमार जायसवाल, डॉ. कमलेश सिंह भैसोरा मौजूद रहे।

### परिवार संग जा रहे ऑटो चालक को मारापीटा और दी धमकी

**सरोजनीनगर।** थाना सरोजनी नगर के गौरी निवारी निवासी जयकरन मौर्य ने बताया कि बीती 11 अक्टूबर को रात्रि करीब पौने दस बजे अपने परिवार सहित ऑटो से अपने घर जा रहा था। तभी इसी दौरान सैनिक स्कूल से पहले तहसील मोड़ पर एक मोटर साइकिल पर तीन लड़के बैठे हुए थे। जो हमारी ऑटो के सामने मोटर साइकिल रोक दी ।तब हमने अचानक ब्रेक लगा दिया और उनसे कहा इस तरह से अचानक सामने आ गए हो अगर ब्रेक न लगता तो दुर्घटना हो सकती थी ।तभी वह तीनो लड़के मोटर साइकिल से उतर कर मेरा कलर पकड़ कर गाली देने लगे और मुझे लात घूंसो से मारा ।जिससे हमारे कंधे और चेहरे पर चोट आई है ।तब मेरी भतीजी ने बीच बचाव कराया ।एक व्यक्ति ने मेरे लात और घूंसा पेट पर मारा। जिससे कविता के बाए हाथ में चोट लग गई। जिसका पारुल और रूपाली ने विरोध किया। तब पीछे से आ रहे हमारे रिस्तेदारो ने आकर बचाया ।तब वह तीनो लड़के गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

# विजय दशमी पर साहित्यकारों रंगकर्मियों ने किया हवन-पूजन



**लखनऊ।** शाहाबाद ग्राम परियल में स्थित श्री ब्रह्म बाबा का अति प्राचीन स्थान है। सैकड़ों वर्षों से यहाँ भव्य पूजा और भंडारे का आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष भी विजयदशमी के दिन वरिष्ठ साहित्यकार एवं रंगकर्मी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव नवल ने इस भव्य स्थान पर राम दरबार की शुभ स्थापना विधिवत स्वर्गीय सरस्वती देवी बनवारी लाल श्रीवास्तव व स्वर्गीय सत्यप्रकाश श्रीवास्तव की पुण्य तिथि पर की गई। इसी पुण्य स्थान पर ही अमावस्या के दिन ही विनीता एवं अखिलेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा श्री शिव परिवार, गणेश, कार्तिकेय, पार्वती व नंदी के साथ ही शिवलिंग की स्थापना गई थी। विजयदशमी के दिन अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, विनीता ने मन्दिर में स्थापित सभी विग्रहों को नये वस्त्राभूषण अर्पित किये एवं हवन, कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया तथा काव्य पाठ का भी आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## ऐशबाग रामलीला महोत्सव में 60 फीट ऊंचे रावण का किया गया दहन, रंग-बिरंगीं आतिशबाजियों ने जगमगाया पूरा शहर

# दरिंदगी, कट्टरता और अराजकता के खिलाफ शहर में होगा रावण दहन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी में दशहरे पर रामलीला मैदान में 60 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। आग लगते ही हर कोई उत्साह से भर गया। चिल्लाने लगे। फिर जय श्रीराम के नारे लगाए।

इसके बाद जमकर रंग-बिरंगी आतिशबाजी हुई। रामलीला मैदान में भीड़ इतनी थी कि पैर रखने की जगह नहीं थी।

राजधानी के विभिन्न इलाकों में शनिवार को रावण दहन हुआ। मेला लगा। शोभायात्राएं भी निकाल गईं। 60 से ज्यादा प्रमुख स्थानों पर रावण के पुतले का दहन हुआ। मेला लगा। कहीं 60 फुट के रावण का पुतला जलाया गया तो कहीं 35 फुट के। साथ ही भव्य आतिशबाजी भी हुई। शहर से लेकर गांव तक मंचित रामलीलाओं में रावण के पुतलों का दहन किया गया। कॉलोनियों, पार्कों, मोहल्लों में बुराई के प्रतीक रावण के पांच से 10 फुट के पुतले भी जलाए गए। कई स्थानों पर दशहरा मेला भी



लगा। गली मोहल्ले में बच्चों ने छोटे-छोटे रावण के पुतले बना कर जलाए। ऐशबाग रामलीला में इस वर्ष केवल रावण का दहन हुआ। यहां पर 60 फुट का पुतला जलाया गया। इसके साथ ही जवाबी आतिशबाजी भी हुई। एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड पर भी रावण की पुतले का दहन हुआ। भव्य आतिशबाजी हुई। मेला लगा। शोभा यात्रा भी निकाली गई। विकास नगर, अलीगंज, गोमती नगर, महानगर, चौक, ठाकुरगंज, आशियाना, वृंदावन, राजाजीपुरम तथा आलमबाग में भी जगह जगह रावण के पुतले का दहन किया गया। महानगर की रामलीला में रावण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। रावण के 35 फुट और मेघनाद के 30 फुट के पुतले का दहन हुआ। पुतला दहन से पहले रामलीला मैदान पर कुंभकरण व मेघनाद वध और उसके बाद राम- रावण युद्ध की लीला का मंचन हुआ। चिनहट की रामलीला में 35 फुट के रावण का दहन किया गया। यहां भी पहले रामलीला मैदान पर राम और रावण युद्ध की लीला का मंचन हुआ। खदरा रामलीला का रावण दहन पक्का पुल छठ पूजा घाट, गोमती तट पर हुआ। लीला स्थल से भगवान राम की शोभा यात्रा निकाली गई। मौसमगंज रामलीला का मंचन दशहरा मेला मौसमगंज रामलीला मैदान पर हुआ। यहां भी 30 फुट रावण के पुतले का दहन किया गया। इससे पहले भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। मोहनलालगंज के मऊ, पुरसेनी व गौरा में भी रावण के पुतले का दहन हुआ।

## संपादकीय

# जंग पर चिंता

मध्य एशिया में जारी संकट पर अभी तक तटस्थता और शांति की पक्षधरता के साथ भारत ने एक संतुलित रुख अपना रखा था, लेकिन जंग से बिगड़ते हालात के मद्देनजर अब भारत के रुख में कुछ बदलाव आ रहा है। यह बदलाव भारत के इस कदम से भी जाहिर होता है कि इजरायल–लेबनान सीमा पर बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर चिंता व्यक्त करने के एक दिन बाद भारत शनिवार को लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) में सेना का योगदान देने वाले देशों में शामिल हो गया है। साथ ही भारत इजरायली सेना की कार्रवाई के खिलाफ खड़ा हो गया। गौरतलब है कि लेबनान में कई संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक घायल हो गए हैं। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल में भारत के करीब 900 सैनिक तैनात हैं। लेबनान में जमीनी अभियान चला रही इजरायली सेना ने संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिकों पर हमला किया है जिसमें 5 सैनिक घायल हुए हैं। इसके बाद 34 देशों ने शांति सैनिकों पर हमले की निंदा करते हुए बयान जारी किया है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एक प्रमुख सैन्य योगदानकर्ता देश के रूप में भारत 34 यूएनआईएफआईएल सैन्य योगदानकर्ता देशों द्वारा जारी संयुक्त बयान के साथ पूरी तरह से खड़ा है। शांति सैनिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसे मौजूदा यूएनएससी प्रस्तावों के अनुसार सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इजरायल की सेना ने कहा कि दक्षिण लेबनान के नकौरा में उनके वॉचटावर के पास एक इजरायली हमले में श्रीलंका के दो संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक घायल हो गए। 48 घंटों में दूसरी बार इस क्षेत्र में शांति सैनिकों के मुख्य बेस पर विस्फोट हुए। यूनिफिल बल ने इसे गंभीर घटनाक्रम बताया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र कर्मियों और संपत्ति की सुरक्षा की गारंटी दी जानी चाहिए। बल में दर्जनों देशों के 10,000 से अधिक शांति सैनिक हैं। इसमें भारतीय सैनिकों की संख्या दूसरी सबसे बड़ी है। भारत के लगभग 900 सैनिक इसमें शामिल हैं। यह बयान संयुक्त राष्ट्र बलों को निशाना बनाने वाली इजरायल की कार्रवाइयों पर भारत की चिंता को भी दर्शाता है। पिछले एक साल में हमास और हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायल की कार्रवाइयों पर भारत ने संतुलनकारी रुख अपनाया हुआ था। लेकिन अब भारत ने इजरायल के खिलाफ स्टैंड लिया है। भारत ने दक्षिणी लेबनान में जारी लड़ाई में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के फंसने की खबरों और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम ब्लू लाइन पर बिगड़ती सुरक्षा स्थिति से चिंतित हैं। हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। 120 किलोमीटर की ब्लू लाइन संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त सीमांकन रेखा है जो दक्षिणी लेबनान से इजरायली सेना की वापसी को दर्शाती है। यह लेबनान को इजरायल और गोलान हाइट्स से अलग करती है लेकिन यह आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय सीमा नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र परिसर की अखंडता का सभी को सम्मान करना चाहिए और संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की सुरक्षा और उनके जनादेश की पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय किए जाने चाहिए। हालांकि इजरायली सैन्य कार्रवाइयों का बचाव करते हुए भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा है कि हिजबुल्लाह आतंकी समूह शांति सैनिकों को ढाल के रूप में इस्तेमाल करते हुए यूनिफिल चौकियों के करीब इजरायल पर गोलीबारी कर रहा है। इजरायल संयुक्त राष्ट्र बलों की सुरक्षा के लिए कदम उठाना जारी रखेगा और उनकी सुरक्षा के लिए सभी जिम्मेदार देशों के साथ आवश्यक कदमों का समन्वय करेगा। पिछले 48 घंटे में दो घटनाओं के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजरायल से लेबनान में शांति सैनिकों पर गोलीबारी बंद करने की अपील की है। शुक्रवार को इजरायली सेना ने कहा कि लेबनान में शांति सेना में शामिल श्रीलंकाई सैनिकों के घायल होने की घटना के लिए उसके सैनिक जिम्मेदार थे। आईडीएफ ने कहा, सैनिकों ने एक खतरे की पहचान की और गोलीबारी की। इस घटना की उच्चतम स्तर पर जांच की जाएगी।

## कटाक्ष

हसन जैदी




# चिकित्सा के क्षेत्र में नैतिकता के क्यों उठ रहे सवाल ?



हृदयनारायण दीक्षित

नैतिकता विशिष्ट जीवन मूल्य है। सभ्यता के प्रारंभ से ही नैतिक शिक्षा का विकास भी होता रहा है। मनुष्य ने मिलजुल कर रहने की आवश्यकता अनुभव की थी। इतिहास के पाषाण काल से लेकर अब तक लगातार नए भूक्षेत्रों और चिंतन अनुशासन की खोज जारी है। एक यूनानी इतिहासकार ग्रोट ने लिखा था कि किसी देश में संविधान सर्वोच्च सत्ता होता है। लोग गलत कामों से डरते हैं। इसलिए वे कानून तोड़ने का साहस नहीं कर पाते। समाज के बड़े हिस्से के अंतःकरण में नैतिक निष्ठा रहती है। भारत में नैतिकता आदर्श मानी जाती है। तो भी सम्यक नैतिकता का पालन एक वर्ग द्वारा नहीं किया जाता।

'नैतिक' निष्ठा वाले समाज परंपराएं आगे बढ़ाते रहते हैं। संप्रति चिकित्सा क्षेत्र में नैतिकता के सवाल उठ रहे हैं। औषधियों के निर्माता अपने ब्रांड को श्रेष्ठ और अन्य ब्रांडों को बेकार बताते हैं। कुछ समय पहले पतंजलि कम्पनी द्वारा नए उत्पादों की घोषणा की गई। अनेक असाध्य रोगों के ठीक हो जाने का दावा किया गया। इनमें तमाम स्वस्थ हुए होंगे और तमाम लोगों को चिकित्सा से निराशा हुई होगी। ऐसे तमाम मामले न्यायालयों का विषय बने। 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' ने भी अपना पक्ष रखा। चिकित्सक अपनी-अपनी चिकित्सा पद्धतियों का प्रचार करने और सही ठहराने के प्रयास में रहे। यह अनुचित था। चिकित्सा उत्पाद साधारण दवा नहीं होते। अनुशासन में रहते हुए इनका सेवन उपयोगी होता है। औद्योगिक प्रबंधनों द्वारा दिए गए विज्ञापन और प्रचार से रोगी प्रभावित होते हैं। एक अंग्रेजी अखबार के मुताबिक राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एन.सी.डी.आर.सी.) ने हाल ही में जॉनसन एंड जॉनसन लिमिटेड पर 35 लख रुपए का जुर्माना लगाया है। आरोप है कि कम्पनी द्वारा निर्मित दोषपूर्ण हिप रिप्लेसमेंट डिवाइस से रोगी को तमाम जटिलताएं झेलनी पड़ी। भारत में चिकित्सक को भगवान जैसा आदर मिलता रहा है। तमाम चिकित्सक ऐसे होते भी हैं। उनमें सेवा भाव रहता है। वह अपने विषय के विशेषज्ञ भी होते हैं। मैं न्यूरोलॉजी के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ पद्मश्री डॉक्टर सुनील प्रधान (लखनऊ) का उल्लेख कर सकता हूं। वह रोगी के प्रति ममत्व भाव रखते हैं और अपने कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा। वे विरल हैं। सरल हैं। कठोर हैं और मुलायम भी हैं। ऐसे तमाम चिकित्सक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान उनके कर्तव्य प्रशंसनीय रहे हैं। मगर एक बड़ा हिस्सा चिकित्सा को उत्कृष्ट सेवा धर्म नहीं मानता। सरकारों द्वारा संचालित अस्पताल पर्याप्त नहीं हैं। इन अस्पतालों की व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। रोगी के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार नहीं होता। इसका दुष्परिणाम सामने है। महानगरों में हजारों निजी अस्पताल बढ़े हैं। इनमें रोगियों को अच्छा व्यवहार मिलता है। लेकिन भारी भरकम पैसा वसूली साधारण बात है। निजी अस्पताल अच्छी आमदनी देने वाला व्यवसाय हो गया है। सो निजी अस्पतालों की भीड़ है।

चिकित्सा मानवता के प्रति प्रत्यक्ष सेवाभाव है। चिकित्सकों क 'हिप्पोक्रेटिक ओथ' दिलाई जाती है। उच्च आदर्शों के लिए दीक्षांत समारोह के दौरान यह शपथ दोहराने की परंपरा है। शपथ के प्रत्येक वाक्य का संबंध चिकित्सा नैतिकता से है। परोपकार भी इस शपथ का भाग है। इसमें उपचार के दौरान रोगी के स्वास्थ्य और कल्याण की प्राथमिकता सम्मिलित है। चिकित्सा संबंधी उपकरण आपूर्ति करने वाली कंपनी को भी इस नैतिकता से जोड़ा गया है। रोगी से संबंधित जानकारी की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करना इस नैतिकता



का हिस्सा है। चिकित्सकों और मरीजों के बीच विश्वास की कमी का उल्लेख है। सरकारी अस्पतालों में कार्यरत तमाम डॉक्टर घर पर निजी प्रैक्टिस करते हैं। मरीज के परिजन परेशान रहते हैं। आधुनिक चिकित्सा पद्धति वैज्ञानिक है। लेकिन शपथ संकल्प में देवताओं और देवियों का उल्लेख भी किया गया है। अपोलो यूनान के देवता हैं। उनके साथ प्रतिष्ठित देवियों को भी गिना गया है। वे जुड़वा हैं। शपथ का सम्बंध निजी संकल्प से होता है। चिकित्सा क्षेत्र में प्रगाढ़ संकल्प की आवश्यकता है। विधायक, सांसद, मंत्री और न्यायपालिका में भी शुद्ध अंतःकरण से काम करने की शपथ ली जाती है, लेकिन शपथ के परिणामों से सारा देश अवगत है। प्राचीन भारत की चिकित्सा परंपरा अनूठी है। सब की इच्छा होती है कि हम स्वस्थ रहें। दीर्घायु पाएं। लेकिन रोग बढ़े हैं। नए रोगों की संख्या बढ़ी है। जल और वायु प्रदूषित है। रोग हो जाने के बाद उपचार के लिए चिकित्सक की शरण में जाते हैं। लेकिन भारत में रोग होने के पहले ही शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग विज्ञान और संयमित जीवन की आदर्श आचार संहिता है। इसीलिए भारतीय चिकित्सा पद्धति को आयुर्वेद कहा गया है। यह स्वस्थ आयु का विज्ञान है। संक्षेप में आयुर्विज्ञान। चरक संहिता के अनुसार रोगों की वृद्धि हुई। तब परस्पर विचार विमर्श के लिए विद्वानों की बैठक हुई। तय किया गया कि भारद्वाज इंद्र के पास जाएं और रोग दूर करने की जानकारी लें। तमाम विद्वानों से ज्ञान लेकर इस सभा को बताएं। भारद्वाज ने यह ज्ञान आत्रेय को बताया और आत्रेय ने अग्निवेश को। इस कथा से पता चलता है कि प्राचीन काल में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण था। चरक संहिता में पृथ्वी, जल, वायु, आकाश, अग्नि, देश, काल और मन के साथ आत्मा को भी द्रव्य बताया गया है। चरक का आत्म द्रव्य गीता वाली अमर आत्मा से भिन्न है। वैशेषिक दर्शन से जुड़ा है।

यूरोपीय औषधि वैज्ञानिकों ने अपोलो जैसे देवता के सामने संकल्प लेने की बात कही है। चरक ने आयुर्विज्ञान में इंद्र को महत्व दिया है। जैसे इंद्र वैदिक काल के प्रतिष्ठित देवता हैं वैसे ही यूनान के देवता अपोलो। ऋग्वेद के रचना काल में तमाम रोगों और औषधियों की जानकारी थी। ऋग्वेद (10.97) में कहते हैं, ''औषधियों का ज्ञान तीन युग पहले ही हो चुका था।'' ऋषि बताते हैं कि, ''औषधियां कई तरह की हैं। कुछ फल वाली, कुछ फूल वाली। औषधियों का प्रभाव शरीर पर पड़ता है।'' मैकडनल और कीथ ने वैदिक इंडेक्स में बताया है कि, ''भारतवासियों की रुचि शरीर रचना से संबंधित विज्ञान की तरफ थी। ऋग्वेद में अश्विनी कुमारों के चिकित्सा ज्ञान का उल्लेख है। अपोलो की तरह वे भी जुड़वा हैं। उन्होंने अनेक ऋषियों को स्वस्थ किया है। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में मानसिक रोग बढ़े हैं। चरक संहिता में कहते हैं कि, ''ईर्ष्या, शोक, भय और क्रोध आदि मनोविकार हैं। जब मन और बुद्धि का समान योग होता है। संतुलन ठीक रहता है। तब मनुष्य स्वस्थ रहता है। जब इनका योग या अतियोग या मिथ्यायोग होता है तब रोग पैदा होते हैं।

अच्छी नींद के कारण ज्ञानेंद्रियों की प्रवृत्ति उचित रहती है। आयु नियत बनी रहती है। अनिद्रा में ज्ञानेंद्रियों की उचित प्रवृत्ति नहीं होती। तमाम मानसिक विकार पैदा होते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान में मन को स्वस्थ रखने पर जोर दिया गया है। अर्थ से स्पष्ट है कि मनोरोगों की जानकारी सिगमंड फ्रायड जैसे विद्वान के पहले ही भारत को थी। चिकित्सा नैतिकता की बात ठीक उठी है। चरक संहिता में कहा गया है कि, ''चिकित्सक सेवा भाव से कम करें। राजा से चिकित्सा का पूरा खर्च लेना चाहिए, लेकिन धनाभाव से पीड़ति गरीब से धन लोलुपता नहीं दिखानी चाहिए। लिखा है कि अगर ज्यादा धन लेना ही वैद्य का उद्देश्य बन बन रहा हो तो चिकित्सक को लोहे के गरम गोले अपने मुंह में डाल लेना चाहिए। यहां चरक कठोर दिखाई पड़ते हैं। लेकिन जीवन मृत्यु के महत्वपूर्ण प्रश्नों के समाधान में कठोरता जरूरी है। चिकित्सा क्षेत्र में नैतिकता का प्रश्न महत्वपूर्ण है। **(लेखक के अपने विचार हैं)**

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# आहट है- मिलावट है, ओम शांति...राम-राम



प्रदीप मिश्र

जब त्योहारों की आहट होती है। शुद्धता को लेकर घबराहट होती है। छापा पड़ने पर दुकानदारों में खिसियाहट होती है। घरों और रिश्तों में बनावट-दिखावट और सजावट होती है। इसीलिए लिखावट में कड़ुवाहट बढ़ जाती है। संघर्षशील विचारक के साथ बिरादरी का अगुआ बनने की अकुलाहट बढ़ जाती है। माल में मनमानी मिलावट और गुणवत्ता में गिरावट के कारोबार के लिए त्योहार सबसे ज्यादा उपयुक्त होते हैं। इसके लिए प्रबंधन के पूरे तंत्र के तार संयुक्त होते हैं। खाने-पीने के सामान में मिलावट ज्यादा देखी जाती है। दिखाने के लिए खाद्य सामग्री फेंकी जाती है। कुट्टू के आटे से व्यपारियों की बदनामी की परियोजना शुरू होती है। इन्हीं दिनों मशहूर कंपनियों की भी इनामी योजना शुरू होती है। पुराना और एक्सपायरी माल सब कुछ खप जाता है। हर कोई अपने माल-मैटेरियल को सबसे अधिक शुद्ध और सात्विक बताता है। अचानक सरकारों को शुद्ध के लिए युद्ध शुरू करने की याद आती है। बाद में खरीदारों को इस बारे में की जाने वाली हर फरियाद सताती है। याद रहे। फ्रेडरिक बाटिपास्ट ने कहा था- हर कोई सरकार पर निर्भर रहना चाहता है जबकि सरकार का अस्तित्व नागरिक से जुड़ा है।

मलाई के मौसम में घटिया माल की सप्लाई और कमाई करने वाले किसी से भेद नहीं करते हैं। मनभेद और मतभेद करने से भी डरते हैं। व्यापारी और कारोबारी कहते हैं कि ग्राहक उनका देवता है। हम उसे और वह हमें देखता है। सरकार के विभाग व्यापार में बाधा बन जाते हैं। 'जागो ग्राहक जागो' के नाम से डराते हैं और कई मामलों में लाभ आधा कर दते हैं। यह तब, जब जिम्मेदारों के घर हम पहले ही पत्र पुष्प के साथ नमकीन और मिठाई पहुंचाते हैं। फिर भी पहरेदारी के चक्कर में फैक्ट्री, गोदाम और दुकान पर आकर रौब फरमाते हैं। कुछ दिन पहले ही लड्डु के साथ धोखा किया गया। सीजन आने से पहले ही बदनाम किया गया। जलेबी को जान बूझकर आगे बढ़ाया गया। लड्डू को ठुकराया गया। इसके पीछे षडयंत्र है। पूरा का पूरा तंत्र है। जो कानून से ज्यादा डरते हैं। बुनावट के साथ मिलावट करते हैं। ये सब दिखने और शिकायत लिखने पर भी बड़ी और कड़ी कार्रवाई नहीं होती है। मौसम का मिजाज जानने वालों के लिए ये ज्यादा बुरी बुराई होती है। ऐसे में आंख बंद करने और खाने वालों के नाम जान लीजिए। डॉक्टरों का पता और उनके काम जान लीजिए। अस्पतालों में अव्यवस्था और वहां के इंतजाम जान लीजिए। मरीजों और तीमारदारों का अंजाम जान लीजिए। आपसे कोई यह नहीं कहेगा कि मिलावट के लिए उसे तनिक भी खेद है। हर समय राजनीति हो तो मिलावट बढ़ जाती है। जनता में घबराहट बढ़ जाती है। नेताओं की पूछ-पहुंच और कीमत चढ़ जाती है। एक

**विषयांतर**



तरफ जीत का जश्न और खिलखिलाहट है। पराजय की पीड़ा को अंतस से महसूस करने वालों में बिलबिलाहट है। नए-नवेलों को मौका देने की कसमसाहट है। दिवाली से पहले इसकी जगमगाहट कुछ चेहरों पर दिखने लगी है। हड़बड़ाहट खिंचने लगी है। दंभ की सनसनाहट सुनी जा रही है। पुराने खेमों को ठिकाने लगाने की सुगबुगाहट बुनी जा रही है। जो कामयाब है वहीं नायाब है। फरेब करने वाली सेबी और ईसीआई जैसी संवैधानिक संस्थाओं की गतिविधियों का अंजाम देखिए। नाकाम बताए जा रहे निकम्मों और निठल्लों के रोजाना छप/दिख रहे नाम देखिए। सुबह देखिए, शाम देखिए। एक ही नाम देखिए। इसके पीछे के पुख्ता इंतजाम देखिए। परेशान मत हों। जब कोई बात बिगड़ जाए तो कह दो-विचार निजी हैं। कुछ समय न दिखो, न बोलो, बिना सुने बता दो- जता दो- लोक कल्याण के कामों में बिजी हैं।

इसी माहौल में खुशी से पर्व मनाइए। पीढ़ियों के लिए पुण्य कमाइए। इस बीच बड़ा दुख हुआ जब नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने से मन अशांत हो गया। कहां-कहां नहीं गए। क्या-क्या नहीं किया। रूस-यूक्रेन के बीच संधि के लिए प्रयास किए। इजरायल-फलस्तीन-हमास के युद्ध में हाथ चलाए। बार-बार स्टैंड बदल कर हाथ जलाए भी। रोए भी खिलखिलाए भी। इजरायल और ईरान-लेबनान-बेरुत पर चुप्पी साध ली। मुट्ठी खुल गई थी, दिखाने के लिए बांध ली। पुरस्कार के लिए किसी ने मदद नहीं की। दोस्ती तो डोरीमैन जैसी थी। टॉम एंड जेरी जैसी नहीं थी। दोस्त रास्ते में नहीं था। फिर भी पिछड़ना। किसी का नहीं लड़ना-अड़ना। दिमाग में सवाल आता है- 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' या फिर सिर्फ बहलाता है। दुख और चिंता की इस कठिन घड़ी में टमाटर टर्र-टर्र करने लगा है। स्वतंत्रता के नाम पर सोशल मीडिया से डॉलर और रुपये के मूल्य में अंतर बताया जाने लगा है। 45 का डॉलर 10 साल में 40 रुपये बढ़कर 85 का ही तो हुआ है। मुकाबले में नोटबंदी में छोटा किया गया रुपया है। भूख के मामले में भी नंबर बढ़ा है। भारत हर जगह सीना ताने खड़ा है।

खैर, सदियों बाद रावण एक बार फिर जल गया। उसका ताप-प्रताप और पाप का पूरा हिसाब फिर टल गया। इसलिए तय है कि आगे उसका अहंकार किसी के सिर पर चढ़ेगा। बिना सोचे-समझे आगे बढ़ेगा। किसी की गोद में पलेगा। ज्यों-ज्यों बड़ा होकर चलेगा, बहुत ज्यादा खलेगा। अगर सत्य अब तक जीत गया होता। तय मानिए कि रामलीला और विजय दशमी का पर्व दशकों पहले ही बीत गया होता। सत्य अब तक भारी है। असत्य की गद्दारों से गहरी यारी है। जनसेवा से मक्कारी है। जनता दुखियारी है। जिसे समझते हैं सब सरकारी, वह दुनियादारी है। ज्यादा इंतजार नहीं करें, दिवाली भी चुनावी हो जाएगी। जनता फर्ज निभाएगी। न जाने क्या गुल खिलाएगी। कुछ खफा होकर बेवफा हो जाएंगे। कुछ की बल्ले-बल्ले और कुछ सफा हो जाएंगे।

**(लेखक के अपने विचार हैं)**

## कविता



दीपाली अग्रवाल

### कल्पना

वहां लोग कहीं भी जा सकेंगे
किसी हवा के समान,
सरहदों का अस्तित्व नहीं होगा
मील के पत्थरों का भी नहीं।
एक ही होगा
समूचे विश्व का नाम,
बहुत सोचने के बाद लगा कि
पृथ्वी रखा जाना
चाहिए वह नाम,
पृथ्वी पर धर्म से
कोई प्रेम नहीं होगा,
वहां प्रेम ही होगा धर्म
कभी कभी लगता है
कितनी कल्पना में
रहते हैं कवि
फिर भी,
साथ तो रखने ही
चाहिए कुछ स्वप्न
जो दिन की थकन के बाद
काम आते हैं,
पृथ्वी की कल्पना के लिए।

# टहरै केर निस्चय करौ तौ सौ ठई जंजालु...



डॉ. आकांक्षा दीक्षित

टहरब कौनौ छोट कामु नाई हय, मुला कहि देव कि टहरै गयेन रहैय तौ घर-भर ऐसै द्याखत है, जनौ कुछु पाप कै डारा होय। वू तौ भला होय सोसल मीडिया केर कि टहरै केरे पांच सै फैदा बताय दिहिन हय। मुन्नीव सोचिन कि टहरा जाय। जब सोचि लिहिन तौ जानि परा कि या तौ अतना सहजु नाई हय जेतना समझि लीन गा हय। जब टहरै केर निस्चय करौ तौ सौ ठई बवाल समहे खड़े हुई जात हय। टहरै केर डिरेस अलग होत हय, जूता अलग होत हय, मने झौव्वन टीमटाम बनावैक परत हय। कोऊ ते कहौव तो यहैय कही कि यहिमा का हय, आपन रोजु वाले कपरा पहिर कै टहिर लेव। तुम कहियौ औ मुन्नी मानि जइहै। अरे आपन धौसौं तौ जमावैक हय। पता लाग कि गंवार घोषित कै दिहिन कलोनी वाले, तौ बेज्जती ना हुई जाई। चलौ यहु सब तौ लै लेव कौनौ तिना, मुला याक टहरुआ सहेली होब बहुतै जरूरी हय। मुन्नी स्वाचै लागी कि मीनू भौजी ते कही कि चलौ हमरी टहरुआ सहेली बनि जाव। वुई बिचारै करती रहैय कि भौजी बरबरात निकरीं। मुन्नी आपन पिलानिंग भूलि कै परपंच केरी आस मा पूछि लीहिन-

**आंखिन देखी–कानन सुनी**

मुन्नी- 'कै भौजी काहे दिक्काय रही हौ।'

भौजी - 'का बताई, हमार ई, तुम्हार भइया कहत रहे कि तुम मोटाय रही हौ, बताव ऐसे कौनौ कहत हय का।'

हम- 'हां कहैक तौ ना चही।'

भौजी- 'कहत रहे कुछु टहरा-वहरा करौ।'

मुन्नी का तौ जइसे मनमांगी मुरादै मिलि गै। कहिन भाभी 'हमहूंक टहरै का हय, साथे चलिहौ तौ कामु बनि जाई।'

भौजी- 'तुम्हार अबै बिहाव नाई भा हय, यहे ते तुमका टहरास लागि हय, हिया मरै केर फुरसत नाई हय, टहरब कसक'

मुन्नी- 'ऐस कौन बात हय भाभी।'

भौजी - 'तुम्हार भइया, मनु होइ छः बजे उठिहै, ना होई तौ सात कहौ आठ बजे तक परे रहैय। जैइसै मानि लेव उठिउ गे तौ नहाय-धोय कै अखबार बचिहैं, नास्ता करिहैं औ टिफिन लै के आफिस चले जइहैं। यू जौन नास्ता-खाना हय, वू तौ हमहिन का तौ बनावैक का हय।'

मुन्नी- 'यू तौ हम सोचैबै नाई भयेन।'

भौजी - 'कै लेव कुछ दिन मौउज। हमारे पास कौनौ आपसन नाई हय, पांच बजे उठैका हय तौ उठैका हय। नहाव-ध्वाव, पूजा पाठ करौ सबकेर चाय-नास्ता करवाव। बाबू जी साढ़े छः बजे चाय पियत हय, अम्मा सात बजे पूजा करती हय, वहि केर तैयारी करै का रहत हय।

फिर बच्चन का तैयार कै के स्कूलै भ्याजव। उनकेर औ इन केर टिफिन बनाय कै देव। सबका विदा करै मा नौ बजे जाति हय तब कहूं याक कप चाय नसीब होत हय सांति केर। यहिके बादि दुपहर केर खाना केर तैयारी, घर केर काम करौ, कब जाई टहरै। सांस ले केर फुरसत तौ हय नाई। चैन ते बैठिउ ना पाव कि लरिका आ जाति हय स्कूल ते, फिर वहै चूल्हा-चौउका।'

मुन्नी- 'कहि तौ ठीक रही हौ।'

भौजी - 'यहे लिए बरबराइत रहैय। मुला अब हम याक उपाय स्वाचा हय।'

मुन्नी- 'का भाभी।'

भौजी -' हमरे हिया चार कमरा, याक लाबी, याक छत तौ हय ना।'

मुन्नी - 'हां हय तौ,यहिका टहरै ते का मतलब।'

भौजी - 'याक कमरा केर नामु कंपनी गार्डेन, दूसरै कै केर वाकिंग गार्डेन, तिसरे केर फलाना पारक, चौथ केर टांकिग पारक धै देइत हय। दिन भर हियै टहरा करित हय, हुइ गा टहरब।'

मुन्नी सोचिन कि अब तौ भौजी का कुछु ऐस बात बतावैक परी कि झट्टैय तैय्यार हुई जाय।

मुन्नी- 'ऐ भौजी! का तुम जनतु हय कि जौन ई सुबेरे-सुबेरे टहरास लागिति हय तौ ई पंचे हुआ करति का हय?'

भौजी -'का ?'

मुन्नी - 'पहिले तौ टहरत हय फिरि छज्जू केरी समोसा औउर सरमा केर चाय बंदु खाय कै लौटत हय।'

भौजी- 'सही बताव, पहिले काहे नाई बतायव। तब तौ टहरै काल्हिन ते चलब।'

मुन्नी- 'कइसे?'

भौजी- 'औउर जलदी उठि जाबै बस कामु बनि जाई।'

मुन्नी- 'काहे?'

भौजी- 'बच्ची वजनु सार घटै, बढ़ै हमका का। पर रहब तौ उठावै वाले जानै, कम ते कम कुछु मन केर खाय क तौ मिलि, ऊपर ते परपंच केर टॉनिक अलग तेने मिलि।'

मुन्नी- 'तौ भौजी काल्हि ते हम पंचे टहरुआ सहेलीव हुई जाब। आजु साम का तैय्यार रहेव अमीनाबादै चला जाई, कम ते कम टहरुआ जूता तौ होयक चही। लौटत मा बतासाव खावा जाई।'

भौजी खुसी-खुसी मूड़ हलाइन तौ मुन्नी गावत-गावत चली गई - 'टहरब हय हमें समोसन के लिए।' **(लेखक के अपने विचार हैं)**

# टाटा, बाटा और पैराशूट से घाटा...



अनुराग अवस्थी 'मार्शल'

रतन टाटा विदेश से पढ़ कर आते हैं तो सालों टाटा स्टील का बेसिक सीखते हैं, तब देश का रत्न बनते हैं। मनोज, राहुल, रोहित ज्ञानचंदानी आते हैं तो घड़ी को सेकेंड से शुरू कर सालों जुटे रहते, तब उत्तर प्रदेश में नंबर एक होने का घंटा बजाते हैं। नीरज चोपड़ा या गीता फोगाट सालों पसीना बहाते तब देश के लिए पदक ला पाते हैं। देश की सबसे बड़ी परीक्षा पास, बिना प्रोबेशन ट्रेनिंग पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट या सीओ बने ट्रेनी आईपीएस जिले के मुखिया नहीं बन पाते, फिर ऐसा क्या जादू जानते हैं ये युवा जो सीधे सांसद, विधायक, मुख्यमंत्री बन जाते हैं। बाकी सबको तो आप बूथ अध्यक्ष और मंडल महामंत्री बना दशकों तक दरी बिछवाते, झंडे लगवाते हो। यही है आज का बाई स्कोप।

**मार्शल का बाई स्कोप**

रतन, कार्निवल यूनिवर्सिटी से आर्किटेक्ट में डिग्री और हार्वर्ड से मैनेजमेंट में पढ़ाई के बाद भारत आए तो ग्रासरूट लेबल पर कंपनी में हर काम किया। उसी का नतीजा था कि रतन टाटा ने अपने रहते कंपनी की संपत्ति 40 गुनी और मुनाफा 50 गुना कर दिया। यही सीखने का समय और मेहनत किसी को रत्न बनाती है। देश में विनम्रता, सादगी,और परोपकार की सबसे बड़ी मिसाल भी उसी ट्रेनिंग और,दादी के दिए संस्कार से बने थे टाटा। एक दूसरे बड़े औद्योगिक खानदान में जमना लाल बजाज के उत्तराधिकारी बने राहुल बजाज भी उसी ट्रेनिंग और मेहनत से 40 कंपनियों में 36 हजार लोगों को रोजगार देने वाले बने। दूर क्यों जाते हैं, फर्रुखाबाद जैसे छोटे से शहर से निकल, कानपुर में बट्टे के साबुन को निकालने वाले मुरली बाबू ऐसे ही उत्तर प्रदेश के नंबर 1 नहीं बन गए। उनके बेटे मनोज और राहुल और विमल जी के बेटे रोहित जब विदेश से पढ़ कर लौटे तो पहले दिन अपने पिता के बगल कुर्सी डाल डायरेक्टर और दो नंबर नहीं बन गए। इसके पीछे विदेश में अर्जित टेकनालिजी का ज्ञान और अपनी फैक्ट्रियों में कर्मियों के साथ की गई अथाह मेहनत लगन और समर्पण था जिसने यूनिलीवर जैसे मल्टीनेशनल को मीलों पीछे छोड़ दिया। हमीरपुर के साधारण घर से निकल कर आए शिवहरे (कपिला) के परिवार की नई पीढ़ी हो या प्रकाश शर्मा के बेटे नरेंद्र शर्मा जिन्होंने 2 हजार की छोटी पूंजी से शुरू कर सुगंध की दुनिया में अपनी काबिलियत, तिरंगा बना चारों ओर महका दी है। ऐसे अन्य बहुत से परिवारों की गाथाएं भी गौरव लगन और समर्पण से भरी हैं। पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर भी कह रही है, अगर अपने यहां भी बच्चों को छोटे पर से ही प्रशिक्षण दिया जाए तो हम ज्यादा पदक जीत पाएंगे। देश की सबसे बड़ी परीक्षा में सफल होने वाले आईएएस और आईपीएस भी 6 माह/ एक साल के लिए बीडीओ या एसडीएम या इंस्पेक्टर, सीओ पद पर रहकर काम सीखते है। फिर ऐसा क्या ईश्वर कोई विशेष योग्यता, कोई वैद्यराज इन्हें जड़ी-बूटी या फिर कलयुग के विश्वामित्र इनको गुरुमंत्र दे देते हैं कि नेताओं के बेटे, बेटियां सीधे पैराशूट से राजनीति के मैदान में पहला कदम विधायक सांसद मंत्री के रूप में रख रहे हैं। मुंबई में पढ़े अनजाने ही राजनीति में आए उमर 28 साल में सांसद और 29 में दिल्ली की अटल सरकार में मंत्री बन गए। 2009 में सबसे युवा कश्मीर के मुख्यमंत्री जिसने हिंसा का दूसरा दौर हमको दिखाया। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में ऑस्ट्रेलिया से पढ़ाई कर लौटे 26/27 साल में सीधे सांसद अखिलेश ही बन सकते हैं। 38 साल में मुख्यमंत्री अखिलेश। वह एक अलग इतिहास है, कैसे मुलायम ने साइकिल चला पार्टी को खड़ा किया। क्या आप 38 साल में उत्तर प्रदेश में मुख्य सचिव या हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश बना रहे हो ? इस सबसे आगे तो हैं राहुल जो सीखने की जिम्मेदारी लेना ही नहीं चाहते हैं, पूरा कंट्रोल पर्दे के पीछे से। 10 साल यूपीए सरकार में उन्होंने किसी विभाग के मंत्री बनने और उसमें काम सीख काबलियत सिद्ध करने का मौका गवां दिया, लेकिन तैयार हैं कि मोदी फेल हों तो हम सीधे प्रधानमंत्री बनेंगे। दिन रात सेक्टर प्रभारी जोनल इंचार्ज बदलने वाली माया ने भी अपने भांजे आकाश आनंद को सीधे अपना उत्तराधिकारी बना दिया। हम तो उनके महंगे जूते की खबर पढ़ जान पाए जबकि काशीराम माया को उंगली पकड़ राजनीति सिखा पाए थे। पहला चुनाव वो हारी थीं। पार्टियां आपकी प्राइवेट लिमिटेड फर्म हैं। आपको संगठन के आंतरिक चुनाव का ढकोसला कर खुद या बेटे बेटी को अध्यक्ष बना चुनाव आयोग को रिकॉर्ड भेजना पड़ता है। लेकिन सीधे मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री बनते बनाते ही करोड़ों किसानों मजदूरों, नौकरीपेशा, छात्रों, बेरोजगारों का भविष्य तय करने लगते हो जबकि तुम्हारी खुद की योग्यता सिर्फ इतनी है कि तुमने अपने काबिल पिता की जोड़तोड़, अनुभव और मैनेजमेंट से एक चुनाव जीत लिया है। संभल जाइए, नहीं तो चुनावी लोकतंत्र का ये पूरा सिस्टम और लोकतंत्र के परदे में राजकुमारों को सिंहासन पर बैठालना भविष्य के किसी चंद्रचूड़ की अदालत में जरूर पहुंचेगा क्योंकि एक दूसरे को अंधभक्त कहते राजनैतिक दलों के युवा तो इस पर जबान खोलने की हिम्मत कर नहीं पा रहे हैं। चलते चलते दुनिया का सबसे कठिन, रोचक, विविधताओं से भरा, जानकारी के अथाह सागर जैसा काम है राजनीति। बिलकुल वैसा जैसे पत्रकारिता हर विषय, हर क्षेत्र, हर वर्ग, हर व्यक्ति, हर विभाग पर लिखने की स्वतंत्रता देता है। किसी पर कुछ लिख देने पर उसका मूल्यांकन पाठक करेंगे, नहीं पढ़ेंगे उसे। दूसरे अच्छे लेखक को पढ़ेंगे, लेकिन विधायक सांसद और मुख्यमंत्री तो कई नहीं हो सकते। कम से कम 5 साल तक नहीं। उन्हीं को झेलना पड़ेगा। केवल उनके नेताओं, उनकी पार्टी और उनके कार्यकर्ताओं को नहीं पूरे क्षेत्र, प्रदेश या देश को। और अंत में बात 1990 की है, प्रकाश सिंह बादल नैनीताल के कड़ुआ पानी गेस्ट हाउस में नजरबंद किए गए और मेरे पिता एसडी अवस्थी एक माह के लिए जेलर के रूप में, लौटकर कई संस्मरणों में बताया कि उनके बेटे सुखबीर मिलने आए, उन्होंने उनसे कहा- जाओ पूरे पंजाब में भ्रमण करो और कार्यकर्ताओं से मिलो। अफ्रीका से वकील बनकर लौटे मोहनदास तभी गांधी बन पाए जब सारे देश की देखने और जानने ट्रेन पर बैठकर निकले। देश की गरीबी देख एक धोती में रहने का निर्णय उन्होंने तभी लिया। आज के नेता क्या गांधी से ज्यादा काबिल हैं?

**(लेखक के अपने विचार हैं)**

## एक नजर

### स्टॉल पर पहुंचे कारागार राज्य मंत्री



**सीतापुर।** प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने दुर्गा पूजा के अवसर पर गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल के स्टॉल का जायज़ा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय द्वारा आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय परंपराओं को संजोने के प्रयासों की सराहना की। श्री राही ने कहा, ₹आधुनिकता की ओर बढ़ते भारत में यह आवश्यक है कि हम अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहें। गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, जहां नई पीढ़ी को आधुनिकता के साथ-साथ हमारी समृद्ध धरोहर से भी जोड़ा जा रहा है।₹ स्कूल के स्टॉल में उनके विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें पारंपरिक भारतीय मूल्यों और आधुनिक शिक्षण विधियों का अनूठा समन्वय दिखाई दिया।

### चोरी की योजना बनाते दो गिरफ्तार

**सीतापुर।** खैराबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की योजना बनाते हुए मुन्ना पुत्र इमाम अली व इबादुल रहमान मो. युनुस निवासी मोहल्ला कटरा थाना खैराबाद को राधेलाल चौराहा से लहरपुर रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के पास से 315 बोर असलहा, कारतूस, बेलचा व पेंचकश बरामद हुआ। पुलिस ने सम्बंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर दोनों को जेल भेजने की कार्यवाही की है।

### मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान



**सीतापुर।** अखिल भारतीय चित्रांश महासभा की जिला इकाई द्वारा सम्मान समारोह का कार्यक्रम सरस्वती संगीत विद्यालय में आयोजित किया गया जिसमे जिला अध्यक्ष अक्षय सहाय,महामंत्री ललित श्रीवास्तव, उपाध्यश दीपक श्रीवास्तव, चंद भानु सक्सेना, सुशील कुमार, प्रदीप कुमार के साथ जिले की पूरी टीम द्वारा संजीव वर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय चित्रांश महासभा (मुख्य अतिथि) वीरेन्द्र सक्सेना (विशिष्ट अतिथि) विमलेश कुमार श्रीवास्तव (विशिष्ट अतिथि), राजन सक्सेना (विशिष्ट अतिथि) का जोरदार स्वागत किया गया। मेधावी छात्रों के इस सम्मान समारोह में इंटरमीडिएट के कलश श्रीवास्तव, शौर्य श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, हर्षित श्रीवास्तव, अरुदीप श्रीवास्तव, जया श्रीवास्तव, अनुष्का श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, हंशिका श्रीवास्तव, अक्षय श्रीवास्तव एवं हाईस्कूल परीक्षा के छात्र-छात्राओं शिविका श्रीवास्तव, निष्ठा श्रीवास्तव, आदित्य वैभव, कार्तिक मोहन, श्रीवास्तव को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### दहेज के लिए विवाहिता पर किया हमला, घायल

**लहरपुर।** सीतापुर, नगर के एक मोहल्ले में दहेज के लिए विवाहिता को ससुराली जनों ने धारदार हथियार से हमला कर किया लहूलुहान, पुलिस ने दर्ज किया अपराध। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला बागवानी टोला निवासी मुशीर अहमद ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि, उन्होंने अपनी पुत्री इरम जज़्बी का निकाह लगभग 5 वर्ष पूर्व नगर के मोहल्ला शाहकुलीपुर निवासी बुनियाद हुसैन के साथ किया था परंतु ससुरालीजन दान दहेज से संतुष्ट नही थे और प्रताड़ति कर दहेज में ₹3 लाख की मांग करते हुए उसे घर से भगा दिया, विगत 10 अगस्त को पुत्री के घर वापस आने पर हम लोगो ने उसे समझा बुझा कर वापस ससुराल भेज दिया, तभी बिना दहेज लिए ससुराल पहुँचने पर पति बुनियाद हुसैन, ससुर अहमद हुसैन, सास इसरतुन , देवर आफताब हुसैन ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उसे गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया, पीड़िता ने बचाव में अपना हांथ आगे कर दिया जिससे उसका हांथ गम्भीर रूप से घायल हो गया, शोर मचाने पर भारी संख्या में लोगों के जमा हो जाने से उसकी पुत्री की जान बच सकी।

### बस कंडक्टर ने ई रिक्शा चालक को जमकर पीटा

**लहरपुर। सीतापुर,** ई रिक्शा में सवारियां बैठाने को लेकर नाराज बस कंडक्टर ने ई रिक्शा चालक को जमकर पीटा, पीड़ति ई रिक्शा चालक ने पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला बनकट निवासी ई रिक्शा चालक लतीफ ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया कि, रविवार को वो नगर के शहर बाजार के पास में दो सवारियां मेहंदीपुरवा जाने के लिए मेरे ई रिक्शा में बैठ गई तभी एक बस कंडक्टर ने उसे गंदी गंदी गालियां दी और लात घूंसों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों सवारियों को उतार कर अपनी बस में बैठा लिया। पीड़ति ई रिक्शा चालक ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

### 13 से स्मृति महोत्सव का होगा आयोजन

मिश्रिख (सीतापुर) हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कस्बा मिश्रिख में महर्षि दधीचि आश्रम के महंत देवानंद गिरी द्वारा महर्षि दधीचि स्मृति महोत्सव का आयोजन दिनांक 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जा रहा है। दिनांक 13 अक्टूबर को महोत्सव उद्घाटन , कलश पूजन सायं 7 बजे से रात्रि 8 तक वृंदावन के कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन किया जाएगा। दिनांक 14 व 16 अक्टूबर को रासलीला मंचन सहित विभिन्न सास्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 17 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रातः 7 बजे से पंचकोसी परिक्रमा व विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। सायं 6 बजे तीर्थराज मिश्रिख का दीपदान व महाआरती के बाद शरद पूर्णिमा को प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना की हुई बैठक

**सीतापुर।** कल्ली चौराहा, सीतापुर शिवाय गेस्ट हाउस कल्ली चौराहा पर राष्ट्रीय हिंदू शेना सेना की बैठक हुई इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे राष्ट्रीय सचिव प्रदीप कुमार हिंदू ने कहा सबका साथ सबका विकास नहीं चाहिए हमे हिंदुओं का साथ और हिंदुओं का विकास चाहिए हम सनातनी हैं सनातन के खिलाफ कुछ भी बर्दाश्त नहीं करेंगे लखनऊ मंडल के अध्यक्ष देश दीपक ने कहा तुम हमारे मंदिरों को तोड़ने की बात करोगे तो आपकी मस्जिद हम तोड़ेंगे सरकार रहे या ना रहे सनातन हिंदू है और रहेगा राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू ने कहा हम किसी धर्म विशेष का हम अपमान नहीं करते और अपने धर्म का भी अपन नहीं सहेंगे अगर हमारी रथ यात्रा या धार्मिक यात्रा पत्थर चलाएंगे तो उसका जवाब हम लोग भी पत्थर से देगे हिंदुओं का धर्म नष्ट करो तो उसका भी बदला दिया जाएगा और कहा हम लोगों को पहले अकबर महान था पढ़ाया जाता था लेकिन अब शिवाजी महाराज चंद्रशेखर आजाद सरदार भगत सिंह यह सब पढ़ाई जाने की आवश्यकता है।

# ढोल-नगाड़े व नृत्य के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

## विसर्जन से पूर्व माँ को भावभीनी विदाई दी, श्रद्धालुओं ने हलवा, बूंदी, केले का वितरण किया, हजारों की संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

**विश्ववार्ता संवाददाता**





**सीतापुर।** शारदीय नवरात्रि में क्षेत्र के दर्जनों गांवों में मां दुर्गा के भक्तों के द्वारा अपनी अपनी मिन्नतें पूरी करने के लिए दुर्गा मां के अलग-अलग स्वरूपों कि स्थापना नवरात्रि के प्रथम दिवस में किया था। मां को मनाने व रिझाने के लिए भक्तजनों ने नौ दिवसों तक खूब पूजा आरती और जगराता करके अपनी मिन्नतें पूरी करने की कामनाओं के साथ विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी विजया दशमी के शुभ दिन में भक्तगणों ने मां दुर्गा के सभी स्वरूपों को पवित्र नदियों जैसे चौका और चहलारी घाट की घाघरा सारदा नदियों में बड़े धूमधाम और श्रद्धा भाव से मां के जैकारों बीच ढोल नगाड़े और भक्ति नृत्य के साथ मां की मूर्तियों को विसर्जन स्थल तक अलग-अलग साधनों से ले जाकर वैदिक मंत्रोंउच्चारण एवं शारदीय नवरात्रि की अंतिम पूजा आरती के साथ ही थानगांव क्षेत्र के दोनों विसर्जन स्थानों पर यह कार्यक्रम देर शाम तक भारी भीड़ के साथ चलता रहा। जिसमें कटरा थानगांव देवरिया गंगापुरवा कोदौरा मगदापुर बाबा कुटिया सेमरी सुजातपुर चकदहा चंदौली घेउणा धुरिहा लालपुर बम्हनावा आदि सहित सैकड़ो मूर्तियों का विसर्जन किया गया।



श्री श्री सार्वजनिन दुर्गोत्सव में पांच दिवसीय कार्यक्रम विजय दशमी की पूजा के साथ सम्पन्न हुआ वहीं पुरोहित दुर्गा पदों चक्रवर्ती ने पूजा मंडप पर कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही से माँ दुर्गा को पुष्पाजलि अर्पित कराया। पूजा समिति के जनरल सेक्रटरी रंजीत दास व असिस्टेंट जनरल सेक्रटरी आकाश राय ने राज्य मंत्री श्री राही का पटका पहनाकर अभिवादन किया।

### गाजे बाजे के साथ हुआ 'मां' का विसर्जन

गोदलामाऊ स्थित मां मुक्तेश्वरी देवी मंदिर प्रांगण देवी परिसर स्थित शरदीय नवरात्रि के पावन पर्व में 9 दिनों तक निरंतर मां दुर्गा की पूजा होती रही। पूजा के बाद नवदुर्गा का प्रति दिन आरती,हवन, जागरण कन्या भोज व माता रानी की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान छूला घाट आदि गंगा गोमती नदी में डीजे की धुन पर थिरकते भक्तगणों ने मां के जयकारों से गुंजायमान वातावरण शंख घंटा की गूंज के साथ पंडालों में शोभायात्रा से पहले गुलाल खेला। फिर गोमती नदी में प्रतिमाएं विसर्जित की गई।

### अंगद रावण संवाद व मेघनाथ द्वारा नाग पाश का भव्य मंचन

**लहरपुर सीतापुर।** आदर्श श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में श्री रामलीला मैदान पर चल रही रामलीला में रविवार को वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने नरातंक वध, अंगद रावण संवाद व मेघनाथ द्वारा नाग पाश का भव्य मंचन किया, श्री राम लीला को देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु बच्चे महिलाएं उपस्थित थे। वृंदावन धाम से आए कलाकारों में रावण के पुत्र नरांतक का सुग्रीव के पुत्र दधिबल के द्वारा वध किए जाने का सफल व संजीव मंचन किया गया।





### बाल रामलीला में कलाकारों ने मन मोहा

**लहरपुर।** सीतापुर नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला स्थित मां संतोषी माता मंदिर प्रांगण में बाल रामलीला में कलाकारों ने रामलीला का मंचन करते हुए, श्री राम रावण युद्ध के उपरांत रावण का पुतला दहन किया। ज्ञातव्य है कि, शनिवार को विजयदशमी के पावन अवसर पर स्थानीय बाल कलाकारों के द्वारा श्री रामलीला का मंचन मंदिर प्रांगण में किया गया।

# साले की पुत्री व उसके प्रेमी ने की थी चोरी

## परिजन को खाने में दी थी नशीली दवा, नकदी व गहने बरामद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** नैमिषारण्य पुलिस ने अरबगंज में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक महिला समेत दो लोगों को दबोच लिया। इनके कब्जे से चोरी किए गहने, नकदी व मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। चोरी की वारदात को गृहस्वामी के साले की बेटी व उसके प्रेमी ने अंजाम दिया था। पुलिस ने चोरी व माल बरामदगी का केस दर्ज कर दोनों को जेल भेजने की कार्यवाही की है।

पुलिस टीम ने अतुल मिश्रा पुत्र अरुण मिश्रा व नैन्सी उर्फ सरिता देवी पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम बिजौली थाना पिसांवा को लेखनापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से 19 हजार 700 रुपये, सोने की जंजीर, एक जोड़ी झाला, माला, एक जोड़ी टप्स, बेसर, एक जोड़ी पायल सफेद धातु, चांदी की जंजीर, छह बिछिया, एक जोड़ी लटकन रोल्ड गोल्ड, दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक बीते दिनों थाना नैमिषारण्य क्षेत्र के ग्राम अरबगंज में नौ अक्टूबर की रात्रि में हुई चोरी का केस दर्ज है। घटना के दिन से ही वारदात में परिजनों के शामिल होने का संदेह होने पर परिजनों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। वादी के घर घटना के दिन व पूर्व में आये व्यक्तियों का विश्लेषण किया गया जिसमें वादी मुकदमा के साले की पुत्री व उसके प्रेमी की संलिप्तता पायी गयी। गिरफ्तार दोनों लोगों ने पूछताछ में बताया कि दोनों के आपस में संबंध थे किंतु परिजन के विरोध में रहने के कारण प्लान बनाकर रात में खाने में नशीली गोली डाल दी। खाना खाने के बाद सभी के सोने पर दोनों नें घर में रखे आभूषण व नकदी चोरी कर ली थी। सुबह घर में सभी को चोरी की घटना होने की पुलिस को सूचना दी गयी थी।



» अरबगंज में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने किया खुलासा

# कब्र खुदवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

## परिजनों ने हत्या कर शव को लटकाने की जताई आशंका

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रेउसा (सीतापुर)।** रेउसा क्षेत्र में 25 जुलाई को एक युवक का शव गांव के बाहर पेड़ से फांसी के फंदे से लटकता मिला था। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवा कर पंचनामा भर कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया था। जिसके कुछ दिनों बाद मृतक के परिजनों को हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका हुई। जिस पर मृतक के पिता ने पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु का कारण जानने हेतु जिलाधिकारी व थाना रेउसा को शिकायती पत्र देकर

शव का पीएम कराने की मांग की थी। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने शव का पीएम कराने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी के आदेश पर शनिवार को तहसीलदार बिसवां उमाशंकर त्रिपाठी और रेउसा थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी ने कब्र को खोदवाकर शव को बाहर निकलवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बताया जाता है कि रेउसा थाना क्षेत्र के खरौहां निवासी जफर खां (24) पुत्र हसमत खां का शव घर से कुछ दूरी पर फर्र गांव निवासी जफरुल खां के विद्यालय के पूरब दिशा में लगे आम के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में शाम करीब छह बजे लटकता मिला था। जिसके कुछ दिनों बाद मृतक के परिजनों को आशंका हुई कि उनके पुत्र को मार कर लटकाया गया है।



कब्र खुदवाकर शव को बाहर निकलवाती पुलिस व तहसीलदार

### लापता युवती का शव गन्ने के खेत में बरामद, खुलासा

**लहरपुर, सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसेपा में लापता नवयुवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गन्ने के खेत में मिलने पर हुई घटना का पुलिस ने किया खुलासा, प्रेमप्रसंग में पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसेपा में विगत बृहस्पतिवार को लापता युवती रंजीता 18 वर्ष पुत्री गयाप्रसाद का शव गांव के निकट गन्ने के खेत में बरामद हुआ था, रविवार को दर्ज मुकदमे का पुलिस ने खुलासा करते गांव के श्याम बिहारी व उसके पुत्र बालक राम को बंदी बनाया।

कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि मृतक युवती का गांव के बालक राम से प्रेम प्रसंग था और उसी के चलते युवती ने बालक रामके घर में लटक कर आत्महत्या कर ली थी, युवती के आत्महत्या की सूचना पर युवक के पिता ने युवती का शव ले जाकर गांव में गन्ने के खेत में डाल दिया था।

# निर्माण पूरा भी नहीं हुआ, गिरने लगा नाला

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सकरन (सीतापुर)।** निर्माण पूरा होने से पहले ही नाला गिरने लगा है। ग्रामीणों ने निर्माण में घटिया सामग्री लगाए जाने का आरोप पहले ही लगाया था।

विकास खंड की ग्राम पंचायत सकरन में ग्राम पंचायत द्वारा शीतला माता मंदिर से देवराज वर्मा के घर तक सीसी मार्ग के एक साइड में नाले का निर्माण करवाया जा रहा है। नाला निर्माण अभी पूरा नहीं हो सका है और देवराज वर्मा के घर के पास करीब दस मीटर नाला शनिवार को गिर गया। पूर्व में ग्रामीणों ने नाला निर्माण मानक के विपरीत करवाए जाने तथा उसमे पीला व पुरानी ईंटा लगवाए जाने का आरोप लगाते हुए खंड विकास अधिकारी से शिकायत की थी।

उसके बाद भी नाला निर्माण में सरिया व सीमेंट का प्रयोग मानक के अनुसार नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण सौरभ, भज्जू लाल, फुरकान व रामचन्द्र आदि ने इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से की है। ग्रामीणों का कहना है कि नाला निर्माण में घटिया सामग्री लगाई जा रही है इसी वजह से निर्माण से पूर्व ही गिरने लगा है।



» ग्रामीणों ने पहले ही घटिया निर्माण की की थी शिकायत

# नाला निर्माण में पीला ईंट और बालू प्रयोग

## मानक के विपरीत निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** रेउसा बिकास खण्ड क्षेत्र के थानगांव में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत नव निर्मित सड़क जो थानगांव से मारूबेंहड के मुख्य मार्ग पर थाने से पहले थानगांव कस्बे में जबरदस्त जलभराव के स्थान पर जल निकासी हेतु अज्ञात ठेकेदार के द्वारा मानक विहीन निर्माण सामग्री से नाला निर्माण करवाया जा रहा है।

जिसमें पीला ईंट और बालू प्रयोग के साथ ही नाला की सतह को मजबूत करने के लिए पड़ने वाले मटेरियल की महज खानापूर्ति कर निर्माण चल रहा है। जिससे नाला बहुत कम समय में टूटकर क्षतिग्रस्त हो सकता है। उक्त नाला निर्माण फिरोज खान के घर से लेकर हनीफ के घर से आगे तालाब तक लगभग डेढ़ सौ मीटर दूरी में निर्मित हो रहा है। जिसमें मानक के विपरीत निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्राम वासियों ने निर्माण कार्य की जांच कर मानक के अनुरूप कार्य कराऐ जाने की मांग कर रहे हैं।



### माँ के जयकारो के साथ किया गया विसर्जन

**सिधौली(सीतापुर)** शारदीय नवरात्रि को समापन के अवसर पर नगर के तहसील रोड,विवेक नगर,महमूदाबाद चौराहे, बिसवां चौराहे,काशीपुर,बाड़ी सहित विभिन्न स्थानों पर स्थापित माँ दुर्गाओं की प्रतिमा का विसर्जन बड़ी धूमधाम माँ के जयकारो व गाजे बाजे के साथ भटपुर घाट स्थित पवित्र गोमती नदी मे भारी पुलिस बल की मौजूदगी में श्रद्धा के साथ किया गया विसर्जन के पूर्व नगर मे स्थापित माँ दुर्गाओं की प्रतिमाओ का नगर भ्रमण मिश्रिख रोड बिसवाँ चौराहा, महमूदाबाद चौराहे से होते हुए भटपुर पहुँची। नगर के कई स्थानों पर नगर के लोगो द्वारा माँ दुर्गा पूजा महोत्सव के वर्ष की अंतिम आरती पूजा अर्चना कर माँ को भावभीनी विदाई दी कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा हलवे,बूंदी,केले मेवे आदि का प्रसाद वितरण किया गया हजारों की संख्या मे पुरुष महिलाये बच्चे माँ की शोभा यात्रा मे सम्मलित हुए।

# संघ का मकसद देशभक्त समाज को खड़ा करना

## महावीर पार्क में आरएसएस ने मनाया विजयादशमी कार्यक्रम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** भगवान श्रीराम अयोध्या से संकल्प लेकर निकले कि इस धरा को असुरों से मुक्त कर दूंगा। उस संकल्प को पूरा करने के लिए अयोध्या से वनवास काल में अनेकानेक ऐसी शक्तियां जिनके यहां देववत्व बंदी था ऐसे पापाचारी का वध किया, उसके बाद से दशहरा पर्व जुड़ा। यह बात महावीर पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विजयादशमी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभाग बौद्धिक प्रमुख राजकुमार ने कही। उन्होंने कहा कि महाराजा मनु ने धर्म के दस लक्षण बताए, और धर्म की रक्षा के लिए अगर शस्त्र की आवश्यकता होगी तो उसका भी प्रयोग किया जाएगा। इसी दिन से राजा महाराजा सीमा उल्लंघन का कार्य करते थे। मराठा साम्राज्य शिवाजी महाराज ऐसे विधर्मी जो समाज में थे उनको नष्ट करके सीमा विस्तार करते थे। जहां यह धर्म के लिए महत्व का पर्व है तो यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए महत्व का पर्व है। 27 सितंबर 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना की। डॉ. हेडगेवार बाल्यकाल से देशभक्त थे, वह जहां कभी देश हित में काम करने वाली संस्था के बारे में जानकारी पाते थे, उससे संपर्क करते थे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में वंदेमातरम के गायन का जब विरोध हुआ, हिंदुओं के तीर्थों, पर्वों का अपमान होते देख उनका मन व्यथित हुआ। उन्होंने तय किया कि ऐसे लोगों को संगठित करके एक संगठन बनाऊंगा जो देश के हितों के बारे में सोचे।



महावीर पार्क में संघ के कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवक

# कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां

## कु. सरोज सरगम द्वारा प्रस्तुत माता सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**विश्ववार्त संवाददाता**



**बिसवां, (सीतापुर)** राष्ट्रीय कवि संगम सीतापुर के तत्वावधान में नवदुर्गा पूजा समिति मुसैदाबाद द्वारा अखिल भारतीय कवयित्री सम्मेलन का शानदार आयोजन संपन्न हुआ। राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु के संयोजन में संपन्न इस आयोजन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री श्रीमती विंदु प्रभा तिवारी ने की व सफल संचालन किया बाराबंकी से पधारी श्रीमती लता श्रीवास्तव ने। पीलीभीत से पधारी कु. सरोज सरगम द्वारा प्रस्तुत माता सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वीर रस की कवयित्री बाराबंकी की कु. ख्याति शिल्पी मौर्या ने राष्ट्रीय चेतना को समर्पित रचना पढ़ी

ना तन के लिए ना ही मन के लिए ना
सुख संपत्ति व धन के लिए ।
एक बार नहीं सौ बार मरूं यदि मरूं तो
अपने वतन के लिए।।

गया बिहार से पधारी कवयित्री श्रीमती शिखा सिंह प्रज्ञा ने कुछ इस तरह अपने स्वर का जादू बिखेरा

मैं सारी श्रृष्टि बदल कर रख दूं ,
नारी प्रतिभाशाली हूं।
अस्मिता अगर खतरे मे हो मैं ही रण
चंडी काली हूं।
दृढ़ता निर्भयता और शौर्यता की
अरुणिमा कहानी हूं।
एवरेस्ट पे चढ़के दिखा दिया, मैं
लडकी हिन्दुस्तानी हूं।।

कुमारी सरोज सरगम ने अपने श्रृंगार के मुक्तक व गीत सुनाकर खूब तालियां बटोरी

मैं तुम्हारी ही चित्रकारी हूं ।
प्रेम में दिल औ जान हारी हूं ।
दो दिलों का मिलन है ये अपना ,
तुम हमारे हो मैं तुम्हारी हूं।।

वरिष्ठ कवयित्री लखनऊ की श्रीमती वर्षा श्रीवास्तव ने अपने गीत व ग़ज़ल सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# स्मार्ट मीटर व बढ़े हॉउस टैक्स से जनता परेशान: आशीष

## जागरूक नागरिक मंच की बैठक में नागरिकों ने उठाई समस्याएं, जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएगा मंच

**विश्ववार्ता संवाददाता**






**सीतापुर।** जागरूक नागरिक मंच जनता की आवाज बनकर उनकी मूलभूत जरूरतों से संबंधित मुद्दों पर समस्याओं के समाधान के लिए मोहल्लावार बैठके कर खुला मंच आयोजित कर समस्याओं के निस्तारण का प्रयास करेगा। उक्त उद्गार जागरूक नागरिक मंच के संयोजक एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने मंच के कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक में व्यक्त किये।

बैठक में नगर के विभिन्न मोहल्लों से मंच सदस्यों ने पहुंचकर जानकारी दी कि इस समय बिजली विभाग शहर में स्मार्ट मीटर के अधिष्ठापन के नाम पर उपभोक्ताओं को परेशान कर रहा है। एक वर्ष के अंदर दूसरी बार मीटर बदले जा रहे है अभी तो मीटर लगाने वाले फ्री में लगा रहे है पर बाद में बिल में इसका मूल्य जुड़कर आने को लेकर लोगो मे संशय है। उपभोक्ताओं की सहमति के बगैर मीटर लगाए जा रहे जो गलत है। कई नागरिकों ने नगर में हाउस टैक्स व वाटर टैक्स में कई हजार गुना बढ़ोत्तरी की शिकायतें की। सिविल लाईन्स निवासी अतुल त्रिवेदी ने कहा कि वाटर कनेक्शन न होने पर भी वाटर टैक्स हजारों में लिया जा रहा।

संदीप पांडेय ने कहा स्वकर निर्धारण पद्धति की कोई जानकारी आम नागरिकों को नही दी गयी। स्वकर निर्धारण के नाम पर जनता का शोषण हो रहा है। अनिल तिवारी ने कहा कि आर्यनगर की तमाम गलियों में पुलियाँ नाली टूटी है शिकायतों पर कोई सुनवाई नही होती। शैलेन्द्र यादव ने कहा कि समस्याओं का समाधान विधिवत शिकायत करके व अधिकारियों से संवाद कायम करके ही हो सकता है। समाजसेवी संजय चौहान ने कहा जागरूकता के अभाव में तमाम नौजवानों को सरकार की कई ऐसी योजनाओं की जानकारी नही मिल पाती जिसमे उनको स्वरोजगार के लिए अच्छा खासा लोन आसान किश्तों पर मिल सकता है, मंच इस दिशा में भी काम करे।

शोभित बाजपेयी ने कहा वो घुरामऊ बंगला मोहल्ला में जागरूकता फैला कर लोगो की सड़क बिजली से संबंधित दर्जनों शिकायतों का प्रशासन से पहल करके निस्तारण करा चुके है अगर लोग जागरूक होकर आवाज उठाएंगे तो समस्या का हल जरूर निकलेगा। यह तय हुआ कि माह के हर पहले रविवार को कैम्प कार्यालय पर मासिक बैठक होगी व हर हफ्ते किसी एक मोहल्ले में खुला मंच लगाकर लोगो की समस्याएं सुनी जाएंगी। बैठक का संचालन राजेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। बैठक में रज्जन मिश्रा, प्रमोद कुमार शुक्ला, शैलेन्द्र यादव, राजेश श्रीवास्तव, सुरेंद्र श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, सुशील चौधरी, संदीप कुमार पांडेय, सौम्या श्रीवास्तव, संजय चौहान, अमितेश शुक्ला, सुरेश शुक्ला, सोहन तिवारी, महेंद्र मिश्रा, असित तिवारी, डॉ विवेक शुक्ला, महेंद्र दीक्षित, नमन बाजपेयी, केडी बाजपेयी, शाहरुख अंसारी , विजय गुप्ता, अमित श्रीवास्तव भारती, जावेद आदि लोग शामिल रहे।

## एक नजर

### फांसी के फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**रायबरेली।** डीह थाना के गांव दिलावलपुर निवासिनी संगीता 35वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियो में उसके ही घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला है ।जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है ।जबकि मयका पक्ष के लोगों ने उसको हत्या की अषंका जताया है ।सीओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मजदूर के ऊपर गिरा पेड़, मौत

**रायबरेली।** बछरावां थाना के गांव ठकुराइनखेड़ा निवासी जगमोहन 61वर्ष कटे यूकेलिप्टस के पेड़ों की छटाई करते दौरान उसके ऊपर दूसरा पेड़ गिर गया जिसमें जगमोहन को गंभीरावस्था में उसको सीएचसी में लाया गया जहां पर उसको मृतक घोषित कर दिया गया ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

### दो गाय की करंट से मौत

**रायबरेली।** बछरावां थाना के गांव बन्नावा निकट खेत में करंटयुक्त तार लगा था जिसकी चपेट में आने से दो गाय की मौत हो गई जिसकी सूचना पुलिस को दिया गया है ।सूचना के बाद मौके पर पशुचिकित्सा विभाग व थाने की पुलिस मौके पर पहुंच मृतक गाय को कब्जे में लेकर जांच प्रारंभ कर दिया है।

### दो युवक का शस्त्र प्रदर्शन;जांच जारी

**रायबरेली।** भदोखर थाना के गांव बेलाखारा में सिगरेट के कस के साथ अवैध शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए वीडियो वायरल कर दिया गया जिसको लेकर भदोखर पुलिस जांच प्रारंभ कर दिया है जबकि नसीराबाद थाना के परय्या में भी एक युवक द्वारा शस्त्र प्रदर्षन करते हुए वीडियो वायरल हुआ है ।जिसका जांच भी थाना प्रभारी ने जारी कर दिया है।

### यौन उत्पीड़न में बालआपचारी को भेजा जेल

**लालगंज, रायबरेली।** गुरूबख्सगंज थाना के एक गांव में मासूम बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न करने के मामले में फरार चल रहे वांछित बालआपचारी रंजीत निवासी गांव पुरई को गिरफ्तार करके किशोर न्यायालय में भेज दिया गया है।

### महिला ने 6 पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**रायबरेली।** गदागंज थाना के एक गांव की महिला ने 6 लोगों के खिलाफ तहरीर देकर छेड़छाड़ व गालीगलौज एवं विरोध में मारपीट करके घायल करने का आरोप लगाया है। सीओ ने बताया कि प्रकरण की जांच करके विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### दिव्यांग को पीटा, भर्ती

**रायबरेली।** बछरावां थाना के गांव शारीखेड़ा निवासी दिव्यांग ओमप्रकाष 50वर्ष को उसके घर के परिजन पुरानी रंजिस को लेकर मारपीट करके घायल कर दिया। जिनको गंभीर चोट आने पर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सर्प ने दुकानदार को डसा, गंभीर

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव खोजनपुर निवासी बीरेन्द्र कुमार गांव सावांपुरनेवादा के निकट दुकान कर रखा है जहां पर उसको सर्प ने डस लिया जिसके बाद उसकी हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सीएचसी से रेफर कर दिया गया है।

### मूर्ति विसर्जन में मारपीट, दो घायल

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव कोटराबहादुरगंज में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए मारपीट में जिला प्रतापगढ़ के थाना नवाबगंज के गांव नरौली निवासी जवाहर व राजा घायल हो जाने पर सीएचसी में भर्ती किया गया ।दोनो युवक ने एक दर्जन पर मारपीट करने का आरोप लगाया है ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच करवाया जा रहा है।

### नाबालिक किशोरी पर छेड़छाड़ का प्रधान पर आरोप

**रायबरेली।** सरेनी थाना के गांव गेगासो की नाबालिक किशोरी के साथ घर में अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ करने का ग्राम प्रधान पर आरोप है ।पीड़िता ने अपने परिजन के साथ थाने में पहुंच ग्राम प्रधान के खिलाफ तहरीर दी है ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच करवाया जा रहा है।

### एनटीपीसी में मारपीट का वीडियो वायरल

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के एनटीपीसी आवासीय परिसर में दषहारा के पर्व में मेला लगा था जहां पर दो पक्षों मे मारपीट होने का वीडियो सोषल मीडिया में वायरल हो गया ।जिसकी जांच सीआईएसएफ व पुलिस कर रही है ।हलाकि पुलिस ने तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्त में लिया था ।सीओ ने बताया कि जांच करके हम कुछ स्पष्ट बता पाऊंगा।

### बाग से पांच हजार की चोरी

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव सरेनी निवासी राजनरायन के बाद में बागवान आत्माप्रसाद सोनकर रहते है ।बागवान ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पांच हजार रूपए बाग से ही चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया है ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

### डंपर में लगी आग, जलकर राख

**डीह, रायबरेली।** डीह थाना के गांव निनावा निकट पानी टंकी के पास अज्ञात कारणों से डंपर में आग लगने से धू धूकर जलने लगा जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तब तक आग पर काबू पाता उसके पाट्र्स जलकर नष्ट हो गए ।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच करवाया जा रहा है।

### आग लगने से लाखों की सामग्री जलकर राख

**रायबरेली।** महराजगंज थाना के गांव थुलवांसा निवासी रामकुमार के यहां आग लगने से तीन बाइक समेत लाखों की सामग्री जलकर राख हो गई है ।पीड़ति ने गांव के तीन पर आरोप लगाकर तीन लाख का नुकसान आग लगाकर करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच करवाया जा रहा है।

### सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी

**लालगंज,रायबरेली।** लालगंज नगर में गांधी चौराहा से लेकर सातनपुर तक खस्ताहाल सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू होने से नागरिकों के लिए राहत भरी खबर है। लोगों को लंबे समय से इस सड़क के निर्माण का इंतजार था जो मांग पूरी हुई। सड़क निर्माण शुरू होने से स्थानीय लोगों ने योगी के प्रति आभार जताया है।

# ईओ के तानाशाही रवैये से विकास बाधित नगर पालिका की व्यवस्था पर उठे सवाल

## नगर पालिका अध्यक्ष और सभासदों ने की मंडलायुक्त से शिकायत, ईओ के स्थानांतरण की मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने मंडलायुक्त रोशन जैकब को शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने अधिशासी अधिकारी (ईओ) स्वर्ण सिंह के तानाशाही रवैये के कारण नगर पालिका के विकास कार्यों में बाधा आने की बात कही।

अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि ईओ की मनमानी से पालिका क्षेत्र का विकास प्रभावित हो रहा है। अध्यक्ष ने लेकर ईओ के स्थानांतरण की मांग की है। मंडलायुक्त ने नगर पालिका अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि मामले पर कार्रवाई की जाएगी।

**अध्यक्ष सहित 32 सभासदों के हस्ताक्षरयुक्त निंदा प्रस्ताव कमिश्नर को सौंपा**

इस मामले में नपा अध्यक्ष सहित 32 सभासदों के हस्ताक्षरयुक्त निंदा प्रस्ताव पारित करके मंडलायुक्त के भ्रमण के दौरान डीएम हर्षिता माथुर भी बैठक में मौजूद रहीं। अध्यक्ष ने कमिश्नर को बताया कि ईओ के तानाशाही रवैया की वजह से पालिका का कामकाज और क्षेत्र का विकास प्रभावित है। उन्होंने यह भी बताया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का ठेका समाप्त होने के बावजूद बिना टेंडर उठे, ईओ के इशारे पर ठेकेदार नागरिकों से अवैध वसूली कर जेब भरने में जुटे हैं, जिससे पालिका का राजस्व का नुकसान हो रहा है।

इससे एक बार फिर नगर पालिका एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। इन सबसे से यही स्पष्ट होता है कि नगर पालिका में भ्रष्टाचार व्याप्त हो रहा है व्यवस्था की कमी है। अध्यक्ष व सभासदों ने कहा कि ईओ के तानाशाही रवैये से विकास बाधित हो रहा है। अध्यक्ष और सभासदों की शिकायतों को मंडलायुक्त ने गंभीरता से लिया है। अब देखना है कि ईओ के स्थानांतरण पर वे कितनी संवेदनशील होकर विचार करती हैं। मंडलायुक्त रोशन जैकब की कर्यशाली प्रदेश में एक ईमानदार और तत्काल कारवाई के लिए जानी जाती है। वे पहले रायबरेली की डीएम रह चुकी है। उनके कार्यशैली से लोग भलीभांति परिचित हैं और उनसे बड़ी उम्मीदें हैं। डीएम को भी इस मामले पर नगर पालिका में व्यवस्था में सुधार करने के लिए शख्त कदम उठाने चाहिए।

बता दें कि डीएम हर्षिता माथुर ने बीती 17 सितंबर की एक बैठक में 3 करोड़ 70 लाख लागत से नगर पालिका को निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की थी। लेकिन नगर पालिका विभाग ने अभी तक टेंडर प्रक्रिया भी पूरी नहीं कर पाया। जो काम एक महीने में शुरू होना चाहिए वह नवंबर तक भी उम्मीद नहीं लग पा रही है कि निर्माण कार्य शुरू हो पाएंगे। शहर की सड़कों की हालत खस्ताहाल है।

**क्या कहते हैं अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ?**

नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने कहा कि ईओ के तानाशाही रवैये से नगर पालिका का विकास प्रभावित हो रहा है। पालिका की इमेज जनता की निगाह में गिरती जा रही है।

> नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने अपने खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित होने को षड्यंत्र बताते हुए कहा कि सभासदों को गुमराह करके मेरे विरुद्ध साजिश रची जा रही है।

हमने मंडलायुक्त से शिकायत की है और ईओ के स्थानांतरण की मांग की है। विकास बाधित हो रहा है। इससे पहले भी सभासदों ने ईओ को बैठक में शामिल होने का विरोध किया था। अध्यक्ष ने ईओ पर विकास कार्यों में रोडा लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यदि ईओ का यहां से अन्यत्र स्थान्नतरण नहीं हुआ तो वे इस मामले को मुख्यमंत्री तक ले जाएंगे।

## मां दुर्गा की प्रतिमाओं का श्रद्धा व हर्षोल्लास से हुआ विसर्जन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लालगंज,रायबरेली।** शनिवार और रविवार को भी मां दुर्गा की मूर्तियों का विसर्जन पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ किया गया। अलग-अलग पूजा पंडालों से श्रद्धालु जुलूस के रूप में मां की प्रतिमाओं को लेकर निकले और गंगा घाट पर विसर्जन के लिए पहुंचे। विसर्जन की व्यवस्था में डीजे की भक्तिमय धुनों पर नाचते गाते श्रद्धालु प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए गंगा घाट पहुंचे। नगर के अलग-अलग मोहल्लों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

मां के भक्तों ने गुलाल उड़ाया और डीजे और ढोल नगाड़ों की धुनों पर थिरकते हुए समर्पण भाव व्यक्त किया। स्थानीय पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम के लिए हर नुक्कड़ चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। कस्बे के दुर्गा माता मंदिर परिसर में सजी मां की मूर्ति के विसर्जन के लिए विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर वीरेंद्र श्रीवास्तव, सुधांशु श्रीवास्तव, हरिशंकर श्रीवास्तव, शिव प्रकाश आदि लोग मौजूद रहे। दुर्गा मूर्ति महोत्सव का समापन प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही दस दिनों तक चला। इस भक्तिमय महोत्सव का



समापन हुआ।

**गोकना गंगा घाट पर दुर्गा मूर्ति विसर्जन के लिए उमड़ा जनसैलाब**

**ऊंचाहार:** गोकना गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने लगभग डेढ़ सौ मूर्तियों का विसर्जन किया। पुलिस प्रशासन की देखरेख में कड़ी सुरक्षा के बीच दुर्गा मूर्तियों को विसर्जित किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ चौधरी, कोतवाल अनिल सिंह, गोकर्ण घाट के पुरोहित पंडित जीतेंद्र द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से मूर्तियों को विसर्जित किया और गंगा घाट पर जमकर आतिशबाजी की। विसर्जन के दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। सोमवार को भी सलोन, नसीराबाद, डीह सहित अन्य क्षेत्रों से मूर्ति विसर्जन होगा।

# रायबरेली : आईटीआई प्रशिक्षार्थियों ने शुल्क की वापसी की मांग

**बीपी सिंह**

**रायबरेली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अखिल भारतीय परीक्षा जुलाई 2020-2022 का मामला प्रकाश में आया है जिसमें कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा (सीबीटी) और प्रयोगात्मक दोनों परीक्षाओं हेतु जिसमें प्रत्येक प्रशिक्षार्थी से रूपए 376 एवं 325 वसूल कर जमा किये गये थे। कोरोना लहर होने के कारण सीबीटी परीक्षा नहीं हुई थी। प्रशिक्षार्थियों को प्रमोट कर दिया गया था। सरकारी आदेश आया था कि प्रशिक्षार्थियों से परीक्षा शुल्क न लिया जाए। सरकार की घोषणा के बाद प्रशिक्षार्थियों द्वारा दी गई शुल्क अब तक वापस नहीं मिली है। परंतु रायबरेली आईटीआई कॉलेज में हर परीक्षार्थी से परीक्षा शुल्क लिया गया जो कि राजकीय कोष में नहीं जमा किया गया और न ही प्रशिक्षार्थी को वापस किया गया है। सरकार की घोषणा के बावजूद प्रशिक्षार्थियों से वसूल किया गया शुल्क कोविड जुलाई 2020- 2022 में प्रशिक्षण शुल्क सरकार की घोषणा के बावजूद प्रशिक्षार्थियों से वसूल किया गया और न प्रशिक्षार्थियों को वापस किया गया और न ही राजकीय कोष में जमा किया गया है। प्रशिक्षार्थी का कहना है कि 376 रूपये प्रति परीक्षार्थी को वापस किया जाना था, लेकिन आज तक वापस नहीं किया गया है। प्रशिक्षार्थी आखिरी इस बात से खासे चिंतित है कि उनके द्वारा दी गई इस शुल्क की बंदर बांट कहां कहां हुई ? इसे बताने को कोई भी तैयार नहीं हैं। बता दें कि आईटीआई कॉलेज (पुरुष) रायबरेली संस्थान के त्कालीन प्रिंसिपल बीती 30 सितंबर को सेवानिवृत हो गए हैं। उनके स्थान पर राजकीय आईटीआई कॉलेज ऊंचाहार के प्रिंसिपल पवन मिश्र ने प्रिंसिपल का चार्ज संभाला है। जिन्होंने बताया कि इस बारे में उनको अभी कुछ पता नही है। इस कॉलेज की नोडल ट्रेनिंग क्लर्क इला सिंह हैं जिनके समय का मामला है उन्होंने भी इस संबंध में कुछ भी बताने से मना कर दिया। उधर, अनुदेशक शिवकुमार ने बताया कि ट्रेड इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक में 2020-2022 में 21 बच्चे थे। प्रशिक्षार्थी के शुल्क को कोष में जमा किया गया था। जो चालान के साथ में किया गया इसलिए वापस नहीं हुआ। आईटीआई कॉलेज में शुल्क वापसी का मामला सरकार की घोषणा के बावजूद प्रशिक्षार्थियों को शुल्क वापस नहीं मिला, न ही यह शुल्क राजकीय कोष में जमा किया गया। प्रशिक्षार्थी अपने शुल्क की वापसी की मांग कर रहे हैं। कालेज प्रशासन ने साधी चुप्पी कॉलेज प्रशासन इस मामले में चुप्पी साधे हुए है, जबकि प्रशिक्षार्थी आरोप लगा रहे हैं। इस मामले की खोजबीन और पड़ताल पर शासन को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

# भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकली

## भगवान श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हुआ वातावरण

» रामलीला मैदान में रावण के पुतले का दहन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लालगंज, रायबरेली।** विजयदशमी के अवसर पर नगर क्षेत्र में भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। भव्य शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, हनुमान सेना, भगवान गणेश, काली माता, दुर्गा माता सहित अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।



चेयरमैन सरिता दीपेंद्र गुप्ता ने भगवान श्रीराम की आरती उतारते हुए

रामलीला कमेटी की ओर से परंपरागत तरीके से दशहरे के दिन रावण दहन में भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा कस्बे के करुणा बाजार चौराहे से शुरू होकर तिकोना पार्क, चिकमंडी, बेहटा चौराहा, आचार्य नगर होते हुए रामलीला मैदान पहुंची।

**भगवान राम के बाण से रावण हुआ धराशायी**

शोभायात्रा के रामलीला मैदान पहुंचने पर रामलीला का मंचन हुआ। जहां राम रावण के बीच चले युद्ध में भगवान राम के बाण से रावण धराशायी हो गया। जिसके बाद बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया। भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक और आरती पूजन के साथ रामलीला का समापन हुआ।दशहरा के अवसर पर चेयरमैन सरिता दीपेंद्र गुप्ता, कैलाश बाजपेई, रवी मुरारका, रानू गुप्ता, पूर्व चेयरमैन रामबाबू गुप्ता, विहिप नेता रामगोपाल त्रिपाठी, केसी गुप्ता, चंद्रप्रकाश पांडेय, गिरीश नारायण पांडेय, अनूप पांडेय, व्यापारी नेता विवेक शर्मा, रोहित सोनी, राहुल भदौरिया, महेश शर्मा, शतपाल सिंह पालू, कैलाश गुप्ता, दीपचंद्र गुप्ता गौरव शुक्ला सहित रामलीला कमेटी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। सेमरपहा गांव में भी रामलीला के साथ परंपरागत तरीके से विजयदशमी का त्यौहार मनाया गया। ओरी का पुरवा गांव स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी दशहरे में कार्यक्रम आयोजित हुए। खजूरगांव, ऐहार, उमरामऊ, मिर्जापुर गांव सहित कई स्थानों पर रावण दहन हुआ।

## श्रद्धालुओं से भरा लोडर पलटा, 20 लोग घायल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में श्रद्धालुओं को लेकर जा रहा एक तेज रफ्तार लोडर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया, जिससे लोडर में सवार 20 श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों में पांच गंभीर है। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

यह दुर्घटना गोकना गंगा घाट को जाने वाले मार्ग पर ऊंचाहार थाना क्षेत्र के किसुन दासपुर गांव के सामने मोड़ के पास हुई है। क्षेत्र के गांव मिस्रपुर उर्फ चतुरपुर में स्थापित दुर्गा प्रतिमा को रविवार को विसर्जन के लिए गोकना गंगा घाट ले जाया जा रहा था। विसर्जन ने गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी जा रहे थे। श्रद्धालुओं से भरा एक लोडर तेजी के साथ जा रहा था। रास्ते ने किसुन दासपुर मोड़ के पास यह लोडर अधिक गति होने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया,



जिससे वहां चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने दौड़ कर लोडर में सवार लोगों को बाहर निकाला और उन्हे सीएचसी पहुंचाया।

घायलों में गांव के उमेश कुमार, निशा, नीलू, रेशमा, मीरा कुमारी, रामपति, प्रतिमा, देशराज, झरी, उमा, अखिलेश, कीर्ति, धर्मेश, सुमित पांडेय, सुभम पटेल, रुचि, तारावती, अनामिका, सुभागा और लोडर चालक अनिल जायसवाल सहित कुल 20 लोग घायल हुए है। घायलों में उमेश, प्रतिमा, अखिलेश, कीर्ति और धर्मेश को गंभीर चोटें लगी है। सभी घायलों का सीएचसी में इलाज चल रहा है।

## पूर्व विधायक गजाधर सिंह पंचतत्व में विलीन हजारों लोगों ने दी बिदाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**ऊंचाहार, रायबरेली।** क्षेत्र के पूर्व विधायक गजाधर सिंह का अंतिम संस्कार रविवार को गोकना गंगा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। पूर्व विधायक को गार्ड ऑफ़ आनर दिया गया फिर चिता को मुखगनी दी गई।

वे पंचतत्व में विलीन हो गए। अंतिम संस्कार में प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, प्रदेश के स्वस्थ राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, भाजपा नेता, गैर दलों के नेता, गैर राजनैतिक, व्यापारी , ग्रामीण सहित के तथा क्षेत्रीय लोगो का हुजूम अंतिम संस्कार में उमड़ा। दिवंगत पूर्व विधायक गजाधर सिंह 1993 में डलमऊ विधान सभा से सपा बसपा गठबंधन से विधायक बने थे। इसके अलावा गजाधर सिंह चार बार



पूर्व विधायक गजाधर सिंह

जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन भी रहे। श्री सिंह की छवि दमदार नेताओं में गिनी जाती थी ।एक दौर था जब वह पहली बार डीह ब्लॉक प्रमुख बने और उनका कद बढ़ते ही वे जिले की राजनीति में चर्चा में आए थे उन्होंने उसके बाद फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## निफ्ट में प्रवेश नवंबर से शुरू

**रायबरेली।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) में अगस्त-2025 से शुरू होने वाले नए शैक्षिक सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया नवंबर माह से शुरू होगी। फैशन टेक्नोलॉजी, फैशन डिजाइन, फैशन एंड लाइफ स्टाइल असेसरीज डिजाइन, लेदर डिजाइन और फैशन कम्युनिकेशन में प्रवेश के लिए इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। रायबरेली कैंपस में स्नातक के पांच और स्नातकोत्तर का एक पाठ्यक्रम संचालित हैं, जिनमें 258 सीटों के लिए प्रवेश होंगे। निफ्ट ने विद्यालयों में कार्यशालाएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है ताकि ज्यादा से ज्यादा आवेदन हो सकें। सहायक प्रोफेसर प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक पाठ्यक्रम में 43 सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे। निफ्ट के नोडल अधिकारी (प्रवेश) डॉ. विद्या राकेश ने बताया कि भौतिक और गणित विषय वाले अभ्यर्थी क्रिएटिव एबिलिटी टेस्ट देकर फैशन टेक्नोलॉजी और फैशन इन डिजाइन, दोनों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# विजयादशमी पर शमी वृक्ष की पूजा

## शमी वृक्ष और शनि मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लालगंज,रायबरेली।** क्षेत्र के कुम्हारौड़ा गांव में शनिवार को विजयादशमी के मौके पर शमी वृक्ष की पूजा उपासना हुई। इस मौके पर तमाम स्थानीय व दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने विधि विधान पूर्वक शस्त्र पूजा की। मान्यता के अनुसार गांव स्थित शनिमंदिर परिसर में बहुत पुराना शमी वृक्ष है।

परंपरानुसार यहां प्रतिवर्ष विजयादशमी के दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। मंदिर के कर्ताधर्ता रमाशंकर उर्फ (नन्हा तिवारी) ने बताया कि परिसर का शमी वृक्ष बहुत पुराना है। परिसर में ही भगवान शिव व शनि देवता का मंदिर है। साल भर यहां दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। विजयादशमी पर स्थानीय व गैर जिलों के श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना करने आते



कुम्हारौड़ा गांव में प्रसिद्ध शनि मंदिर और शमी के वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना करते श्रद्धालु पूनमश्री

हैं। सुबह से मंदिर में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। समाजसेवी व सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर पूनमश्री ने विधि विधान पूर्वक शमी वृक्ष की पूजा अर्चना की और ईश्वर से जीवन में सुख समृद्धि आशीर्वाद मांगा। उनके साथ उनके तमाम फॉलोवर व शुभचिंतक मौजूद रहे। मंदिर में भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सत्यम त्रिपाठी, सुंदरम, श्यामू, रणवीर सिसोदिया, संजय तिवारी राजपाल यादव श्रीपाल यादव कन्धई यादव सहित तमाम श्रद्धालु व व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

**आयोजन** जिले भर में दुर्गा मूर्ति विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

# रायबरेली में मां दुर्गा मूर्ति विसर्जन के साथ ही धूमधाम से मनाया गया दशहरा का पर्व

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** जिले भर के विभिन्न स्थलों पर दुर्गा मूर्ति विसर्जन का कार्य क्रम शांत पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। डीएम और एसपी निर्देश पर लगने वाले दशहरे मेले और मूर्ति विसर्जन को लेकर जगह-जगह पर पुलिस प्रशासन, पुलिस टीम सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाई गई।

जिससे किसी तरह की कोई अनहोनी नहीं हुई। नगर क्षेत्र के राजघाट सई नदी पर प्राचीन दशहरा मेला को लेकर नगर पालिका की टीम ने चुने से छिड़काव कराया। वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार रावण दहन का भी कार्यक्रम शाम को किया गया। जिला प्रशासन ने मेले में भीड़ में किसी प्रकार की कोई घटना न हो इसलिए जगह-जगह पर



दुर्गा मूर्ति विसर्जन पर आरती करते नपा अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर

पुलिसकर्मी तैनात किए थे। शहर के विभिन्न जगहों से आने वाली मूर्तियों का विसर्जन सई नदी के पास किया।

**नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने दुर्गा मूर्ति विसर्जन और दशहरा मेले का में किया भव्य आयोजन, व्यवस्था हुई सराहना**

**नगर :** पालिका परिषद के अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने दुर्गा मूर्ति विसर्जन और सुरजूपुर सई बांध पर दशहरा मेला



सलोन में दशहरा पर्व पर दशानन और राम का जीवंत अभिनय करते कलाकार

के कार्यक्रम साफ सफाई व्यवस्था का भव्य आयोजन किया। नपा अध्यक्ष के निजी पीआरओ अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दुर्गा मूर्तिविसर्जन और दशहरा कार्यक्रम में वाहनों मूर्तियों को लाने पर किसी भी प्रकार दिक्कत न हो इसके लिए व्यापक व्यवस्था कराई। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के निर्देशन में पूरी तैयारी की गई जिसमें बड़े-बड़े दो तालाब जैसे गड्ढे खुदवाए गए। इन्हीं में मूर्तियों को विसर्जन किया गया। भक्तों ने होली जैसे माहौल में रंग में रंगे थे। सभी ने अपनी अपनी मूर्तियों को गाजे बाजे के साथ राजघाट पर विसर्जन किया। नगर पालिका अध्यक्ष सत्रोहन सोनकर ने कहा कि हर वर्ष की भांति यहां पर दशहरा मेला और मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम किया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है दशहरा मेला और रावण दहन का हुआ।

दुर्गा मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न हो गया। नगर पालिका क्षेत्र के 60 दुर्गा मूर्त विसर्जन का पाजीकरण हुआ मगर, इसमें छोटी बड़ी दुर्गा मूर्ति मिलकर लगभग सौ से अधिक मूर्तियों का विसर्जन किया गया है। मूर्ति विसर्जन के एक सैकड़े गड्ढे खोदे गए थे जिससे किसी को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हुईं। पुलिस प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी से सुरक्षा व्यवस्था में लगा रहा। सुरक्षा बलों को तैनात किया गया। इस अवसर पर सदर तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी ने काफी देर तक दशहरा मेला और दुर्गा मूर्ति विसर्जन पर नजर बनाएं रखीं । करती रही साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट धीरज श्रीवास्तव, ईओ स्वर्ण सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा सहित सभी ने नगर पालिका के कर्मचारीओ के कार्य में सफाई व्यवस्थाऔर लाइटिंग व्यवस्था की प्रशंसा सराहनीय रही।

**मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने बाण चलाकर बुराई के प्रतीक लंकाधिपति दशानन रावण का वध कर की धर्म की स्थापना**

**सलोन :** असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक विजय दशमी पर्व सलोन क्षेत्र में धूमधाम के साथ वैदिक रीति रिवाज से मनाया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने बाण चलाकर बुराई के प्रतीक लंकाधिपति दशानन रावण का वध कर धर्म की स्थापना की है।

मिनी स्टेडियम में कार्यक्रम देख रहै हजारों की भीड़ ने जय श्रीराम के जयकारे और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच हर्ष जताया ।मिनी स्टेडियम में रावण दहन का शानदार मंचन और मेले का आयोजन हुआ ।इससे पूर्व सलोन कस्बे में श्रीराम रावण की झांकी निकाली गई ।आगे आगे श्री की सवारी पीछे दशाशन रावण राक्षसों के साथ चल रहा था।


फोटो कैप्शन

# इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को 10 विकेट से धोया

एजेंसी

**शारजाह।** इंग्लैंड ने महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपने तीसरे मुकाबले को 10 विकेट से जीता। उसने शारजाह में खेले गए मैच में स्कॉटलैंड को केवल 10 ओवर में मात दी। इंग्लिश टीम को जीत के लिए 110 रन का लक्ष्य मिला था और उसने अपने ओपनर्स के दम पर इसे बड़े आराम से हासिल कर लिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने सेमीफाइनल में जाने की उम्मीदों को मजबूती दी है। वहीं स्कॉटलैंड लगातार चौथी हार के साथ विदा हो गई। इंग्लैंड और स्कॉटलैंड की बैटिंग के अंतर को इसी बात से समझा जा सकता है कि इंग्लिश बल्लेबाजों ने 10 ओवर में 19 चौके उड़ा दिए। स्कॉटिश टीम अपने 20 ओवर में केवल सात चौके लगा सकी थी।

पहले बैटिंग करते हुए स्कॉटलैंड की 20 ओवर में छह विकेट पर 109 रन ही बना सकी। उनके पास बैटिंग लंबी थी लेकिन इंग्लिश स्पिनर सॉफी एकलेस्टन की दमदार बॉलिंग ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। इस फिरकी बॉलर ने चार ओवर में 13 रन देकर दो विकेट लिए। इनके अलावा चार बॉलर्स को एक-एक कामयाबी मिली। स्कॉटलैंड की तरफ से ब्रायस सिस्टर्स सारा और कैथरीन ने उपयोगी पारियां खेली लेकिन इनसे टीम जीतने लायक स्कोर तक नहीं पहुंच सकी। सारा ने 31 गेंद में 27 तो कैथरीन ने 28 गेंद में 33 रन बनाए।



इसके जवाब में इंग्लैंड की ओपनर्स माया बूशियर और डानी वायट ने नाबाद अर्धशतक ठोके। दोनों ने तूफानी गति से रन जुटाए जिससे इंग्लिश टीम ने अपनी नेट रन रेट को भी बूस्ट दिया। बूशियर ने चौकों के साथ पारी का आगाज किया। उन्हें शुरू में एक जीवनदान भी मिला और इसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। वह 34 गेंद में 12 चौकों से 62 रन बनाकर नाबाद रही। डानी ने 26 गेंद का सामना किया और सात चौकों की मदद से नाबाद 51 रन की पारी खेली। इन दोनों के हमलों के आगे स्कॉटिश टीम की बॉलर्स का कोई दांव कारगर नहीं रहा।

इंग्लैंड इस मुकाबले में जीत से पहले तीसरे स्थान पर थी। उसने नेट रन रेट में साउथ अफ्रीका को पछाड़ने के लिए 11.5 ओवर से पहले जीत दर्ज करना था। वहीं वेस्ट इंडीज को पछाड़ने के लिए 9.3 ओवर में जीतना था। अभी वह पहले स्थान पर पहुंच गई लेकिन नेट रन रेट में वेस्ट इंडीज उससे ऊपर है।

## एक नजर

### पाकिस्तान टीम में डायना के स्थान पर नजीहा को मंजूरी

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले जा रहे आईसीसी महिला टी20 विश्वकप 2024 की आयोजन तकनीकी समिति ने पाकिस्तान टीम में डायना बेग के स्थान पर नजीहा अल्वी को मंजूरी दे दी है। 12 एकदिवसीय और आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय खेल चुकी नजीहा को तीन अक्टूबर को शारजाह में श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान दाहिनी पिंडली की मांसपेशियों में चोट लगने के कारण डायना के बाहर होने के बाद प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया था। किसी खिलाड़ी के प्रतिस्थापन के लिए खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल करने से पहले तकनीकी समिति की मंजूरी की आवश्यकता होती है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 की इस समिति में वसीम खान – आईसीसी महाप्रबंधक – क्रिकेट (अध्यक्ष), स्नेहल प्रधान, आईसीसी प्रबंधक – महिला क्रिकेट, सलमान हनीफ, अमीरात क्रिकेट बोर्ड टूर्नामेंट निदेशक, केटी मार्टिन, स्वतंत्र प्रतिनिधि शामिल हैं।

### इमर्जिंग टीम एशिया कप में तिलक वर्मा करेंगे इंडिया ए की अगुवाई

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ओमान में होने वाले पुरुष टी–20 इमर्जिंग एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय इंडिया ए टीम की घोषणा कर दी गयी है। 18 अक्तूबर से शुरु होने वाले पुरुष टी–20 इमर्जिंग एशिया कप में तिलक वर्मा इंडिया ए का नेतृत्व करेंगे। अब तक भारत के लिए चार एकदिवसीय और 16 टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके तिलक के अलावा टीम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके अभिषेक शर्मा और राहुल चाहर भी टीम में जगह दी गई हैं। टीम में इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वालो खिलाड़ियों को शामिल किया गया हैं। भारत 19 अक्तूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। इस ग्रुप में ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भी शामिल है। यह पहली बार होगा जब यह टूर्नामेंट टी–20 प्रारूप में खेला जाएगा। इसके पिछले पांच संस्करण एकदिवसीय प्रारूप में खेले गए थे। भारत ने 2013 में इसका प्रथम संस्करण अपने नाम किया था जबकि पिछले दो बार से पाकिस्तान यह ट्रॉफी जीतता आ रहा है। 2023 में भारत को फाइनल में पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम इस प्रकार है :– तिलक वर्मा (कप्तान), अभिषेक शर्मा, आयुष बदोनी, निशांत सिंधु, अनुज रावत, प्रभसिमरन सिंह, नेहाल वढेरा, अंशुल काम्बोज, ऋतिक शौकीन, आकिब खान, वैभव अरोड़ा, रसिख सलाम, साई किशोर और राहुल चाहर।

### महेला जयवर्धने मुंबई इंडियंस के कोच बने



**नयी दिल्ली।** मुंबई इंडियंस ने महेला जयवर्धने को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। इससे पहले जयवर्धने 2017 से 2022 तक लगातार पांच साल तक टीम के मुख्य कोच रहे थे। हालांकि 2022 में एमआई फ्रैंचाइजी के दूसरे लीगों में वैश्विक विस्तार के कारण उन्हें फ्रैंचाइजी का वैश्विक प्रमुख बनाया गया था, लेकिन अभी उन्हें फिर से वापस टीम के लिये लाया गया है। वह मार्क बाउचर की जगह लेंगे। एमआई की ओर से फ्रैंचाइजी मालिक आकाश अंबानी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि हम महेला को वापस मुख्य कोच के रूप में लाकर बहुत उत्साहित हैं। हमारी अन्य टीमें भी अब अपनी पांव जमा चुकी हैं और यह महेला को वापस लाने का सही समय है। उनके नेतृत्व और ज्ञान से एमआई को हमेशा लाभ मिला है। हम इस मौके पर बाउचर को भी उनके योगदान के लिए धन्यवाद देते हैं। वह एमआई परिवार का एक अभिन्न हिस्सा हैं। इस अवसर पर जयवर्धने ने कहा कि एमआई परिवार के साथ मेरी यात्रा विकास की यात्रा रही है। 2017 में भी जब मैं आया था तो भविष्य के लिए एक टीम तैयार करनी थी, अभी भी कुछ वैसा ही अवसर है। यह मेरे लिए एक उत्साहित करने वाली चुनौती है और मैं इस अवसर के लिए तैयार हैं।

### जोसेफ गॉर्डन-लेविट ने भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी की तारीफ की



**मुंबई।** हॉलीवुड स्टार जोसेफ गॉर्डन लेविट ने बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाडी की तारीफ करते हुये उसे सुंदर और अनोखी फिल्म बताया है। संजय लीला भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी वर्ष 2022 में रिलीज हुयी थी, जिसमें आलिया भट्ट ने मुख्य भूमिका निभायी थी। इस फिल्म को दुनिया भर में दर्शकों से तारीफ मिली हैं।समीक्षकों ने भी इस फिल्म को पसंद किया है। हॉलीवुड स्टार जोसेफ गॉर्डन–लेविट ने भी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी की तारीफ की है, उन्होंने इसे अनोखी और ऐसा कुछ बताया है जो उन्हें कभी नहीं देखा है।

# विमेंस वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

## विमेंस वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया : 4 रन से हारकर सेमीफाइनल की उम्मीदें लगभग खत्म, हरमनप्रीत ने फिफ्टी लगाई

एजेंसी

**शारजाह।** विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 4 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम इंडिया के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं। टीम 4 में से 2 ही मैच जीत सकी। अब अगर पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से हरा दिया, तभी टीम इंडिया सेमीफाइनल खेल पाएगी।

शारजाह में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 151 रन बनाए। टीम से ताहलिया मैक्ग्रा ने 40 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया 9 विकेट खोकर 142 रन ही बना सकी। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 47 गेंद पर 54 रन बनाए। बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सकीं। ऑस्ट्रेलिया से एनाबेल सदरलैंड और सोफी मोलेनिक्स ने 2-2 विकेट लिए। 20वें ओवर में भारत को 6 गेंद पर 14 रन चाहिए थे। यहां दूसरी गेंद पर पूजा वस्त्राकर को एनाबेल सदरलैंड ने बोल्ड कर दिया। तीसरी गेंद पर अरुंधति रेड्डी रनआउट हो गईं। पांचवीं बॉल वाइड रही, इस पर श्रेयांका पाटिल रनआउट हो गईं। अगली बॉल पर राधा यादव LBW हो गईं। वस्त्राकर ने 9 रन बनाए, जबकि बाकी 3 बैटर्स खाता भी नहीं खोल सकीं।





विकेटकीपर बैटर ऋचा घोष 17वें ओवर में रनआउट हो गईं। ओवर की दूसरी बॉल पर उन्होंने कवर्स की दिशा में एक रन लेने की कोशिश की, लेकिन फीब लीचफील्ड के डायरेक्ट हिट के कारण उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा।

ऋचा 3 गेंद पर 1 ही रन बना सकीं। दीप्ति शर्मा 16वें ओवर में कैच आउट हो गईं। उन्हें सोफी मोलेनिक्स ने जॉर्जिया वेयरहम के हाथों कैच कराया। दीप्ति ने 25 गेंद पर 3 चौके लगाकर 29 रन बनाए। दीप्ति शर्मा और हरमनप्रीत कौर ने चौथे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। 16वें ओवर में दोनों ने टीम का स्कोर 100 रन के पार भी पहुंचा दिया। जेमिमा रोड्रिग्ज 7वें ओवर में कैच आउट हो गईं। उन्हें मेगन शट ने डीप मिड-विकेट पोजिशन पर एश्ले गार्डनर के हाथों कैच कराया। जेमिमा ने 12 गेंद पर 16 रन बनाए। पावरप्ले के 6 ओवरों में भारत ने 2 विकेट गंवा दिए। शेफाली वर्मा 20 और स्मृति मंधाना 6 रन बनाकर आउट हुईं। टीम ने 41 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया से एश्ले गार्डनर और सोफी मोलेनिक्स ने 1-1 विकेट लिया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में स्मृति मंधाना LBW हो गईं। उन्हें सोफी मोलेनिक्स ने ओवर की पहली ही गेंद पर पवेलियन भेज दिया। मंधाना ने 12 गेंद पर 6 रन बनाए। भारत ने चौथे ओवर में पहला विकेट गंवाया। शेफाली वर्मा 13 गेंद पर 20 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें एश्ले गार्डनर ने लॉन्ग ऑन पोजिशन पर एनाबेल सदरलैंड के हाथों कैच कराया। टीम इंडिया से शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ओपनिंग करने उतरीं। ऑस्ट्रेलिया से मेगन शट ने पहला ओवर फेंका। ओवर में भारत ने 5 रन बनाए।

# लोखंडवाला के एक चौक का नाम श्रीदेवी को किया समर्पित




**मुंबई।** दिवगंत एक्ट्रेस श्रीदेवी के सम्मान में मुंबई के लोखंडवाला के एक जंक्शन को 'श्रीदेवी कपूर चौक' का नाम दिया गया है। श्रीदेवी जब जीवित थीं, तब इसी मार्ग पर वॉक करती थीं। उनकी अंतिम यात्रा भी यहीं से होकर गुजरी थी। इसके अलावा इसी मार्ग पर स्थित ग्रीन एकर्स टावर में श्रीदेवी रहा करती थीं।

आज श्रीदेवी के पति और मशहूर फिल्म मेकर बोनी कपूर ने अपनी छोटी बेटी खुशी कपूर और वेटरन एक्ट्रेस शबाना आजमी की मौजूदगी में इस चौक का अनावरण किया। बता दें, BMC और स्थानीय लोग की अनुशंसा और सहमति पर ही इस जगह को श्रीदेवी चौक का नाम दिया गया है। श्रीदेवी का निधन 24 फरवरी को रात करीब 11.30 बजे दुबई के जुमैरा एमिरेट्स टावर होटल के रूम नंबर 2201 में हुआ था। हालांकि, इंडिया में यह खबर 25 फरवरी की रात करीब 2 बजे पहुंची। 20 फरवरी को श्रीदेवी पति बोनी कपूर के भांजे मोहित मारवाह की शादी में शामिल होने दुबई गई थीं। शादी के बाद 22 फरवरी को कपूर परिवार मुंबई लौट आया, लेकिन श्रीदेवी वहीं रुक गईं। दो दिन बाद यानी 24 फरवरी को बोनी श्रीदेवी को सरप्राइज करने के लिए दोबारा दुबई पहुंचे। वे उन्हें डिनर पर ले जाना चाहते थे। पति-पत्नी ने करीब आधे घंटे बात की और फिर श्रीदेवी फ्रेश होने बाथरूम में चली गईं। लेकिन जब 15 मिनट तक वे बाहर नहीं आईं तो बोनी ने उन्हें दो-तीन बार आवाज दी। उसके बाद भी जवाब नहीं मिला तो उन्होंने बाथरूम में जाकर देखा। श्रीदेवी बाथटब में डूबी पड़ी थीं। शुरुआती दौर में मामला कार्डियक अरेस्ट का बताया गया।

# टीसीएस का गिरा 35,638 करोड़ का मार्केट–कैप

**मुंबई।** मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की टॉप-10 कंपनियों में से 7 की वैल्यू बीते हफ्ते कंबाइंड रूप से 1,22,107.11 करोड़ रुपए कम हुई है। इस दौरान टाटा कंस्ल्टेंसी सर्विसेज (TCS) टॉप लूजर रही। हफ्ते भर के कारोबार के दौरान कंपनी का मार्केट कैप 35,638 करोड़ रुपए कम होकर 15.02 लाख करोड़ रुपए रह गया है।

TCS के अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज दूसरी बड़ी लूजर रही। कंपनी का मार्केट कैप हफ्ते भर में 21,351.71 करोड़ रुपए गिरकर 18.55 लाख करोड़ रुपए रह गया है। इनके अलावा, ITC, हिंदुस्तान यूनिलीवर, LIC, ICICI बैंक और HDFC बैंक का मार्केट कैप भी कम हुआ है। वहीं, इस दौरान टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल टॉप गेनर रही कंपनी की वैल्यू इस दौरान 26,330 करोड़ रुपए बढ़कर 9.60 लाख करोड़ पर पहुंच गया। इसके अलावा, इंफोसिस और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) की वैल्यू भी बढ़ी है। बीते कारोबारी हफ्ते शेयर बाजार में 307 अंकों की गिरावट रही थी। वहीं, शुक्रवार (11 अक्टूबर) को सेंसेक्स 230 अंक की गिरावट के साथ 81,381 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 34 अंक की गिरावट रही, ये 24,964 के स्तर पर बंद हुआ। BSE स्मॉल कैप 246 अंक चढ़कर 56,600 के स्तर पर बंद हुआ।

# भारत ने अपना बेस्ट टी–20 स्कोर बनाया

एजेंसी

**हैदराबाद।** टीम इंडिया ने हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी और 6 विकेट खोकर 297 रन बना दिए। यह भारत का बेस्ट टी-20 स्कोर है, इससे पहले टीम ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 260 रन बनाए थे। यह टेस्ट प्लेइंग टीमों में भी बेस्ट स्कोर रहा। अफगानिस्तान ने 2019 में टी-20 मैच में आयरलैंड के खिलाफ 278 रन का स्कोर बनाया था।

टॉप टीमों में भी यह बेस्ट स्कोर रहा, इंग्लैंड ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ 267 रन बनाए थे। टी-20 में हाईएस्ट स्कोर का रिकॉर्ड नेपाल के नाम है, टीम ने 2023 में एशियन गेम्स में मंगोलिया के खिलाफ 314 रन बनाए थे।भारत ने अपनी पारी में 22 छक्के और 25 चौके लगाए। यानी टीम ने 47 गेंद पर बाउंड्री से ही 232 रन बना दिए। यह किसी भी टी-20 पारी में बाउंड्री के सहारे बने सबसे ज्यादा रन है। पंजाब ने पिछले साल भारत के घरेलू टूर्नामेंट में आंध्र प्रदेश के खिलाफ बाउंड्री से 216 रन बनाए थे। इंटरनेशनल में नेपाल ने बाउंड्री के सहारे मंगोलिया के खिलाफ 212 रन बनाए थे। भारत ने अपनी पारी में 47 बाउंड्री लगाईं, यह एक टी-20 पारी में लगीं सबसे ज्यादा बाउंड्री का रिकॉर्ड भी रहा। इससे पहले 2019 में चेक रिपब्लिक ने तुर्किए के खिलाफ 43 बाउंड्री लगाई थीं। पंजाब ने भी पिछले साल आंध्र प्रदेश के खिलाफ 43 बाउंड्री ही लगाई थीं। भारत ने पारी के पहले ओवर में 7 और 9वें ओवर में 9 रन बनाए। इसके अलावा, टीम ने सभी 18 ओवरों से 10 से ज्यादा रन बटोरे। एक टी-20 पारी में यह सबसे ज्यादा 10 प्लस रन के ओवर का रिकॉर्ड रहा। बांग्लादेश से दोनों बार मेहदी हसन ने ही 10 से कम रन दिए। 2016 में ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ 17 ओवरों में 10 प्लस रन बनाए थे। भारतीय टीम के ओपनर विकेटकीपर संजू सैमसन ने 40 ही गेंद पर शतक लगा दिया। वे 47 गेंद पर 111 रन बनाकर आउट हुए, इस पारी में 11 चौके और 8 सिक्स शामिल रहे। वह टी-20 में सेंचुरी लगाने वाले भारत के पहले ही विकेटकीपर बने। इससे पहले 2022 में ईशान किशन ने श्रीलंका के खिलाफ 89 रन का बेस्ट स्कोर बनाया था। संजू सैमसन की 40 गेंद पर सेंचुरी भारत के लिए दूसरी सबसे कम गेंदों पर सेंचुरी रही। उनसे पहले 2017 में रोहित शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ 35 ही गेंदों पर शतक लगा दिया था। भारत ने हैदराबाद में शुरुआती 10 ओवर में एक ही विकेट खोकर 152 रन बना दिए। यह शुरुआती 10 ओवर के बाद टीम का बेस्ट स्कोर रहा। इससे पहले शुरुआती 10 ओवर के बाद भारत का बेस्ट स्कोर 2017 में बना था, तब टीम ने श्रीलंका के खिलाफ 117 रन बनाए थे। ओवरऑल यह 10 ओवर के बाद तीसरा बेस्ट स्कोर रहा। ऑस्ट्रेलिया ने इसी साल स्कॉटलैंड के खिलाफ 9.4 ओवर में 156 रन बनाए थे। वहीं, एस्टोनिया की टीम 2024 में साइप्रस के खिलाफ 4 विकेट पर 154 रन बना चुकी है।






# परिवार के साथ श्रीलंका में जन्मदिन मनायेंगी पूजा हेगड़े

**जानीमानी** अभिनेत्री पूजा हेगड़े आज 34 वर्ष की हो गयी। पूजा हेगड़े का जन्म 13 अक्टूबर 1990 को मुंबई में हुआ।पूजा को स्कूल के दिनों से फैशन और मॉडलिंग का शौक था, इस कारण वह स्कूली और कालेज के दिनों से ही इन सभी प्रतियोगितायों में हिस्सा लिया करती थीं। पूजा हेगड़े ने मिस इंडिया 2009 प्रतियोगिता में भाग लिया, लेकिन मिस इंडिया टैलेंटेड 2009 का सम्मान जीतने के बावजूद शुरुआती दौर में ही बाहर हो गईं। उन्होंने अगले वर्ष फिर से आवेदन किया और मिस यूनिवर्स इंडिया 2010 प्रतियोगिता में दूसरी रनर-अप रहीं। इस प्रतियोगिता के बाद उन्हें दक्षिण की फिल्मों में मौका मिला। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2012 मे तमिल फिल्म मुगमोदो से की थी। इस फिल्म में उनके अभिनेता जीवाथे। उसके बाद वह वर्ष 2014 में तेलगु फिल्म ओका लैला कोसम में नाग चैतन्य के साथ दिखाई दीं। पूजा हेगड़े ने वर्ष 2016 में प्रदर्शित मोहनजोदाड़ो से बॉलीवुड में अपने सिने करियर की शुरूआत की। आशुतोष गोवारिकर के निर्देशन में बनी फिल्म मोहनाजोदाड़ो में पूजा हेगड़े ने ऋतिक रौशन के साथ काम किया। वर्ष 2019 में पूजा हेगड़े ने सुपरहिट हिंदी फिल्म हासउफुल में काम किया। वर्ष2021 में पूजा हेगड़े ने प्रभास के साथ फिल्म राधेश्याम और वर्ष 2022 में रणवीर सिंह के साथ फिल्म सर्कस में काम किया। वर्ष 2023 में पूजा हेगड़े ,सलमान खान के साथ फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान में नजर आयी। पूजा हेगड़ ने अपने सिने करियर में तमिल, तेलगु और हिंदी फिल्मों में काम किया है। पूजा हेगड़े को तेलुगु सिनेमा के सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक माना जाता है। पूजा हेगड़े अपने फाउंडेशन ऑल अबाउट लव के माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में देश भर के वंचित बच्चों को सहायता प्रदान करने की दिशा में काम करती है। वह वर्ष 2021 के लिए दक्षिण सिनेमा में इंस्टाग्राम पर फोर्ब्स इंडिया के सबसे प्रभावशाली सितारों में 7वें स्थान पर रहीं। पूजा हेगड़े की आने वाली फिल्मों में देवा, सूर्या 44 और थलपति 69 प्रमुख है।

जानीमानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े श्रीलंका में अपने परिवार के साथ जन्मदिन मनायेंगी। पूजा हेगड़े आज 34 वर्ष की हो गयी हैं। अपने खास दिन को यादगार बनाने के लिए, पूजा अपने व्यस्त शूटिंग शेड्यूल से एक अच्छी छुट्टी लेकर श्रीलंका जा रही हैं । मुंबई में अपने परिवार के साथ दशहरा मनाने के बाद पूजा हेगड़े अपना जन्मदिन मनाने के लिए श्रीलंका जा रही हैं। वर्ष 2025 पूजा हेगड़े के लिये महत्वपूर्ण वर्ष है।वह फिल्म देवा में शाहिद कपूर और सूर्या 44 में सूर्या के साथ नजर आयेंगी। इसके अलावा पूजा हेगड़े, अभिनेता थलपति विजय के साथ थलपति 69 में भी नजर आयेंगी।

# माही श्रीवास्तव, अक्षत रावत और प्रियंका सिंह का गाना 'टोना लागो ना रिलीज




**मुंबई।** माही श्रीवास्तव, अक्षत रावत और प्रियंका सिंह का गाना 'टोना लागो ना रिलीज हो गया है। वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी से प्रियंका सिंह, अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और अभिनेता अक्षत रावत का गाना 'टोना लागो ना' रिलीज किया गया है। गाने में एक छोटी ही सही लेकिन बड़ी प्यारी लव स्टोरी को दिखाया गया है। माही अपने प्यार को पाने और उसे देखने के लिए हर जगह पहुंच जाती हैं। वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स प्रस्तुत गाना 'टोना लागो ना' निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को प्रियंका सिंह ने गाया है। इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव और अक्षत रावत नजर आ रहे हैं। इस गाने को दुर्गेश भट्ट ने लिखा है, जबकि संगीतकार साजन मिश्रा हैं। मिक्स एंड मास्टर आर्यन ने किया है। वीडियो डायरेक्टर एवं डीओपी अरशद खान हैं।इस गीत का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स के पास है।

# रजनीकांत की फिल्म 'वेट्टैयन' ने पहले वीकेंड पर 81 करोड़ की कमाई की

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म 'वेट्टैयन' ने अपने पहले वीकेंड में तीन दिनों में भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म 'वेट्टैयन' में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आयी है। इस फिल्म को फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार 'वेट्टैयन ने रिलीज के पहले दिन 31.7 करोड़, दूसरे दिन 24 करोड़ और तीसरे दिन 26.1 करोड़ रूपये की कमाई की है। इस इस फिल्म ने भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और



अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती, फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।

